सेंसेक्स 73,635.48 ▲ +639.16
डॉलर 83.342 ▼ -0.029

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 36.0 | 20.0 | 26.0 |
| धनबाद | 38.0 | 20.0 | 31.0 |
| जमशेदपुर | 41.0 | 22.0 | 32.0 |
| पलामू | 38.0 | 20.0 | 30.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास


# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते




डालटनगंज (मेदिनीनगर), चैत्र कृष्ण पक्ष 7, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 01 अप्रैल 2024, वर्ष-30, अंक- 163, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय स्वच्छता का संदेश देती शीतला माता ... 8
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
चुनौतियों में फंसी कंगना की डगर नहीं ...12 देश/विदेश




# बड़े-बड़े सत्ताधारी जेल में, जमानत के लिए काट रहे चक्कर : पीएम



**मेरठ (एजेंसी)।** 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जीत की हैट्रिक लगाने के लिए रविवार को उत्तर प्रदेश के क्रांतिधरा मेरठ से चुनावी शंखनाद किया। रैली में पहुंचे लोगों को पीएम मोदी ने सबसे पहले अभिवादन किया और रैली में आने के लिए धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत माता की जय के साथ अपना संबोधन शुरू किया।पीएम मोदी ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यों की कीमत देश को आज तक चुकानी पड़ रही है। जब हमारे छोटे भाई चौधरी जयंत संसद में चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न की मांग करने के लिए बोलने लगे तो उन्हें रोकने का प्रयास किया गया। उनका अपमान किया गया। ऐसे लोगों को उनके क्षेत्र के घर-घर में जाकर माफी मांगनी चाहिए। चौधरी चरण सिंह ने किसानों के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

**भ्रष्टाचारियों पर एक्शन होगा, मोदी है झुकने वाला नहीं है :** पीएम मोदी ने कहा कि मैं भ्रष्टाचार पर कार्रवाई कर रहा हूं तो कुछ लोग अपना आपा खो बैठे हैं। मेरे प्यारे देशवासियों मैं कहता हूं कि मोदी की गारंटी रहती है। मोदी का मंत्र है, भ्रष्टाचार हटाओ! वह कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ!

उन्होंने कहा कि यह चुनाव दो खेमों की लड़ाई है। एक खेमा भ्रष्टाचार हटाने के लिए मैदान में है। दूसरा वह एक है जो भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए मैदान में है। पीएम मोदी ने कहा कि इन भ्रष्टाचारियों ने जिसका धन लूटा है, उनका धन मैं लौटा रहा हूं। इन लोगों ने मिलकर एक इंडी गठबंधन बना लिया है। इनको लगता है कि मोदी इससे डर जाएगा लेकिन, मेरे लिए मेरा भारत मेरा परिवार है। मैं अपने देश को भ्रष्टाचार से बचाने के लिए कदम उठाया रहा हूं। उनके खिलाफ एक बहुत बड़ी लड़ाई लडूंगा, इसलिए बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी आज सलाखों के पीछे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि बड़े-बड़े सत्ताधारियों को जमानत तक नहीं मिल रही है। इसलिए कई बड़े-बड़े भ्रष्टाचारियों को कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं और इसलिए आपने टीवी पर देखा होगा कि कहीं बिस्तर के नीचे से नोटों के ढेर निकल रहे हैं तो कहीं दीवारों से नोटों के ढेर निकल रहे हैं। अभी तो मैंने देखा कि वाशिंग मशीन में भी नोटों के ढेर निकले थे। यह मोदी की गारंटी है कि तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने पर काम हो रहा है। साथियों नमो ड्रोन दीदी योजना भी गांव में बहनों का भाग्य बदलने जा रही है। इसमें महिला स्वयं सहायता समूह को आधुनिक ड्रोन दिए जा रहे हैं। यह ड्रोन हमारी खेती का भविष्य बदलने वाले हैं। खेती का काम आसान करने वाले हैं। जब गांव की बेटियां ड्रोन पायलट बनेगी तो उनका गौरव भी बढ़ेगा और उनकी कमाई भी बढ़ेगी। किसानी भी सरल हो जाएगी।

**महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान की गारंटी :** लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को आरक्षण भी पहले असंभव लगता था लेकिन, अब नारी शक्ति अभिनंदन अधिनियम से सबकुछ संभव लगता है। चार करोड़ गरीबों को पक्के घर बना कर दिए, यह हमारी सरकार है, जो 11 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाकर महिलाओं की गरिमा की रक्षा की है। यह हमारी सरकार है जिसने ढाई करोड़ से ज्यादा घरों में बिजली कनेक्शन देकर उनके जीवन से अंधेरा दूर किया है। 10 वर्ष से देश में माता-बहनों और बेटियों के लिए सुविधा, सुरक्षा और सम्मान मिला है। आने वाले पांच वर्ष में नारी शक्ति की समृद्धि होने वाली है। देश में करोड़ों बहन और बेटियों को पहली बार उद्यमी बनाया है। पुलिस हो या फिर अर्ध सैनिक बल हो, इसमें आज बेटियों की संख्या दोगुना से अधिक हो चुकी है। मुद्रा योजना ने करोड़ों बहनों को पहली बार अपना बिजनेस शुरू करने का संबल दिया है। पिछले 10 वर्षों में 10 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं।

**हजारों मुस्लिम बहनों की जिंदगी बचा रहा तीन तलाक कानून : पीएम मोदी :** हमारे सेना के जवानों ने यह आशा छोड़ दी थी यह भी असंभव लगता था, लेकिन हमने न सिर्फ वन रैंक वन पेंशन लागू किया। हमने उनके हक में एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा दिया। तीन तलाक का कानून भी लोगों को असंभव सा लगता था। अब न सिर्फ यह कानून बन चुका है बल्कि यह हजारों मुस्लिम बहनों की जिंदगी बचा रहा है। जम्मू कश्मीर में धारा 370 कभी हटेगा यह भी असंभव लगता था लेकिन, धारा 370 को भी हमने हटाया है। पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का तेज विकास हो रहा है। इसीलिए आज लोग भाजपा को 370 सीटों का आशीर्वाद भी दे रहे हैं।

**अयोध्या में कभी राम मंदिर बनेगा लोगों को सपना लगता था : मोदी :** उन्होंने कहा कि कभी अयोध्या में राम मंदिर बनेगा ये लोगों को मुश्किल लगता था। लेकिन राम मंदिर बना और इस बार अवध में रामलला ने भी खूब होली खेली। ये मोदी गरीबी से टक्कर लेकर यहां पहुंचा है। इसलिए हर गरीब का दुख, हर गरीब की तकलीफ मोदी भली भांति समझता है। इसीलिए हमने गरीब की चिंता दूर करने के लिए योजनाएं बनाईं। गरीब को इलाज की चिंता न हो इसलिए पांच लाख वाली आयुष्मान योजना बनाई। केंद्र ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## देश और झारखंड में भाजपा की विचारधारा को पनपने नहीं देंगे : चंपाई सोरेन



**रांची।** लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को विपक्षी इंडी गठबंधन की महारैली में विपक्षी गठबंधन का नारा 'तानाशाही हटाओ, लोकतंत्र बचाओ' रहा। इस दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी समेत कई विपक्षी नेताओं ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। रैली में झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने आरोप लगाया कि ईडी और सीबीआई का केंद्र गलत इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड से ही लोकतंत्र को बचाने का बिगुल बजेगा। मुख्यमंत्री चम्पाई ने कहा कि आज जिस जमीन के नाम पर हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया गया, उस जमीन का कहीं भी किसी कागज में जिक्र नहीं है। झारखंड में हेमंत सोरेन ने पिछड़े वर्गों और समुदायों का जो उत्थान किया, उससे भाजपा के पेट में दर्द शुरू हो गया। यही लड़ाई ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## कल्पना सोरेन ने भी भरी हुंकार



**नई दिल्ली।** रैली को संबोधित करती कल्पना सोरेन ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग इनके खिलाफ बोलते हैं उन्हें जेल के अंदर डाला जा रहा है। जो लोग उनकी पार्टी में आ रहे हैं उन्हें माफ किया जा रहा है। विपक्ष के नेताओं को बेवजह परेशान किया जा रहा है। किसी ने कोई घोटाला नहीं किया, उसके बावजूद भी किस तरह से विपक्ष के सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को परेशान किया जा रहा है, झूठे मामलों में जेल के अंदर किया जा रहा है, ईडी के द्वारा जबरदस्ती रेड करवाई जा रही है, सीबीआई जांच करवाई जा रही है, सरकारी तंत्र का दुरुपयोग किया जा रहा है।दिल्ली की सीएम अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद पहली बार राजनीति में कदम रखते हुए उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल मंच पर दिखीं। विपक्षी गठबंधन की महारैली को संबोधित ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## राष्ट्रपति ने लालकृष्ण आडवाणी को आवास पर जाकर दिया भारत रत्न



### इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति धनखड़, पूर्व उपराष्ट्रपति नायडू रहे मौजूद

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को उनके आवास पर जाकर भारत रत्न से सम्मानित किया। इस अवसर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी उपस्थित रहे।

राष्ट्रपति कार्यालय से सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी गई। इसके अनुसार राष्ट्रपति ने लालकृष्ण आडवाणी को उनके आवास पर जाकर भारत रत्न प्रदान किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और आडवाणी के परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

एक दिन पहले यानी शनिवार को राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन में दो पूर्व प्रधानमंत्रियों चौधरी चरण सिंह एवं पीवी नरसिम्हा राव और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर एवं वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया। इन विभूतियों के स्वजनों ने राष्ट्रपति से भारत रत्न सम्मान प्राप्त किया। आडवाणी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और नानाजी देशमुख के बाद ये सम्मान पाने वाले भाजपा एवं संघ परिवार से जुड़े तीसरे व्यक्ति हैं। आडवाणी ने सात दशक से अधिक समय तक अटूट समर्पण और असाधारण कौशल के साथ देश की सेवा की है। वर्ष 1927 ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## शिबू सोरेन ने दिया कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को जीत का आशीर्वाद



**खूंटी।** खूंटी (सु) संसदीय सीट से लोकसभा चुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन से उनके आवास पर मुलाकात की। दिशोम गुरु ने कालीचरण मुंडा को जीत का आशीर्वाद दिया। कालीचरण मुंडा ने बताया कि मुलाकात के दौरान संगठन और लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। दिशोम गुरु ने चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया और जीत के लिए शुभकामनाएं दी। दिशोम गुरु ने कहा कि झामुमो के सभी कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव में पूरी मेहनत और लगन के साथ मदद करेगा।

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 82923 73444 संपर्क करें।

### पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 67,650
चांदी (किलो) 75,150

## एक नजर

### वज्रपात से युवती की मौत, एक घायल

**नीलांबर पीतांबरपुर।** थाना क्षेत्र के कोईरीपतरा गांव में वज्रपात से सोनी कुमारी पिता मुन्ना पासवान (16 वर्ष) की की मौत हो गई। जबकि प्रिया रानी (14वर्ष) पिता विजय विश्वकर्मा घायल हो गई। घटना रविवार की संध्या लगभग 4 बजे की है। जानकारी के मुताबिक सोनी कुमारी व प्रिया रानी खेत में घास काटने गई थी। अचानक बारिश के साथ खेत में ही वज्रपात हो गया। घटना की सूचना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायल बच्चियों को आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सीएचसी लेस्लीगंज पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांच पड़ताल के बाद सोनी कुमारी को मृत घोषित कर दिया।

### आज के मैच



समय : 01अप्रैल, 7:30 बजे से
स्थान : मुंबई

### आजकल




धर्मेंद्र व्यास

आइएएस अधिकारियों के नाम से 'फेक' अकाउंट बना रहे हैं साइबर अपराधी

## रांची उपायुक्त के बाद लातेहार डीसी के नाम पर बना 'फेक' अकाउंट

- **रांची एवं लातेहार डीसी ने की अपील, ना करें ट्रांजेक्शन, तुरंत रिपोर्ट करें**
- **वाट्सएप पर 'फेक' अकाउंट से मैसेज कर पैसे मांग रहे हैं साइबर अपराधी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/लातेहार।** साइबर अपराधी राज्य के आइएएस अधिकारियों के नाम से वाट्सएप पर 'फेक' अकाउंट बनाकर लोगों से पैसों की मांग कर रहे हैं। रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के नाम से वाट्सएप पर 'फेक' अकाउंट बनाने के बाद साइबर अपराधियों ने लातेहार की उपायुक्त गरिमा सिंह के नाम से भी 'फेक'अकाउंट बनाया है। उपायुक्त लातेहार ने उनके नाम से 'फेक' अकाउंट बनाए जाने की जानकारी देते हुए एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि फेक मोबाइल नंबर 7874086569 से किसी भी प्रकार का वाट्सएप मैसेज आने पर सावधान हो जाएं। इसकी सूचना तुरंत साइबर थाना या निकटतम थाने को दें, ताकि साइबर सेल की ओर से त्वरित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने आमजनों से अपील की है कि किसी नए या अनजाने नंबर से कॉल या मैसेज के माध्यम से राशि की मांग किए जाने पर विशेष सावधानी बरतें। रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने भी आमजनों को सावधान करते हुए से अपील की है कि सोशल मीडिया पर उनके नाम पर किसी तरह का मैसेज आने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड की सलीमा टेटे को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का अवॉर्ड



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हॉकी इंडिया के छठे वार्षिक पुरस्कार-2023 का आयोजन रविवार को दिल्ली में किया गया। इसमें झारखंड की सलीमा टेटे को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सलीमा को हॉकी इंडिया की ओर से 25 लाख का चेक दिया गया। पुरुषों में हार्दिक सिंह को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाडी.के रूप में सम्मानित किया गया। इस वर्ष हॉकी इंडिया की ओर से आठ श्रेणियों कुल 32 खिलाड़ियों को वार्षिक पुरस्कारों के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया, जिनके बीच कुल 7.56 करोड़ की राशि दी गई। सलीमा टेटे के अलावा झारखंड की दीपिका सोरेंग को अपकमिंग प्लेयर ऑफ द ईयर (अंडर-21 महिला) के लिए असुंता लकड़ा अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, जिसके तहत हॉकी इंडिया की ओर से 10 लाख रुपये का चेक दिया गया।

हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार-2023 के लिए सम्मानित खिलाड़ी वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (पुरुष) के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## पीएलएफआई का उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पिठोरिया थाने की पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के सक्रिय सदस्य सूरज महतो उर्फ सूरज गोप को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक पिस्टल, दो लोडेड मैगजीन, 10 गोली, दो मोबाइल फोन, 10 उग्रवादी पर्चा, एक बैग, वाहन रजिस्ट्रेशन कार्ड, पैन कार्ड और आधार कार्ड बरामद हुआ है। इसके अन्य तीन सहयोगी रात तथा जंगली क्षेत्र होने का लाभ उठाकर भाग गये। दस लाख रुपये की लेवी नहीं देने पर पीएलएफआई के सूरज महतो, कृष्णा यादव आदि ने एक मार्च को पिठोरिया के सांगा में क्रशर में आगजनी की घटना को अंजाम दिया था।

रांची के एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में लेवी के लिए क्रशर में आगजनी मामले का खुलासा करते हुए बताया कि एक पीएलएफआई उग्रवादी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पिठोरिया थाना क्षेत्र में पीएलएफआई उग्रवादियों के जरिये घटना को अंजाम दिए जाने की सूचना प्राप्त हुई। ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में क्यूआरटी टीम को शामिल करते हुए पिठोरिया थाना के मुरैठा से उग्रवादी सूरज महतो को गिरफ्तार किया गया। वह रातू थाना चिलदाग का रहने वाला है। गिरफ्तार उग्रवादी ने पूछताछ में मुरैठा में आपराधिक सहयोगियों में कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान, रंजन महतो उर्फ रंजन गोप, बब्लु गंझू के उपस्थित रहने की बात बताई है। उसने पुलिस को स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि वह प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई का सक्रिय सदस्य है। वह एरिया कमांडर कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान के नेतृत्व में उग्रवादी घटनाओं में शामिल रहा है। सूरज महतो ने बताया है कि संगठन के क्रियाकलापों की गोपनीयता बरतने के लिए वह अपने संगठन के सभी सदस्यों और एरिया कमांडर कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान से जंगी एप के माध्यम से बातचीत करता है।

गिरफ्तार उग्रवादी ने बताया कि एक मार्च की रात को सांगा गांव स्थित हकीम अंसारी के स्टोन क्रशर प्लांट में आगजनी की घटना कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान के नेतृत्व में किया गया था। इस घटना में वह भी शामिल था। क्रशर मालिक से कृष्णा यादव के जरिये दस लाख रुपये लेवी की मांग की गई थी, जिसे नहीं देने पर आगजनी की घटना में क्रशर प्लांट में खड़े हाइवा वाहन, लोडर एवं जेनरेटर में आग लगा दिया गया था। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी के खिलाफ सात मामले दर्ज हैं।

## इंडिया

## मूर्ख दिवस -जब समाचारों को भी मजाक समझा गया



सुनील बादल

**पहली** अप्रैल यानी मूर्ख दिवस के दिन एक दूसरे को मूर्ख बनाने का चलन है,वैसे चुनाव के मौसम में अब आधुनिक मतदाता भी हर उम्मीदवार को वोट देने का आश्वासन देकर मूर्ख बनाएंगे वैसे फेसबुक पर कुछ बुजुर्ग तक लड़का बनकर और कुछ लडकी बनकर साऊथ के फिल्मी हीरो-हीरोइन की फोटो लगाकर मनोरंजन के लिए टाइम पास करते हैं और अप्रैल फूल बनाने का प्रयास सालों भर करते हैं ।दूसरी ओर स्वस्थ मनोरंजन के लिए जाने जानेवाले निमार्ता निर्देशक मुखर्जी ने वर्ष 1964 मे अप्रैल फूल बनायी थी। विश्वजीत और सायरा बानो जैसे सितारों से सजी इस फिल्म के गीत उन दिनो काफी लोकप्रिय हुये थे।शंकर जयकिशन के संगीत निर्देशन में मोहम्मद रफी की आवाज मे हसरत जयपुरी रचित फिल्म का टाईटिल गीत अप्रैल फूल बनाया तो उनको गुस्सा आया आज भी लोकप्रिय है। एक मित्र हैं उनका कहना है कि हम सभी अपने को बुद्धिमान समझते हुए यह मान कर चलते हैं कि दुनिया की आधी बुद्धि मेरे पास है और बाकी आधी में से पूरी दुनिया के पास ।क्या हम इस गलतफहमी के कारण सालों भर मूर्ख दिवस नहीं मनाते? 2010 में ब्रिटिश अखबार द सन ने अपने नये 'स्क्रैच एंड स्निफ' पेपर के बारे में सादे अखबार का एक सैम्पल देते हुए एक लेख प्रकाशित किया। इसके कारण बहुत से पाठकों ने सुगंध को सूंघने के लिए पेपर को नाक से लगाकर सूंघा।इस दिन समाचार पत्रों के समाचार को भी को भी मजाक समझा गया था -1 अप्रैल, 1946 को एलुइतन द्वीप पर आये भूकंप और सुनामी ने हवाई और अलाकासा में 165 लोगों की जान ले ली थी जबकि एक सुनामी वार्निंग सिस्टम तैयार किया गया। इस सुनामी को हवाई में अप्रैल फूल डे सुनामी के रूप में जाना गया क्योंकि लोगों ने इस चेतावनी एक अप्रैल फूल का मजाक भर समझा और कई जानें चली गईं थी। 1979 में ईरान ने 1 अप्रैल को अपने राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा की थी। तीस सालों के बाद भी इसे एक मजाक ही समझा जाता है। 1 अप्रैल, 1984 को गायक मार्विन गाए को उनके पिता ने गोली मार दी थी। लोगों ने विशेष तौर पर एक पिता को हत्यारा बताने के कारण, इसे एक झूठी न्यूज स्टोरी समझ लिया। 1 अप्रैल 1993 को नैस्कार विंस्टन कप सिरीज के चैम्पियन एलान कुल्विक्सी एक हवाई दुर्घटना में मारे गये थे जिसमें ट्राई-सिटीज एयर पोर्ट के पास ब्लौंटविले, टेनेसी में हूटर्स औफ अमेरिका के एग्जीक्यूटिव शामिल थे। स्क्वायर और इसकी प्रतिद्वंद्वी कंपनी एनिक्स का विलय 1 अप्रैल, 2003 को किया गया था और इसे एक जोक समझा गया। जीमेल के 1 अप्रैल को लांच होने को एक मजाक समझा गया था, क्योंकि गूगल पारंपरिक तौर पर हर 1 अप्रैल को अप्रैल फूल्स डे के होक्स जारी करती है, और घोषित किया गया 1 जीबी का ऑनलाइन स्टोरेज उस समय मौजूदा ऑनलाइन ईमेल सेवा के लिए बहुत ही ज्यादा था । गूगल से सम्बंधित दूसरी घटना जिसे एक हॉक्स नहीं समझा गया 1 अप्रैल 2007 को हुई जब गूगल के न्यूयॉर्क सिटी ऑफिस के कर्मचारियों को अलर्ट किया गया था कि एक इंजीनियर के क्यूबिकल में रखा गया एक बॉल पाइथन सांप भाग गया है इस अंदरूनी ई मेल को भी मजाक समझा गया। 1 अप्रैल, 2009 को कॉनफिकर नामक एक वायरस / वर्म लाखों कम्प्यूटरों में घुस गया और निजी जानकारियों को खंगालना और फाइलों को मिटाना शुरू कर दिया। इसको एक मजाक समझा गया था लेकिन समूचे अमेरिका में अनगिनत कम्प्यूटरों पर इसका प्रभाव पड़ा । वैसे आजकल साइबर अपराधी सालों भर लोगों को मूर्ख बनाने का प्रयास करते हैं जैसे उनके घर की बिजली काट दी जाएगी, लाखों का इनाम निकला है, उनका एकाउंट बंद हो गया है से लेकर ताजा घटना दुमका की है जब किसी पाकिस्तानी नंबर से एक वकील साहब को फोन आय जिसमें पुलिस वाले की फोटो लगी थी कि उनके बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पर चूंकि वे एडवोकेट थे इसलिए निडरता से बात की और बच गए अन्यथा अच्छे पढे लिखे लोग ओटीपी बताकर या लिंक पर क्लिक कर लुट चुके हैं। अच्छा यही है कि बातों को ही नहीं सामने वाले को भी परखा जाए और सावधानी रखी जाए तभी हम मूर्ख बनाते मूर्ख बनने से बच सकते हैं।



## सड़क हादसा में जवान की दर्दनाक मौत, गांव में छाया मातम

**नौडीहा बाजार।** प्रखंड के नावाटांड पंचायत के युगल किशोर यादव के 31 वर्षीय पुत्र वरुण कुमार यादव की हरिहरगंज जाने के क्रम मे सुबह करीब 6 बजे ढाब में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि वरुण कुमार यादव अपने भाई के साथ ट्रेन पकड़ने के लिए अनुग्रह नारायण रेलवे स्टेशन जा रहा था। इसी बीच ऑटो आई गई, और बाइक रुकवा कर ऑटो पकड़ने के लिए रुका, तभी विपरीत दिशा से आ रही हाइवा ने अपने चपेट ले लिया। जिससे वरुण कुमार यादव की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। वह आर्मी में कुक मैन के पद पर कार्यरत था। उन्होंने होली के पर्व में अपने घर आया हुआ था और छुट्टी बिता कर ड्यूटी ज्वाइन करने जा रहा था। घटना के सूचना मिलते ही पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जा में लिया। शव की पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मेदिनीनगर भेज दिया।

## एक नजर

### प्रमुख ने किया शिशु केयर क्लीनिक का उद्घाटन



**पांकी।** पांकी मेदिनीनगर मुख पथ गजबोर स्थित शिशु केयर क्लिनिक का उद्घाटन पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद, उप प्रमुख अमित कुमार चौहान ने उद्घाटन किया। मौके पर प्रमुख पंचम प्रसाद ने कहा कि शिशु केयर किलनिक खुलने से यहां का स्थानीय शिशु को इलाज कराने में सहूलियत होगी। मौके पर पंचायत समिति सदस्य मिथिलेश यादव, पपु यादव, डॉक्टर सोनू कुमार, रूपेश कुमार, परवीन कुमार, आरती कुमारी, वंदना कुमारी, किसोर कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### जैप मुख्यालय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन



**नीलांबर-पीतांबरपुर।** जैप-8 वाहिनी मुख्यालय परिसर में एसआई सत्गुण टोपनो व हवलदार अर्जुन प्रसाद यादव के रिटायर होने पर रविवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जैप के पदाधिकारी व जवानों ने रिटायर हुए एसआई एवं हवलदार को फूल माला व उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष रंजीत कुमार ने कहा कि सरकारी सेवा में सेवानिवृत्ति एक नियमित प्रक्रिया है। इससे एक दिन सभी सरकारी सेवकों को गुजरना पड़ता है। लेकिन जो पदाधिकारी या जवान सेवा काल के दौरान अपने कार्य एवं दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक करते हैं। उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। विदाई समारोह में एसआई दिनेश सिंह,अभय कुमार,सैनसंन दिलबर भेंगरा,पुलिस मेंस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह,केंद्रीय सदस्य द्वारका प्रसाद महतो सहित कई पदाधिकारी व जवान शामिल थे।

### अवैध जमाबंदी रदद् अतिक्रमण हटाने का निर्देश

**नावाबाजार।** पलामू जिला के नावाबाजार अंचल स्थित तुकबेरा महादेव बांध, वधौता बांध, ब्रहमदेवता बांध व बघौता देव स्थल का अतिक्रमण कर लिया गया है। जिसे नावाबाजार अंचलाधिकारी ने उक्त भूमि के विरूद्ध बिहार भूमि सुधार अधिनियम 1951 के धारा 4एच के तहत अवैध जमाबंदी चिन्हित कर जमाबंदी रदद् करते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। तुकबेरा में महादेव बांध, वधौता बांध, ब्रहमदेवता बांध व बघौता देव स्थल का अतिक्रमण कर लिया गया है। जिसकी शिकायत । कर अतिक्रमण की जांच करते हुए अतिक्रमण मुक्त करवाने का आग्रह किया गया था। बांध का अतिक्रमण कर लिए जाने के कारण जलसंचय नहीं हो पा रहा। जो पूर्व में कृषि कार्य के लिए उपयोग में लाया जाता था।

शिकायत के बाद जांच के नाम होती है महज औपचारिकता पूरी

# मनरेगा में मजदूरों की जगह हो रहा जेसीबी का इस्तेमाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों मनरेगा का काम मजदूरों की बजाय मशीनों से कराया जा रहा है। ऐसे में मजदूर काम के अभाव में अपने घर परिवार भी नही चला पाते हैं। मनरेगा कर्मियों व पंचायत प्रतिनिधियों की जुगलबंदी का आलम है कि दर्जनों मजदूरों की पेट पर लात मार देते है। प्रखंड क्षेत्र में चल रहे मनरेगा योजनाओं के कार्य में जेसीबी मशीन का उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। जिसके कारण स्थानीय ग्रामीण मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है और वे पलायन करने को मजबूर हो रहे है। बताया जाता है कि प्रखंड के सभी आठों पंचायत में मनरेगा योजना के द्वारा कुआं, डोभा आहर आदि के कार्यो में मजदूरों से नहीं कराकर जेसीबी मशीन से खोदाई कराई गई है। मनरेगा योजना का एग्रीमेंट से पूर्व ही जेसीबी मशीन से कार्य करा लिया जाता है। बाद में पीआरएस के द्वारा सारी प्रक्रिया पूरी की जाती है। इस मामले को लेकर प्रखंड व लोकपाल से शिकायत भी किया जाता रहा है। लेकिन जांच के नाम केवल औपचारिकता पूरी की जाती रही है। लोकपाल



के द्वारा स्थलीय निरीक्षण के क्रम में जेसीबी के उपयोग व बिना कार्य कराए पैसों की निकासी का साक्ष्य भी मिलें हैं। बावजूद किसी पर कोई कार्रवाई नहीं होता। नावाबाजार जिला परिषद सदस्य रीना देवी ने कहा कि मनरेगा योजना में इतनी बड़ी लापरवाही की जा रही है मगर अधिकारियों की ओर से इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे न सिर्फ बेरोजगारी बढ़ रही, बल्कि सरकारी कार्यालयों में अराजकता भी बढ़ रही है। वहीं अभियंता कार्यस्थल का निरीक्षण किए बिना एमबी संधारित कर योजना को पास करते हैं। इस तरह वरीय पदाधिकारियों की आंखों मे धूल झोंककर मनरेगा योजना के साथ-साथ मजदूरों की रोटी से भी खिलवाड़ कर कर्मी व पंचायत प्रतिनिधि चांदी काट रहे हैं। वहीं मजदूरों को रोजगार नहीं मिलने से उनके परिजनों के सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

### कांग्रेस प्रदेश सचिव के बोर्ड लगी गाड़ी पर प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनाबाद।** शनिवार को हुसैनाबाद अंचलाधिकारी सह निर्वाचन निबन्धन पदाधिकारी पंकज कुमार ने प्रदेश सचिव कांग्रेस पार्टी के नेम प्लेट बोर्ड लगे वाहन पर हुसैनाबाद थाना में आदर्श आचार संहिता से संबंधित प्राथमिकी दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार हुसैनाबाद के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता धनंजय तिवारी अपने गाड़ी पर पूर्व से प्रदेश सचिव कांग्रेस कमेटी झारखण्ड के नेमप्लेट बोर्ड लगाये थे, जो शनिवार को लगभग दोपहर अपनी बेटी के साथ में कुछ जरूरी कागजात बनवाने अनुमंडल कार्यालय हुसैनाबाद पंहुचे। जिसके बाद उक्त बोर्ड लगी गाड़ी की शिकायत की ध्यानाकर्षण कोई एसडीएम से शिकायत कर दी। फिर एसडीएम पीयूष सिन्हा के निर्देश पर अंचलाधिकारी सह निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी पंकज कुमार ने उक्त गाड़ी का तस्वीर खींच कर आदर्श आचार संहिता उलंघन के मामले में हुसैनाबाद थाना में मामला दर्ज करा दिया।

नगर पंचायत में गर्मी शुरू होते ही आधे से अधिक जलमीनार खराब

## हुसैनाबाद : पेयजल का संकट गहराया



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद नगर पंचायत के वार्ड नंबर नौ में छह माह से जलमीनार खराब पड़ा है। जिससे पीने के पानी के लिए वार्ड वासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोग आधा किलोमीटर दूर से दूसरे वार्ड से पानी भरने के लिए विवश है। नगर पंचायत के निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ने बताया कि हुसैनाबाद सिटी के 16 वर्डों में जल मिशन योजना के तहत 35 जलमीनार लगाया गया था, परंतु विभागीय देखरेख के अभाव में आधे अधिक खराब हो गया है। जबकि इसकी मरम्मत का कार्य संवेदक को ही देखना था। लेकिन जलमीनार लगाने के बाद ही खराब हो गये। जिसके कारण गर्मी में पेयजल संकट गहराने लगा हैं। यह जलमीनार छह माह से खराब पड़ा है। जबकि इससे वार्ड के अलावा राहगीर भी पानी पीते थे। उधर जेएमएम नेता सह सामाजिक कार्यकर्ता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान ने बताया कि इससे 500 की आबादी प्रभावित हो रही है। उन्होंने बताया कि कार्यपालक पदाधिकारी विपुल शन्नी से कई बार जानकारी देकर इसकी मरम्मती कराने की बात कहीं गयी थी। बावजूद इसके अबतक इसकी मरम्मत कार्य नहीं नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि वे पलामू डीसी से मिलकर इसकी शिकायत करेंगे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुरू किया जनसंपर्क अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**



**हैदरनगर।** पलामू निवर्तमान सांसद विष्णु दयाल राम के दिशा निर्देश के तहत हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में लाभार्थी जनसंपर्क अभियान रविवार से शुरू किया गया है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं तक केन्द्र सरकार के कई भावी योजनाओं से आच्छादित ग्रामीणों व वंचित लोगों का भी जाएजा लेने में जुटी है। इस अभियान में जुटे पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. अजय जायसवाल, रामप्रवेश मेहता, संतन चौधरी, मंटू मेहता, अर्जुन प्रजापति ने बताया कि लोगों से मिलने के क्रम में संभावित मतदाताओं के घर पर पीएम नरेन्द्र मोदी के प्रणाम संदेश पहुंचाने के अलावा उनकी विगत कार्यकाल में देशहित में किये कार्य व उपलब्धियों की जानकारी देकर उन्हें पुनः आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को पूरी बहुमत से मत देकर देश को मजबूत बनाने के प्रति प्रेरित किया जा रहा है।

भाजपा की बूथ स्तरीय बैठक में लोकसभा चुनाव पर चर्चा

## भाजपा कार्यकर्ता व नेता एकजुट होकर करें काम : आलोक चौरसिया

### सभी मंडल अध्यक्षों को अपने-अपने मंडल में कार्य बांटा गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** पांकी विधानसभा स्तरीय भाजपा की बुथ स्तरीय कार्यकर्ता बैठक मे लोकसभा चुनाव पर चर्चा किया गया। सभी मण्डल अध्यक्षो को अपने अपने मण्डल में कार्य बांटा गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए पांकी विधानसभा प्रवासी प्रभारी आलोक चौरसिया ने कहा कि पार्टी ने एक कार्यकर्ता को टिकट दिया है। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनाव जितने का काम करें एवं दिल्ली में भाजपा की सरकार बनायें। चौरसिया ने कहा कि सभी मण्डल अध्यक्ष अपने-अपने मण्डल में चुनाव संबंधित कार्य शुरू करें एवं मण्डल की बैठक करें। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने की और संचालन महामंत्री श्याम नंदन ओझा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विजय ठाकुर ने किया।



बैठक में मुख्य रूप पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता, पांकी भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, अजीत गुप्ता, साधु मांझी,मंजू लाता, अक्षय कुमार, कुंदन सिंह, लोहरसी मंडल अध्यक्ष, तरहसी मंडल अध्यक्ष, मनातू मंडल अध्यक्ष, लेस्लीगंज मंडल अध्यक्ष, सहित तमाम मंच मोर्चा का अध्यक्ष और कार्यकर्ता गण भारी संख्या में उपस्थित थे।

## सड़क निर्माण में बड़े पैमाने पर अनियमितता की शिकायत

**नीलांबर-पीतांबरपुर।** प्रखंड कार्यालय से कुटी घर तक बन रहे पीसीसी सड़क निर्माण में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती जा रही है। सड़क निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग डाल्टनगंज के द्वारा लगभग 73 लाख की लागत से कराया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों की माने तो संवेदक द्वारा सड़क की गुणवत्ता का तनिक भी ख्याल नहीं रखा जा रहा है। सड़क निर्माण कार्य में 20 एमएम के जगह 30-40 एमएम के चिप्स का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा है। सीमेंट भी काफी कम मात्रा में डाला जा रहा है। साथ ही बालू के जगह क्रशर के डस्ट लगाया जा रहा है। इतना ही नहीं विरोध करने पर संवेदक द्वारा ग्रामीणों को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जा रही है। जिससे स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीण कार्य विभाग डाल्टनगंज के कनीय अभियंता संजीत कुमार ने भी पीसीसी ढलाई में संवेदक द्वारा चिप्स के जगह मेटल के इस्तेमाल करने की बात स्वीकार किया है। कनीय अभियंता ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सड़क की ढलाई में 20 के जगह 40 एमएम का मेटल लगाया जा रहा था। जिसके बाद संवेदक को काम बंद करने को कहा गया है। बावजूद यदि जबरन मेटल से ढलाई कराया जा रहा है तो संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई के लिए वरीय पदाधिकारियों को लिखा जाएगा। इस बारे में सहायक अभियंता गौतम कुमार से पूछने पर बताया कि अभी चुनाव ड्यूटी की वजह से उन्हें समय नहीं मिल पा रहा है।

वर्मा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मातृ सम्मेलन

## विद्यार्थियों के संस्कार के लिए परिवार प्रथम पाठशाला है : आनंद पूंज वर्मा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** पलामू जिला के पांकी प्रखंड अंतर्गत कोनवाई पंचायत के हरिओम नगर में स्थित वर्मा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मातृ सम्मेलन सह परीक्षा फल प्रकाशन का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यार्थियों के माता समेत आस-पास के अनेकों शिक्षकग मौजूद थे। इस आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोनवाई पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि वृजदेव सिंह, पूर्व मुखिया प्रमोद सिंह, शिक्षक तालकेश्वर सिंह, प्रेमसागर सिंह, लौरीक सिंह, देवराज मोची, जहागीर शाह संयुक्त रूप से मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती की वंदना के साथ शुभारंभ हुआ। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया प्रतिनिधि वृजदेव सिंह ने कहा कि विद्यार्थी के प्रथम गुरु मां होती है। उसे बच्चे को माता सीता, जीजा बाई व जैवन्ता बाई जैसे शिक्षा देना चाहिए ताकि लवकुश, शिवाजी व प्रताप जैसे वीर देश भक्त संतानों का निर्माण हो सके। इधर



मौके पर उपस्थित कोनवाई हाईस्कूल के प्रधानाध्यापक देवराज मोची ने बड़ी संख्या में कार्यक्रम सभागार में उपस्थित माताओ को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा व अच्छे संस्कार देकर देशभक्त नागरिक बनाने का काम गुरु से ज्यादा मां का होता है। उन्होंने सभी से आदर्श मां बनकर देश धर्म की रक्षा के लिए घर परिवार को स्वर्ग बनाए रखने का आव्हान करते हुए कहा कि मां चाहे तो बालक को संन्यासी बना सकती है मां चाहे तो बालक को सम्राट बना सकती है। बालक के संपूर्ण विकास के लिए यह आवश्यक है कि हम अपने हाथों से बना भोजन ही बालकों को प्रेम पूर्वक खिलाये तथा मां अपने बेटे को मित्र बनाकर उनकी देखभाल करें। वहीं इस विद्यालय के प्रधानाध्यापक आनंद पूंज वर्मा ने बालकों के सुसंस्कार के लिए परिवार को प्रथम पाठशाला बताया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंद पुंज वर्मा, सुनील विश्वकर्मा, छोटू रवि, नित्यानंद पुंज वर्मा, सदमा कुमारी, अनरुपा कुमारी, स्वाती पुंज वर्मा, प्रवीण कुमार रवि समेत सैकड़ों की संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में पढ़ने वाले छात्राओं ने रंगारंग-सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए।

## भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन, एकजुटता पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** रविवार को पाटन में पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के पाटन मंडल के विधानसभा वार कार्यकर्ता सम्मेलन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पलामू संसदीय क्षेत्र के प्रभारी विनय लाल, पलामू संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं वर्तमान के विष्णु दयाल राम, छतरपुर विधानसभा के विधायक पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज कुमार, उपस्थित थे। सभी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि अबकी बार और अनगिनत मतों से तीसरी बार बीजेपी की सांसद बनाएंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने किया। मौके पर बीजेपी के जिला उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, भोला सिंह, अरुण दुबे, ईश्वरी पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, नरेश यादव, संतोष पाठक, संतोष पाण्डेय, प्रयाग विश्वकर्मा, सुजाता सिंह, राकेश पाण्डेय, धर्मेंद्र पाठक व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## राजबली बने नावाबाजार विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** विश्व हिंदू परिषद की बजरंग दल जिला कमेटी के द्वारा राजबली राम को नावाबाजार प्रखंड का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। साथ हीं कार्यभार की जिम्मेवारी सौंपी गई। इसे ले जिला कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। जहां नावाबाजार प्रखंड क्षेत्र में बजरंग दल सदस्य के रूप में राजबली राम के बेहतर कार्य की सराहना की गई। वहीं बेहतर कार्य को देखते हुए प्रखंड अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी गई। साथ ही जिला कमेटी के द्वारा बतौर प्रखंड अध्यक्ष अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं मनोनीत अध्यक्ष राजबली राम ने कहा कि एक सदस्य के रूप में वर्षों से समाज हित में कार्य करते रहे हैं। आगे भी मिले जिम्मेवारी का निर्वहन करते हुए बेहतर कार्य करने का प्रयास होगा। साथ ही सक्रिय कार्यकर्ता की टीम खड़ा कर और भी बेहतर कार्य की दिशा में पहल किया जाएगा। वहीं राजबली राम ने अध्यक्ष बनाए जाने को लेकर प्रखंड के सभी पंचायत कमेटी सहित प्रखंड व जिला कमेटी के पदाधिकारियों के प्रति आभार प्रकट किया।

### पांच वारंटी गिरफ्तार, गये जेल

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज पुलिस ने फरार वारंटीयों के खिलाफ अभियान चलाकर पांच वारंटी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि कांड संख्या 126/ 23 के अभियुक्त तरवन खुर्द गांव निवासी बाबूलाल भुइयां पिता अंतू भुईयां, कांड संख्या 9/ 22 कि अभियुक्त दुबरिडीह गांव निवासी अमरेश यादव, कमलेश यादव पिता स्व. घनश्याम यादव, शांति देवी पति घनश्याम यादव तथा महेंद्र राम पिता चमरू राम अंबा गांव निवासी को जेल भेजा गया है। सभी के विरुद्ध न्यायालय से वारंट निर्गत था जो काफी दिनों से फरार चल रहे थे। अभियान में पुलिस इंस्पेक्टर के अलावे सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे।

**सेवाभाव**

## 1350 मरीजों का किया गया निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन

# मरीजों की आंखों की रोशनी लौटाना पुनीत कार्य : डॉ. अखिलेश

### हुसैनाबाद में पांच माह से चल रहे निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर का समापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शनिवार को हुसैनाबाद शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डीबीसीएस, पलामू एवं राधा लक्ष्मी ट्रस्ट, दंगवार के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर 40 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन व रविवार को दवा व चश्मा देने के बाद शिविर समाप्त हो गया। यहां अब तक 4000 मरीजों की आंखों की जांच व कुल 1350 मोतियाबिंद रोगियों का सफल ऑपरेशन किया गया। इस मौके पर ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी डॉ. अखिलेश कुमार गुप्ता ने बताया कि जिला अंधापन नियंत्रण समिति, पलामू एवं राधा लक्ष्मी ट्रस्ट, दंगवार के संयुक्त तत्वावधान में पुराने सरकारी अस्पताल हुसैनाबाद में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन नवंबर 2023 से शुरू किया गया था। जिसके तहत प्रत्येक शनिवार व रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक आईओएल विधि द्वारा मोतियाबिंद के रोगियों की जांच की जा रही थी। उसके बाद उनका निःशुल्क ऑपरेशन भी किया जा रहा था। इसके अलावे संस्था की ओर से सभी मरीजों के लिए मुफ्त दवा, चश्मा एवं खिचड़ी की भी व्यवस्था की गई थी। आगे उन्होंने बताया कि अब ठंठ के मौसम में मोतियाबिंद के मरीजों का सफल ऑपरेशन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोतियाबिंद के मरीजों की आंखों की रौशनी लौटाने का यह सिलसिला ठंठ के मौसम में आगे भी जारी रहेगा। इस मौके पर ऑपरेशन कर रहे नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. धीरज प्रसाद, नेत्र सहायक दयानंद कुमार, सुनील कुमार, परशुराम कुमार, सहायक जयप्रकाश सिंह उर्फ बच्चा सिंह, सचिन ठाकुर, बसंती देवी, सुषमा देवी, काजल कुमारी, रजनी कुमारी, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के उपेंद्र कुमार, आरती कुमारी समेत समस्त स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।




### हैदराबाद में मजदूर की मौत

**नौडीहा बाजार।** प्रखंड अंतर्गत शाहपुर पंचायत निवासी स्व. शिवबालक सिंह के पुत्र उपेंद्र सिंह उम्र 25 वर्ष अपने घर परिवार छोड़ हैदराबाद कोकापेट नामक स्थान सरिया सैट्रिंग के काम करने के लिए गया था। काम करने के दौरान बिल्डिंग से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं आनन-फानन में कंपनी में काम कर रहे मजदूर और ठेकेदार ने हेमेग्रिन नामक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के करने दौरान चिकत्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजनों ने बताया कि दो वर्ष पहले ही मृतक के पिता का मौत हुआ था। एक वर्ष बाद उपेंद्र सिंह के शादी भी हो गया था। परिवार का सारी जिम्मेवारी उपेंद्र सिंह पर ही आ गई थी। जिस कारण वह परिवार के भरण-पोषण के लिए बाहर काम करने के लिए गया था। इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## बिजली तार पर पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति बाधित, एक मवेशी की मौत





**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि के 11 बजे के लगभग में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा के रफ्तार से तेज हवा चलने के कारण बगीचा में बिजली तार पर पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। वहीं लोटनिया पंचायत के ककोरिया गांव में विद्युत खंभे के गिरने से मुखदेव राम की एक मवेशी की मौत हो गई। पंचायत के मुखिया विनोद कुमार सिंह उर्फ लाल सिंह ने गरीब किसान को उचित मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया है। बिजली विभाग कर्मियों के द्वारा रविवार की सुबह करीब 9.00 बजे बिजली बहाल कराया गया। परंतु रविवार को भी हल्की बारिश व आंधी से हुए आंशिक नुकसान के कारण दिनभर बिजली की आंखमिचौली जारी है।

### तेज आंधी-तूफान से पेड़ बिजली पोल पर गिरा, क्षतिग्रस्त, लोग परेशान

**नौडीहा बाजार।** प्रखंड क्षेत्र में तेज रफतार से आयी आंधी तूफान से बिजली पोल पर पड़ा आफत। नौडीहा बाजार अंतर्गत बहुल आदिवासी सुदूर इलाका सीढ़ा में 11 हजार वोल्ट के बिजली का तार पर बरगद के पेड़ गिर जाने से 3 पोल खंभे सहित तार भी टूट कर क्षतिग्रस्त हो गया। बिजली नहीं रहने से लोग परेशान। वहीं इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है।

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदारी लेकर, जाति धर्म की राजनीति से ऊपर उठकर ज्यादा से ज्यादा मतदान करें।। जातिगत राजनीति से ऊपर उठकर विकास की सोच रखने वाले बिना लोग लालच के अच्छे उम्मीदवार को वोट करें।

**अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संघ पलामू के जिला अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह**

## यात्रियों के लिए अब प्लेटफार्म पर चार आरओ उपलब्ध

**मेदिनीनगर।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर दो पानी का आरओ चालू कर दिया गया है। यह जानकारी डालटनगंज रेलवे स्टेशन के अधीक्षक उमेश कुमार ने दी। उमेश कुमार ने बताया कि डाल्टनगंज के तीन यात्री प्लेटफार्म के लिए चार आरओ उपलब्ध कराए गए हैं। इन चार आरओ में से तीन आरओ प्लेटफार्म नंबर 1 पर लगना है। अभी तक तीन आरओ में से दो लग गए हैं और यह दोनों स्वच्छ पानी फ्री दे रहे हैं। तीसरा भी प्लेटफार्म नंबर एक पर ही लगना है। इसकी तैयारी की जा रही हैं। चौथा और अंतिम आरओ प्लेटफार्म नंबर 2 और 3 जो सटे हुए हैं के बीच में लगाया जाना है।

## तस्वीर झूठ ना बोले



शहर के मेन बाजार छह मुहान चौक से बाजार जाने वाले रास्ते में वाहनों का जमावड़ा । (छाया-भोला)

# विशेष टिकट चेकिंग अभियान शुरू, 163 बेटिकट पकड़े गए

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज स्टेशन से नगर उटारी रेलवे स्टेशन के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों अहमदाबाद एक्सप्रेस, टाटा-जम्मू तवी, शक्तिपूँज, पलामू एक्सप्रेस गाड़ियों में वित्तीय वर्ष को लेकर आरपीएफ, जीआरपी व टीटीई स्टॉफ के द्वारा विशेष टिकट चेकिंग चलाया गया। सीआईटी बीएम पांडेय के नेतृत्व में चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान में 163 बेटिकट यात्रियों को अनाधिकृत रूप से यात्रा करने के जुर्म में पकड़ा गया। पकड़े गए यात्रियों से राजस्व 1 लाख 18 हजार 480 रुपये बतौर



जुर्माना वसूला गया। सीआईटी बीएम पांडेय ने बताया कि विशेष चेकिंग अभियान के सभी ऊर्जावान साथियों के अथक प्रयास से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। लोग जागरूक भी हो रहे है। ज्यादातर यात्री टिकट लेकर यात्रा कर रहे हैं यह बहुत अच्छी बात है। आलाधिकारियों के दिशा- निर्देश पर शनिवार से रविवार तक लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों में गहनता से जांच की गई। जिसमें इतनी बड़ी सफलता हाथ लगी। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि 2023-24 वित्तीय वर्ष में सीआईसी सेक्शन डालटनगंज स्क्वाड टीम के द्वारा टिकट चेकिंग में करोड़ों रुपए के राजस्व की प्राप्ति कर रेलवे को सौंपा गया है। विशेष चेकिंग अभियान में टीटीई कुमार अजय, भरतलाल, दिलीप कुमार, रविन्द्र कुमार दुबे, शशिकांत, बैकुंठ यादव, के अलावे आरपीएफ के कई जवान शामिल

## एक नजर

### पोल गिरने से सिंगरा व बीएन कॉलेज एरिया में बिजली आपूर्ति बाधित



**मेदिनीनगर।** शहर में शनिवार की रात साढ़े दस बजे के करीब अचानक तेज हवाएं चलने लगी। जो आंधी-तूफान का रूप ले लिया। देखते ही देखते बिजली आपूर्ति ठप हो गई। आंधी के कारण शहर में जगह-जगह होर्डिंग्स व बोर्ड गिर गए। इस दौरान किसी को नुकसान की सूचना नहीं है। शहर के हमीदगंज बीएन कॉलेज एरिया, हदहदवा पुल के पास में बिजली का पोल गिरने से तार टूट गया है। जिसके वजह से सिंगरा सहित बीएन कॉलेज एरिया में रात भर बिजली गुल रही। पलामू जिले के कई स्थानों पर हल्की बूंदा-बांदी भी हुई। जिससे गेहूं की मिसानी में लगे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पोल गिरने से कई घंटो तक बिजली नहीं मिल पाई है। रात में बिजली नहीं रहने के कारण लोगों को भीषण गर्मी में सोना पड़ा। हालांकि तेज हवाओं के चलने से गर्मी से लोगो को मामूली राहत मिली। मगर लोगों के सामने पीने के पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। रविवार को भी बिजली आपूर्ति शाम तक प्रभावित रहा। जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा है।

# उग्रवादियों को आर्म्स सप्लाई करने वाले दो तस्कर गिरफ्तार

**10 वर्षों से उग्रवादियों को आर्म्स देता था, पहली बार पुलिस के हत्थे चढ़ा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने उग्रवादियों को आर्म्स की सप्लाई करने वाले दो हथियार सप्लायर्स को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि हरिहरगंज के कुरहत गांव से गोविंदा कुमार को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने हथियार बरामद किया है। गोविंदा कुमार के निशानदेही पर पुलिस ने

**हरिहरगंज के कुरहत गांव से गोविंदा कुमार को गिरफ्तार किया है : एसपी**



हरिहरगंज से घनश्याम चौबे को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। घनश्याम चौबे बिहार के बरईखाप, टंडवा थाना का रहने वाला है। वह प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी को 10 साल से हथियार सप्लाई करता था। एसपी ने बताया गिरफ्तार उग्रवादी टीएसपीसी उग्रवादी संगठन को एके-47, इंसाफ, एसएलआर समेत कई आधुनिक हथियार उपलब्ध करवा चुका है। पुलिस ने गिरफ्तार तस्करों के पास से एलएमजी के तीन, एसएलआर के आठ, एक लोकल मेड कार्बाइन और तीन जिंदा गोली बरामद किया है। पुलिस हथियार सप्लाई करने वाले पूरे नेटवर्क का पता लगा रही है। एसपी ने बताया कि उग्रवादियों को आर्म्स की सप्लाई करने वाला भी उग्रवादी ही कहा जाएगा। यह करीब 10 वर्षों से इस काम को कर रहा था। पहली बार पुलिस के हत्थे चढ़ा है।

# महिला समेत दो लोगो ने की आत्महत्या का प्रयास

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के बरसैता गांव निवासी नवलेश राम की पत्नी फिलती देवी शनिवार की शाम घरेलू विवाद में जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि शनिवार की शाम किसी बात को लेकर फिलती देवी की अपने पति से झगड़ा हो गया। इसी बीच गुस्से में आकर वह घर में रखें जहरीला पदार्थ का सेवन कर ली। जिसमें उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परेशानों के द्वारा उसे इलाज के लिए पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर



दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है। वहीं दूसरी और सदर थाना क्षेत्र के जमुने गांव निवासी जागून साव के पुत्र अजय कुमार ने शनिवार की शाम किसी बात को लेकर गुस्से में जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसके वजह से उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# महावीर नवयुवक दल जेनरल के अध्यक्ष कौन, संशय बरकरार



**पंकज जायसवाल व दुर्गा जोहरी अपने को अध्यक्ष घोषित कर चुके हैं**

घटना ने अलग मोड तब ले लिया जब पंकज जायसवाल ने स्थानीय भट्टी मोहल्ला स्थित सप्तमातर देवी मंदिर में शहर के सभी रथ प्रेमी एवं झंडा प्रेमियों के साथ-साथ पत्रकारों से बातचीत करते हुए अपना पक्ष रखा, वहीं दूसरी ओर दुर्गा जौहरी ने स्थानीय रिलैक्स इन होटल में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया था जहां दूसरे पक्ष के लोगों ने जाकर जमकर हंगामा किया और एक दूसरे के ऊपर आरोपित प्रत्यारोप का दौर चलता रहा। ऐसे में अभी तक दोनों ही पक्ष खुद को श्री महावीर नवयुवक दल (जेनरल) का अध्यक्ष बता रहे हैं।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रामनवमी पर्व आते ही महावीर नवयुवक दल जनरल के अध्यक्ष पद के लिए दुर्गा जौहरी और पंकज जायसवाल अलग अलग प्रेस कांफ्रेस आयोजित कर अपने अपने को अध्यक्ष घोषित कर चुके हैं दोनों गुट के समर्थक मारपीट करने पर भी उतारू हो गए। पुलिस प्रशासन को बीच बचाव करने आना पड़ा। अनुमंडल पदाधिकारी सदर ने समझौता कराते हुए कहा की सभी अखाड़ा के द्वारा चुनाव करा कर आम सहमति से रामनवमी जरनल अध्यक्ष का चुनाव होगा। एक तरफ जहां पारंपरिक तरीके से सभापति के द्वारा दुर्गा जौहरी के नाम की घोषणा करते हुए अध्यक्ष पद घोषित कर दिया गया वहीं दूसरे पक्ष से पंकज जायसवाल को रामनवमी पूजा मानने वाले सैकड़ो कार्यकताओं ने पगड़ी बांधकर अपना 'जेनरल' घोषित कर दिया। लोगों का कहना था कि जब पूरे शहर में ढिंढोरा पिटवाकर और माइक से अनाउंसमेंट करा कर चुनाव की घोषणा की गई और सभी लोगों को बुलाया गया तो चुनाव में भी किसी एक व्यक्ति द्वारा नामित या घोषित व्यक्ति का चुनाव कैसे किया जा सकता है।

# अस्पताल में अलग से बर्न वार्ड की सुविधा नहीं, मरीजों को हो रही परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय सदर अस्पताल मेदिनीनगर में पलामू प्रमंडल के विभिन्न जिलों से प्रतिदिन सैकड़ों मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। जिसमें काफी संख्या में विभिन्न कारणों से आग से जले मरीज भी अस्पताल में अपना इलाज के लिए पहुंचते है। यहां मरीजों के लिए अलग से बर्न वार्ड नहीं होने के कारण उन्हें अन्य मरीजों के साथ ही रहना पड़ता है। जिसके कारण ऐसे मरीजों में संक्रमण का खतरा हमेशा बना रहता है। जले हुए मरीजों के इलाज में मुख्य समस्या संक्रमण की होती है। सही इलाज होने के बावजूद संक्रमण का खतरा जले हुए मरीजों के लिए जानलेवा बन सकता है। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग अस्पताल में बर्न वार्ड अलग से बनाने की दिशा में काम करने के प्रति सुस्त हैं। यह लापरवाही मरीजों के लिए आफत बन रही है।

**संक्रमण का रहता है खतरा**

बताते चले की 40 से 50 फीसदी व उससे अधिक जले हुए मरीजों में रोग से लड़ने की क्षमता कम हो जाती है। जिसके कारण संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इस स्थिति में विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता होती है लेकिन सदर अस्पताल में यह सुविधा उपलब्ध नहीं है। जिसके कारण मरीज के परिजन अपने मरीज की जान बचाने के लिए निजी नर्सिंग होम का सहारा ले रहे है। ऐसे मरीजों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस विशेष वार्ड की आवश्यकता होती है। वार्ड ऐसा होना चाहिए जहां किसी भी प्रकार की गंदगी न हो। अस्पताल में सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीजों को निजी नर्सिंग होम का सहारा लेना पड़ता है। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को निजी नर्सिंग होम में इलाज कराना काफी मंहगा पड़ता है। जबकि राज्य के सभी अस्पतालों में आग से होने वाली संभावित दुर्घटनाओं में हताहतों के उपचार के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है ।बर्न वार्ड को सक्रिय करने के साथ ही सभी आवश्यक दवाओं, उपकरणों की व्यवस्था सदर अस्पताल से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया

जबकि अस्पताल परिसर में बना बर्न वार्ड सिर्फ नाम का ही है और यहां किसी भी प्रकार की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

# राष्ट्रहित में मतदान सबसे आवश्यक याज्ञवल्क शुक्ल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा युवा मतदाता सम्मेलन का का आयोजन पलामू जिले अंतर्गत मेदिनीनगर के सेलिब्रेशन हॉल में किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क शुक्ल की गरिमा मई उपस्थिती रही,परिषद के कार्यकर्ताओं के द्वारा राष्ट्रीय महामंत्री का जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया तत्पश्चात मंच पर उपस्थित अ०भा०वि०प राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ला ,पालम भाग्य विभाग प्रमुख सत्देव पांडे,पलामू जिले के जिला प्रमुख के०सी झा,पलामू विभाग की विभाग छात्रा प्रमुख दीक्षा कुमारी एवं मेदिनीनगर नगर मंत्री रामाशंकर पासवान ने संयूक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया मुख्य अतिथि के रूप में परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल नें छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रहित में मतदान सबसे आवश्यक है जिसका उपयोग हर यूवाओं को अनिवार्य रूप से करना चाहिए, युवाओं को अपने मत का उपयोग हर हाल में करना चाहिए इसके लिए उन्हें जागरूक होना होगा,यूवाओं को वैसे प्रत्याशी का चुनाव करना है जो राष्ट्रप्रथम की भावनाओं के साथ देश की सर्वांगीण विकास की पहल में कार्य करें,उन्होंने बताया कि विद्यार्थी परिषद सभी जिलों में युवाओं के उनके प्रत्याशी से क्या मांगे रहेंगे उनका विमोचन करेंगा,साथ ही अपने मत और राजनीतिक चेतनाओं की समझ हेतु युवाओं को जागृत करने का प्रयास करनें हेतु युवाओं को जागृत करेगा,परिषद के विभाग प्रमुख सत्देव पांडे ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने मत का प्रयोग निश्चित रूप से करने की आवश्यकता है तभी हम भारत को विश्व गूरू बनने के सपने को साकार कर पाएगें,जिला प्रमुख प्रो० के०झा नें छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के युवाओं का एक-एक वोट अति महत्वपूर्ण है आप सभी युवा आगे बढ़कर अपने मत का प्रयोग निश्चित रूप से करें,इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अ०भा०वि०प के राष्ट्रीय विश्वविद्यालय सह संयोजक विनीत पांडे ने किया एवं इसका संचालन राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश उरांव ने किया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पलामू के विश्वविद्यालय संयोजक मंजूल शुक्ला,विभाग संयोजक गोंविद मेहता, विभाग सह संयोजक शशांक चौबे,शुभम तिवारी, शुभम कुमार, अभय वर्मा राजन कश्यप, रोहित गुप्ता, नितीश दुबे विपिन यादव,कौशल मिश्रा उत्कर्ष तिवारी मनीष पांडे,मुन्ना यादव आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थें।

# अलग-अलग घटना में दो को जहरीला सांप ने डंसा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मनातू थाना क्षेत्र के सरगूजा गांव निवासी राजेश उरांव की पुत्री सीता कुमारी उम्र 16 वर्ष को शनिवार की सुबह जहरीला सांप ने काट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि सीता शनिवार की सुबह अपने खेत पर काम करने जा रही थी। इसी बीच रास्ते में जहरीला सांप ने काट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद परिजनों के द्वारा गांव में ही झाड़-फूंक करवाने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है।वही दूसरी ओर पड़वा थाना क्षेत्र के स्थानीय निवासी पिंटू विश्वकर्मा के पुत्र रौशन कुमार विश्वकर्मा को शनिवार की रात घर पर ही जहरीला सांप ने काट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए पड़वा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

# शिक्षण तकनीक में बदलाव लाना है: डॉ. जीपी झा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एम.के.डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल में चल रही त्रिदिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का समापन आज हो गया। मौके पर डॉक्टर जी. पी. झा क्लस्टर हेड झारखंड क्षेत्र आई सह प्राचार्य एम.बी. डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल लोहरदगा ने कहा कि आज का समय चुनौतियों से भरा पड़ा है। हमारी कुशलता उन चुनौतियों को पार करने हेतु शिक्षण तकनीक में बदलाव लाना है। हमें विश्वास है कि आप सभी इस कार्यशाला से कुछ नया सीखे होंगे। जो आपके प्रभावी शिक्षण हेतु सहायक होगा। आप इसे ईमानदारी पूर्वक कक्षा-कक्ष तक ले जाएं जिससे बच्चों को अधिकाधिक लाभ मिल सके। समापन समारोह में धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर जी. पी.झा क्लस्टर हेड झारखंड क्षेत्र आई सह प्राचार्य एम.बी.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल लोहरदगा ने किया। इस अवसर पर डॉक्टर आर.के.साहू प्राचार्य डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल गुमला, राजेंद्र सचदेवा प्राचार्य भवनाथपुर, ए. के. चौबे प्राचार्य गढ़वा, जी. के.सहाय प्राचार्य लातेहार, आर.के. झा प्रभारी शिक्षक सिमडेगा, अश्विन पात्रा प्रभारी शिक्षक डी. ए. वी.पब्लिक स्कूल लोहरदगा उपस्थित थे।



**लोक सभा चुनाव**

## पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स ने चाय पर चर्चा कार्यक्रम का किया शुभारंभ

# महिलाओं को वोट के लिए प्रोत्साहित करें: वीडी राम



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में मेदनीनगर शहरी क्षेत्र में वोट का प्रतिशत बढ़ाने के लिए चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आज गांधी उद्यान से चैंबर द्वारा सुबह 6 बजे मॉर्निंग वॉक के साथ चाय पीते हुए शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चैंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के मुकाबले शहरी क्षेत्र में वोटिंग प्रतिशत काफी कम है जिसके चलते टोटल वोट प्रतिशत गिर जाता जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए अच्छे संकेत नहीं। श्री शंकर ने कहा शहरी क्षेत्र में बुद्धिजीवी लोग ज्यादा रहते हैं, जिन्हें अच्छे गलत प्रत्याशी की परख होती वैसे लोग मतदान नहीं करेंगे या अपने अगल-बगल वाले को वोट करने के लिए प्रोत्साहित नहीं करेंगे तो उनकी थोड़ी सी लापरवाही एक बड़े निर्णय को बदल सकता जो समाज हित में नहीं होगा और इसका पूरा प्रभाव क्षेत्र के डेवलपमेंट पर पड़ता है। चाय पर चर्चा कार्यक्रम में कई प्रशासनिक एवं शहर के आइकॉन को बारी- बारी मुख्य अतिथि के रूप में सुबह-सुबह आधे घंटे के लिए आमंत्रित किया जाएगा जो वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूक करेंगे और सबका सुझाव भी लेंगे। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद वीडी राम थे। जिन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कई सुझाव दिए। वीडी राम ने बताया ग्रामीण क्षेत्र में महिलाएं पहले वोट करती हैं। इसलिए ग्रामीण क्षेत्र का वोट प्रतिशत ज्यादा होता और शहरी क्षेत्र में महिलाएं कामकाज तथा छुट्टी के उत्सव में लग जाती जो वोट करने तक नहीं जाते हैं। जिसके चलते वोट प्रतिशत गिर जाता है। अगर सभी लोग माता- बहनों को सुबह-सुबह पहले वोट दिला देंगे तो निश्चित रूप से वोट का प्रतिशत बढ़ जाएगा। कार्यक्रम का संचालन चेंबर सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने किया। चेंबर के उपाध्यक्ष कृष्ण प्रसाद अग्रवाल ने बताया यह कार्यक्रम चुनाव तक चलेगा हम सभी कॉलोनी में एवं पब्लिक प्लेस में सुबह-सुबह बैठक करेंगे जहां ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक किया जा सके।

**शहरी क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत बढ़ाना लक्ष्य : आनंद शंकर**

**सेल्फी प्वाइंट में फोटो खिंचवाने पर मिलेगा डिस्काउंट**

शंकर ने बताया शहरी क्षेत्र में वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने के लिए चैंबर बहुत जल्द प्रशासन के साथ बैठक कर एक निर्णय लेगा कि जो लोग वोट देने के बाद बूथ पर लगे सेल्फी प्वाइंट में फोटो खिंचवाएंगे। उस फोटो को दिखाने पर 2 दिन तक शहर के कई रेस्टोरेंट मैं 20% डिस्काउंट, ऑटोमोबाइल में विशेष गिफ्ट, मॉल में विशेष ऑफर, सोना चांदी के मेकिंग चार्ज में डिस्काउंट इत्यादि इत्यादि कई ऑफर भी लेकर आएगा। जिसकी सहमति व्यवसाईयों ने दी है।

## एक नजर

### कीटनाशक खाकर महिला ने की आत्महत्या

**गढ़वा।** कांडी थाना क्षेत्र के चटनिया गांव के सुगवादामर टोला निवासी सुखाडी रजवार की 50 वर्षीय पत्नी फुलेश्वरी देवी ने कीटनाशक खाकर जान दे दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के संबंध में मृतका के पुत्र अनिल रजवार ने बताया कि घर में सिर्फ उसकी मां थी। मां को छोड़कर सभी लोग घर से बाहर काम करने गए हुए थे। घर आने पर सूचना मिली कि मां कीटनाशक खा ली है। स्थिति बिगड़ने पर में उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गया। अनिल ने बताया कि मां कीटनाशक खाकर आत्महत्या क्यों की। उसकी जानकारी परिवार के सदस्यों को नहीं है।

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** बरडीहा थाना क्षेत्र के लेवरी गांव निवासी विपिन कुमार मेहता की पत्नी किरण कुमारी 28 वर्ष फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास की है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि वह किस कारण से फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास की है। उसके बारे में मुझे और मेरे किसी सदस्य को मालूम नहीं है। जब हम लोगों ने देखा तो तत्काल फांसी के फंदे से उतार कर उसे इलाज हेतु सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना में उक्त महिला के गर्दन में गंभीर जख्म का निशान है।

### मोटरसाइकिल से गिरकर महिला घायल

**रंका।** चिड़िया मुख्य मार्ग पर वीर बांध गांव के पास हुई मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक महिला घायल हो गई है। उक्त घायल महिला चिनिया थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव निवासी वीरेंद्र यादव की पत्नी कुंती देवी बताया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि पति पत्नी दोनों अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर चिनिया से रंका आ रहा था। इस बीच चलते बाइक से वीर बांध गांव के पास अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे वह घायल हो गई। घटना के बाद उसके पति के द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहा उसका इलाज चल रहा है। घटना में घायल के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है।

# उद्घाटन के चार वर्ष बाद भी अस्पताल में लटका है ताला

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के पाचाडुमर गांव में 2.35 करोड़ रुपए की लागत से बने 10 बेड वाला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन चार वर्ष बाद भी जहां चिकित्सक की पदस्थापना की बाट जोह रहा है। वहीं समुचित देखभाल के अभाव में भवन क्षतिग्रस्त हो रहा है। इससे स्वास्थ्य सुविधाओं का आस लगायें ग्रामीण अब नाउम्मीद होने लगें हैं।इस अस्पताल का उद्घाटन 20 अक्टूबर 2019 को हुआ था। परंतू उद्घाटन के बाद से चिकित्सक की पदस्थापना नहीं होने के कारण पिछले 4 वर्षो से यह अस्पताल भवन बंद पड़ा है। इस कारण असमाजिक तत्वों के द्वारा अस्पताल भवन की खिड़की, दरवाजा, पानी टंकी,मोटर, शौचालय , मार्बल, गेट को लगातार क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। साथ ही साथ सुनसान स्थान पर अस्पताल का गेट खुला रहने से शराबियों का जमावड़ा भी लगा रहता है। इस अस्पताल के बंद रहने से प्रखंड के 80 हजार की आबादी को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रही है। दुर्घटना के बाद यहां के लोगों को भवनाथपुर से एम्बुलेंस मंगानी पड़ती है, इसके बाद 20 किलोमीटर दूर भवनाथपुर अस्पताल में मरीज को इलाज के लिए भेजा जाता है। केतार प्रखंड में गरीबी रेखा से नीचे गुजर-बसर कर रहे परिवारों को सरकारी स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिलने के कारण इन्हें मामूली बिमारी का इलाज भी निजी अस्पताल में कराने पर मोटी रकम खर्च करना पड़ता है। अस्पताल निर्माण के बाद लोगों को उम्मीद थी कि स्थानीय स्तर पर उन्हें स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा लेकिन अब ग्रामीण उम्मीद छोड़ दिए हैं। प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों को सरकारी स्वास्थ्य सुविधा का लाभ दिलाने के लिए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा कोइ ठोस पहल नहीं किया जा रहा है। गढ़वा के सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को शुरू कराने का प्रयास किया जा रहा है।ह्यूमन रिसर्च सेक्शन का प्रोब्लम था,जो खत्म हो गया है। जल्द ही अस्पताल में इलाज शुरू कराया जायेगा।


आज तक डॉक्टर की नहीं हुई पदस्थापना

# मोटरसाइकिल की चपेट में आने से बच्ची घायल, रांची रेफर

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के सोनपुरवा लाइन उस पार गांव निवासी सोनू शाह की पुत्री आसमा खातून 5 वर्ष मोटरसाइकिल की चपेट में आने से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि अपने परिजन के साथ आसमा खातून ईद त्योहार को लेकर कपड़ा खरीदने पुरानी बाजार आ रहे थी। इस बीच बैल बाजार सोनपुरवा के पास एक मोटरसाइकिल सवार ने धक्का मारते हुए फरार हो गया। जिससे गिर कर वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों के अनुसार उसकी प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया।



# पुलिस ने जागरूकता अभियान कहा- निष्पक्ष होकर करें मतदान

नवीन मेल संवाददाता

धुरकी। पुलिस ने शांतिपूर्ण और स्वतंत्र होकर मतदान करने के लिए धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने अपने पुलिस टीम के साथ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रत्येक बूथों पर बैनर लगाकर जागरूकता अभियान चलाया। वही जागरूकता अभियान के साथ प्रत्येक बूथों पर सुरक्षा के मद्देनजर उन्होंने डोर टू - डोर निरीक्षण भी किया। वही थाना प्रभारी ने राज्य के सीमावर्तीय गावों का भी जायजा लिया। वही थाना प्रभारी ने लोगो को जागरूक करते हुए कहा की सभी लोग स्वतंत्र होकर मतदान करें।। किसी तरह का चुनाव के दौरान डर -भय नही रखें। किसी तरह का लालच में आकर मतदान न करें। मतदान स्वयं अपनी मन से करें। यदि कोई व्यक्ति या राजनीतिक दल के लोग डराता है या धमकी देता है तथा लालच देने की बात करता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को करें। पुलिस निश्चित रूप से करवाई करेगी। थाना प्रभारी ने लोगों से कहा कि चुनाव के दौरान अधिकतर राजनीति दल के लोग दारू -मुर्गा -नोट का प्रलोभन देकर आपका वोट का गलत इस्तेमाल कराने का कोशिश करेंगे। लेकिन इस तरह का करने वाले लोगो से सतर्क रहने की जरूरत है।

# पश्चिमी संस्कार रोकने के लिए समाज में सरस्वती विद्या मंदिर का कोई विकल्प नहीं : कुलपति

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा । सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय में अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के कुलपति ईश्वर चन्द्र चंद्रवंशी, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के संरक्षक डॉक्टर टी पियूष, सचिव मुरारी पाण्डेय के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पाअर्चन और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुरू किया गया। प्रधानाचार्य मनोज कुमार पाण्डेय ने कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में वार्षिक परीक्षा के परिणाम प्रकाशित किया गया परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। आइडियल स्टूडेंट अवार्ड मुस्कान कुमारी और वेस्ट अटेंडेंस अवार्ड सत्यवती कुमारी को दिया गया। कक्षा अरुण में अंशु कुमार प्रथम सत्यम कुमार द्वितीय आयुषी कुमारी तृतीय, कक्षा उदय में सृष्टि चौबे प्रथम जिया कुमारी द्वितीय शिवाजी तृतीय, कक्षा प्रथम में पूर्णिमा श्री प्रथम रितिका कुमारी द्वितीय रौशन कुमार तृतीय, कक्षा द्वितीय में आर्यन राज प्रथम शाश्वत चौबे द्वितीय रूपा कुमारी तृतीय, कक्षा तृतीय में ओजस गुप्ता प्रथम तान्या राज द्वितीय प्रिंसेस तृतीय, कक्षा चतुर्थ में सत्यवती कुमारी प्रथम सिमरन टोप्पो द्वितीय अद्विक केशरी तृतीय, कक्षा पंचम में प्रथम जय गुप्ता ने प्राथमिकता स्थान प्राप्त किए। डॉ. टी पियूष ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि मे अपने बच्चा का नामांकन सरस्वती विद्या मंदिर गढ़वा में ही कराऊंगा इस विद्यालय में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अच्छा संस्कार दिया जाता है। कुलपति ईश्वर चंद्र चंद्रवंशी जी ने कहा कि सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय की आवश्यकता सभी प्रखंड में है। सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों की पहचान उनके व्यवहार और संस्कार से ही हो जाती है। भारतीय समाज व्यवस्था में पश्चिमी संस्कार रोकने के लिए समाज में सरस्वती विद्या मंदिर का कोई विकल्प नहीं है।



### पानी लाने गई महिला को सांप ने डंसा

**गढ़वा ।** कांडी थाना क्षेत्र के चौबे मझिगवा गांव निवासी सुमित्री देवी को सांप काटने से जख्मी हो गई है। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि सुमित्री देवी देर शाम पानी लेने के लिए थोड़ी दूर एक चापा नल के पास जा रही थी। इस दौरान उसे सांप ने काट लिया। घटना के बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना में घायल के दाहिने पैर में गंभीर जख्म का निशान है। चिकित्सक के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया गया है।

# आंधी- तूफान से बिजली सप्लाई बंद, पेयजल संकट गहराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** शनिवार रात आये तेज तूफान ने जमकर तबाही मचाई है। कई घरों को नुकसान हुआ है। वहीं कई जगहों पर बिजली के तार पोल गिरने से पूरे अनुमंडल क्षेत्र में ब्लैकआउट की स्थिति बनी हुई है। 220 केवी लाइन डैमेज होने से बिजली आपूर्ति होने में काफी समय लग सकता है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सहायक अभियंता दीपक कुमार ने बताया कि लहलहे-भागोडीह ग्रिड लाइन पोल गिर जाने से बिजली आपूर्ति ठप्प है। विभाग के लोग इसे दुरुस्त करने में लगे है। बिजली बंद होने से लोगों के समक्ष पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। बारिश, ओलावृष्टि व तेज तूफान ने किसानों की कमर तोड़कर रख दी है।वहीं पूरा श्री बंशीधर नगर अनुमंडल क्षेत्र अंधेरे में डूब गया है। बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि व तेज तूफान से रवि फसल के साथ-साथ सब्जी की खेती को भारी नुकसान हुआ है। पककर तैयार अरहर, चना, मसूर, गेहूं, जौ, बटुरी के साथ-साथ टमाटर, बैंगन, भींडी, झींगी, नेनुआ, लौकी, खीरा, ककड़ी, लहसुन, प्याज, परसवीन, आम, महुआ आदि फसल को भारी नुकसान हुआ है। तेज तूफान से कई पेड़ धराशाई हो गए।



### छरी लदा हाइवा पलटा

हरिहरपुर। ओपी क्षेत्र के गुरुर गांव में जीरा छरी लदी हुई रविवार साम पलट गई। हाइवा पलटने से उसके ड्राइवर को चोट लगने की सूचना है। यूपी 64 बीती 5806 नम्बर की हाइवा हरिहरपुर से हुरका गांव की ओर जा रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क संकीर्ण और मोड़ होने के कारण हाइवा दुर्घटनाग्रस्त हुआ है।



## न्यूज बॉक्स

### मंडल कारा में छापेमारी, नहीं मिला कोई आपत्तिजनक सामान

**गढ़वा।** गढ़वा मंडल कारा में शनिवार की रात जिला प्रशासन ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान उपायुक्त शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडय, अनुमंडल पदाधिकारी विजय कुमार , एसडीपीओ नीरज कुमार थाना प्रभरी सहित अन्य अधिकारियों ने संयुक्त छापेमारी किया । डीसी के निर्देश पर सभी वार्डो में जाकर अधिकारियों ने गहन जांच किए। चली छापेमारी अभियान में किसी भी सेल में कुछ भी आपत्तिजनक सामान की बरामदगी नहीं हुई। जानकारी के अनुसार जेल में कैदियों को मिलने वाले सुविधा सहित उन बिंदुओं पर जानकारी ली गई। एसपी दीपक कुमार पांडे ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए यह छापेमारी की गई है। छापेमारी के दौरान मंडल कारा से किसी भी तरह के आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ है हालांकि लोकसभा चुनाव को देखते हुए मंडल कारा अधीक्षक को विभिन्न तरह के दिशा निर्देश दिए गए हैं।



### नव प्राथमिक विद्यालय बैगई में चापाकल नही, बच्चे कुआं का गंदा पानी पीने पर विवश

खरौंधी (गढ़वा)। प्रखंड अंतर्गत कुपा पंचायत के ग्राम चौरिया के बैगई टोला में नव प्राथमिक विद्यालय बैगइ चौरिया में चापाकल नहीं होने के कारण विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों सहित वहां के स्थानीय लोगों को कुआं का गंदा पानी पानी के लिए विवश होना पड़ रहा है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय कुमार सिंह ने बताया की बिगत कई वर्षों से यहां के सभी छात्र-छात्राएं सहित इस टोले में रहने वाले लोग कुआं का गंदा पानी पी रहे हैं। जिससे वे बिमार भी पड़ जाते हैं। अभी तो हल्का फुल्का ही बिमार लोग पड़ते हैं इससे भी ज्यादा बिमार पड़ सकते हैं। इसलिए यहां एक जलमिनार या चापाकल होना अति आवश्यक है।उन्होंने कहा की हमने चापाकल नहीं होने की सूचना कई बार शिक्षा विभाग को एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी दिया लेकिन अभी तक केवल आश्वासन ही मिल रहा है । उन्होंने कहा की चपाकाल नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को रसोईया के द्वारा कुआं से पानी निकाल कर दिया जाता है। और अब तो गर्मी का मौसम आ गया ।कुछ दिनों में कुआं का पानी भी सूख जाएगा।मध्याहन भोजन बनाने में बहुत परेशानी होती है। प्रधानाध्यापक ने शिक्षा विभाग एवं जनप्रतिनिधि से मांग की है की विद्यालय में चापाकल या जल मीनार की लगाया जाए ताकि सभी छात्र-छात्राएं को शुद्ध पेयजल मिल सके।



# रामनवमी पूजा कमेटी के अध्यक्ष बने रविशंकर गुप्ता



नवीन मेल संवाददाता

भवनाथपुर। विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में श्रीरामनवमी पूजा महोत्सव मनाने को लेकर सूर्य मंदिर के प्रांगण में बैठक किया गया।श्री राम नवमी पूजा मनाने को लेकर कमिटी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष रवि शंकर गुप्ता,उपाध्यक्ष ओमप्रकाश आर्य एवं रंजीत गुप्ता, सचिव राजू गुप्ता, कोषाध्यक्ष शंकर गुप्ता, मीडिया प्रभारी दुर्गेश गुप्ता, सूचना प्रभारी ब्रजेश गुप्ता को बनाया गया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष आशुतोष वैद्य ने कहा कि इस बार रामनवमी पूजा भव्य एवं शानदार तरीके से मनाया जाएगा। रवि शंकर गुप्ता ने कार्यक्रम के बारे में बताया कि 16 अप्रैल 2024 महाष्टमी के दिन मोटरसाइकिल से शोभा यात्रा निकाला जाएगा। जिसमें दुर्गा वाहिनी की बहने भी शामिल रहेंगी, वहीं 17 अप्रैल 2024 को रामनवमी के दिन माताएं एवं बहनों के साथ महावीर जुलूस निकाला जाएगा।

इस बैठक में आशुतोष वैद्य, रविशंकर गुप्ता, शंकर गुप्ता, सौरभ गुप्ता, रंजीत गुप्ता, राजू गुप्ता, ओमप्रकाश आर्य, अनूप गुप्ता, धर्मेंद्र राम, ओम प्रकाश, दुर्गेश गुप्ता, ब्रजेश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# प्रवेश परीक्षा में फेल होने के बाद युवती ने की आत्महत्या का प्रयास

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** थाना क्षेत्र के जरही गांव निवासी आत्मा राम की पुत्री चांदनी कुमारी कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास की। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि चांदनी कुमारी जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रवेश परीक्षा दी थी। जिसमें वह फेल हो गई। इस बात को लेकर अवसाद में आकर चांदनी कुमारी कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास की । घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन के द्वारा आनंद-फानन में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

# तेज आंधी से दर्जनों घर ध्वस्त, अधेरे में पूरा इलाका

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड में शनिवार की देर रात आई आंधी तूफान से काफी नुकसान हुआ।आंधी तूफान के कारण दर्जनों घर के छप्पर उड़ गए।एस्बेस्टस के घरों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा। कई मिट्टी के घर पूरी तरह से ध्वस्त हो गए। बिजली के पोल गिरे। देर रात में हुई आंधी तूफान से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया एवं बिजली व्यवस्था गुल रही। आंधी तूफान के कारण प्रखंड क्षेत्र में भी काफी नुकसान हुआ है। यहां भी कई घरों के छप्पर उड़ गए है और कई पेड़ गिर गए। पंडरिया पंचायत के चेपरी टोला निवासी अजय साव के घर के ऊपर विशाल पेड़ गिर गया। इससे घर में रहने वाले परिवार के सदस्य बाल-बाल बचे। इस आंधी तूफान में मुकेश दुबे का पैथोलॉजी दुकान, बंगाली होटल, मुन्ना होटल, नागेंद्र पान जनरल स्टोर, मकरी टोला के बरवाबांध निवासी का घर, ढिकुलिया निवासी संतरा देवी का घर,सभी पीड़ित परिवारों ने अंचल अधिकारी से जांच कर मुआवजे की मांग की है।



## तूफान से फसलों को भारी नुकसान

खरौंधी । शनिवार को रात्रि करीब आठ बजे आए तेज तूफान एवं वर्षा से जहां कई लोगों का आशियाना उजड़ गया वहीं बड़ी संख्या में पेड़ पौधे उजड़ गए हैं। शनिवार की रात करीब आठ बजे अचानक तेज आंधी तूफान के साथ वर्षा भी हो रही थी। स्थिति यह थी कि लोग तूफान की गति देखकर त्राहिमाम कर रहे थे। लोग तेज तूफान में घरों में दुबके रहे। करीब एक घंटे तक चले आंधी तूफान की चपेट में आकर कई लोगों के घर की दीवार गिर गई।घर का छप्पर उजड़ गया। अनुमान है कि तूफान की गति 80 किमी प्रतिघंटा से अधिक रही होगी। इस विनाशकारी तूफान में कई बड़े पेड़ व बिजली के खंभे भी उखड़ गए हैं।वही प्रखंड क्षेत्र में लगभग 24 घण्टे से बिजली गायब है।।खेतों में लगी फसल को भी भारी नुकसान पहुंचा है।आम एवं महुआ फसल को भी भारी नुकसान पहुंचा है।खलिहानों में रखी फसलों को तेज हवा अपने साथ उड़ा ले गयी।खरौंधी प्रखंड क्षेत्र तेज तूफान में भारी नुकसान होने की सूचना है।

**करीब एक घंटे तक चले आंधी तूफान की चपेट में आकर कई लोगों के घर की दीवार गिर गई**

# स्कूल की छत से तीन सोलर प्लेट की चोरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** थाना क्षेत्र के नव प्राथमिक विधालय सलेया के दूसरे तले के छत पर लगा तीन सोलर प्लेट की चोरी हो गयी । घटना 29 मार्च की रात की है। विद्यालय के हेडमास्टर श्रवण विश्वकर्मा ने 30 मार्च को थाना ,बीआरसी व पंचायत मुखिया को आवेदन देकर सोलर प्लेट चोरी की सूचना दिया है।उन्होंने बताया कि शनिवार की सुबह में जब विद्यालय आये तो देखा कि विद्यालय के दूसरे तले के छत पर लगा तीन सोलर प्लेट गायब है। केवल फ्रेम ही दिख रहा है। जिसके बाद उन्होंने ग्रामीणों व अन्य संबंधित लोगों को उक्त आशय की सूचना दिया। उक्त सोलर जलमीनार पंचायत के माध्यम से लगाये गए थे। उक्त विद्यालय में मतदान केंद्र है। अगर जल्द पानी का कोई वैकल्पिक व्यवस्था नही किया जाता है तो आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान कर्मियों को असुविधा हो सकती है। साथ विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को भी पानी पीने के लिए परेशानी होगी।



## शिविर — हेल्थ कैंप में 300 किशोरियों के बीच सेनेटरी पैड, फल और आयरन गोली का वितरण

# शरीर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखें छात्र : जीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** सेल के सीएसआर के तहत शनिवार को परियोजना बालिका उच्च विद्यालय भवनाथपुर में स्वास्थ्य कैम्प लगाया गया। कैम्प का उद्घाटन बीडीओ नंदजी राम, सेल जीएम मनोज कुमार, सेल अस्पताल के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी विजय राम ने संयुक्त रूप से किया। उक्त शिविर में विद्यालय के किशोरी उम्र के 300 बच्चियों को बेहतर स्वास्थ्य को लेकर उनके बीच सेल प्रबंधन द्वारा पैकेट बंद सेनेटरी पैड, फल, बिस्कुट, हॉर्लिक्स व आयरन की गोलियां का वितरण किया गया। मौके पर सेल जीएम मनोज कुमार ने कहा कि देश के भविष्य स्कूल के छात्र छात्राऐं ही है। वें स्वस्थ रहकर ही देश की सेवा करने में सक्षम हो सकती है। बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि महिलाए ही किसी घर के स्वस्थ्य परिवेश को बरकार रखने में अहम भूमिका निभाती है। महिलाओं को फास्ट फूड से बचते हुए उन्हें अपने आहार में हरी सब्जियों का सेवन करना चाहिए। किशोरी बच्चियों को पीरियड के समय उन्हें अपनी शरीर की साफ सफाई पर विशेष ख्याल रखना चाहिए। शरीर में हीमोग्लोबिन को मेंटेन रखने हेतु अपने खान पान का विशेष ख्याल रखते हुए आहार में अधिक से अधिक आयरन और विटामिन सी का सेवन करना चाहिए। सेल के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विजय राम ने कहा कि पढाई के लिए स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से बच्चियों को मजबूत बनाना है, ताकि स्वस्थ्य व्यक्ति ही स्वस्थ्य राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। कहा कि व्यक्तिगत साफ सफाई के साथ घर की साफ सफाई कर शरीर को स्वस्थ्य एवं सुरक्षित रख सकते है। उन्होंने किशोरियों को स्वस्थ्य के प्रति सुरक्षित रहने हेतु शरीर के साफ सफाई को लेकर बारीकी से बताया। इस मौके पर महिला प्रवेक्षिका रिंकी कुमारी, बीईईओ विजय पांडेय, बीपीओ रविंद्र मेहता, विद्यालय के एचएम सत्यप्रकाश यादव, अजय कुमार सिंह, सुशील मिश्रा, घनश्याम शुक्ल, मुकेश दूबे, ओम प्रसून श्रीवास्तव, सरोज कुमारी, पुटी कुमारी, विनय सिंह, सुदेश, बिनोद, अजय, संपूणानंद मिश्र, दिलीप बैठा आदि उपस्थित थे।




### मारपीट की घटना में एक घायल

**गढ़वा।** धुरकी थाना क्षेत्र के शिवरी गांव निवासी अशोक विश्वकर्मा मारपीट की घटना में घायल हो गया है। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में अशोक विश्वकर्मा ने बताया कि डंडई थाना क्षेत्र के रारो गांव में फर्नीचर बनाने का काम कर रहा था। इस बीच उसके साले जितेंद्र विश्वकर्मा उसे एक पलंग बनाने की बात कह रहा था। जब अशोक विश्वकर्मा पलंग बनाने की बात नहीं कहा तो जितेंद्र विश्वकर्मा अशोक विश्वकर्मा को बुलाकर उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के बाद उसे आसपास के लोगों के सहयोग से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना में घायल के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है।

## एक नजर

### कोयला लदा ट्रक पलटा, बाल-बाल बचे चालक और खलासी



**बारियातू।** थाना क्षेत्र के रांची-चतरा मुख्य मार्ग गोनिया में मगध से कोयला लेकर बिहार की ओर जा रही ट्रक बीआर 02 टी 4797 गोनिया चौक में बीती रात पलट गई । जिससे चालक उपचालक बाल-बाल बच गए। ट्रक पलटने की सूचना मिलते ही बारियातू पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर तहकीकात किया। घटना के सम्बन्ध में आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि मगध से कोयला लेकर बिहार की ओर ट्रक जा रही थी गोनिया पुल के पास तीखा मोड़ होने के कारण तेज गति से आ रही ट्रक गोनिया चौक पर पलट गया। ट्रक पलटने से चौक में रहने वाले लोगों में आफरा तफरी मच गई। चालक उपचालक को मामूली चोट लगी है दोनों खतरे से बाहर बाताए जा रहे हैं।

### कांग्रेस नेता के घर से जेवरात और अन्य सामानों की चोरी

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय के कांग्रेस नेता चंद्रदेव दांगी के घर का ताला तोड़कर बीते देर रात अज्ञात चोरों ने जेवरात सहित नगदी की चोरी कर लिया। बताया गया की जिस घर से चोरी गई उस घर में कोई नहीं था। चोरी की घटना की जानकारी रविवार सुबह मिला, जब घर से कोई समान घर के सदस्य निकालने गया। देखा गया की बक्सा का ताला तोड़कर सोना व चांदी के जेवरात सहित नगदी की चोरी कर ली गई है। इस बाबत चंद्रदेव दांगी ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग किया है।

### सरहुल पूजा समिति की बैठक संपन्न अध्यक्ष बने हरि भगत



**चंदवा।** आदिवासियों का प्रकृति पर्व सरहुल मनाने को लेकर रविवार को कुसुमटोली स्थित कृषि फार्म के प्रांगण में पड़हा राजा धनेश्वर उरांव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी 11 अप्रैल को आदिवासी समुदाय का महापर्व सरहुल धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए सरहुल पर्व आयोजन समिती का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष हरिकुमार भगत, उपाध्यक्ष प्रदीप उरांव, सचिव मंजय उरांव,सह सचिव जतरू मुंडा, रामपाल उरांव व कोषाध्यक्ष विनोद उरांव को चुना गया है। इसके अलावा संरक्षण समिती में जितेंद्र सिंह, रूपेश उरांव, राजेंद्र भगत, अनुप बड़ाईक, बीरबल भगत, शंकर भगत आदि को रखा गया है। मौके पर अनिल उरांव, राजेश उरांव, विनोद उरांव समेत दर्जनाधिक लोग मौजूद थे।

### दो सगे भाइयों के बीच भूमि विवाद में मारपीट, मामला दर्ज



**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र के गणेशपुर अंतर्गत आरा ग्राम में भूमि विवाद को लेकर दो भाइयों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें दो महिला समेत पांच लोग घायल हो गए हैं। घायलों में एक पक्ष के आरा ग्राम निवासी नुनु यादव के पुत्र धनेश्वर यादव, धनेश्वर यादव की पत्नी बबीता देवी तथा पुत्र मुकेश यादव शामिल है। वहीं दूसरे पक्ष के नुनु यादव के पुत्र शिबू यादव तथा शिबू यादव की पत्नी सरिता देवी शामिल हैं। जिन्हें परिजनों द्वारा बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां पर डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा इलाज की गई। इस मारपीट की घटना में उपरोक्त सभी लोगों को हाथ पैर चेहरा के साथ-साथ कई जगह पर आंशिक रूप से चोटे आई हैं। इधर दोनों ही पक्ष से बालूमाथ थाने में हुई मारपीट मामले को लेकर लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। जिसके आधार पर थाना पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# परंपरागत तरीके से मना आस्था-विश्वास का पर्व ईस्टर

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** प्रखंड भर में मसीह विश्वासीओ ने रविवार ईस्टर(पास्का) का त्यौहार परंपरागत तरीके से मनाया गया।इस अवसर पर संत जोसेफ बड़े गिरजाघर समेत महुआडांड़ के अन्य पल्लीयो में विशेष मिस्सा पूजा, बाइबल पाठ और अनुष्ठान की गई। संत जोसेफ बड़े गिरिजाघर में मुख्य अनुष्ठानकर्ता मनजीत लकड़ा थे। इस मौके पर फादर मनजीत ने कहा कि ईस्टर(पास्का) पर्व हमारे लिए आस्था और विश्वास का पर्व है। इस दिन प्रभु यीशु ने पाप, दुख और तकलीफ से पार पाया।प्रभु यीशु ने अपने बहुमूल्य जीवन को लोगो की भलाई और खुशी के लिए कुर्बान कर दी और मृत्यु के तीसरे दिन पुनः जी उठे। ईस्टर के मौके पर गिरजाघरो मे फादर रौशन, फादर बरथोलोमी समेत मसीह विश्वासी उपस्थित रहे।



#### ईस्टर अंधकार से प्रकाश में आना है : फादर सुरेश

ईस्टर रविवार मिस्सा के दौरान अपने संदेश में मुख्य फादर सुरेश ने कहा कि प्रभु यीशु पुण्य शुक्रवार क्रूस पर अपना बलिदान देकर समस्त मानव जाति को उसके पापों से उद्धार किया। उनका यह बलिदान ईश्वर के प्रति सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है। रविवार की रात वह जी उठे । इसी याद में ईस्टर मनाया जाता है। यह ज्योति का पर्व है। मृत्यु के बाद जीवन है। क्योकि प्रभु यीशु प्रकाश की तरह पुनः जी उठे थे। हम रात्रि जागरण मिस्सा के माध्यम से ज्योति (मोमबत्ती) जलाकर ज्योति की गुनगान करते हैं। ईस्टर का शाब्दिक अर्थ है गुलामी से आजाद होना, अंधकार से प्रकाश में आना।

#### समाज से जुड़कर करें सेवा

इस मौके पर फादर बार्थो ने विश्वासीयो के बीच अपने संदेश में कहा कि जिस प्रकार ईश्वर ने प्रभु यीशु के क्रूस पर बलिदान से मनुष्यों को अपने से जोड़ने का काम किया। प्रभु यीशु काफी दुख तकलीफ सहे.क्रूस मृत्यु से उन्होंने समस्त मानव जाति के पापों का उद्धार किया। आज हमें प्रभु की उपासना के साथ यह संकल्प लेने की आवश्यकता है, कि हम आपस के झगड़े- झंझट, ईष्या-द्वेष आदि कुरीतियों को भूलकर समाज सेवा का कार्य करें। कोयल दल व नाच दल में बरटोली गांव के युवा युवती सहित महिला-पुरुष भाग लिए। मिस्सा का संचालन हेड प्रचार आनंद व सिस्टर स्वाति का योगदान सराहनीय रहा।

# खलिहान में रखा 80 हजार का सरसों हुआ जलकर राख

**नवीन मेल संवाददाता**



**बारियातू।** प्रखंड के साल्वे गांव के गजुआ टोला निवासी मजदूर किसान फुलचंद गंझू पिता स्वर्गीय पुनु गंझु का खलिहान मे रखा हुआ लगभग अस्सी हजार रुपए का सरसों जलकर राख हो गया। घटना बीती रात लगभग साढे दस बजे घटी, जब क्षेत्र में तेज हवाए चल रही थी। अचानक बहुत तेज हवा चलने के कारण लोग घर से बाहर निकले। आग की लपटों को देखकर शोर मचाए,शोर सुनकर ग्रामीण रामचंद्र ठाकुर, जगदीश गंझु, दशरथ गंझु, प्रभुवन गंझु, भुनेश्वर गंझु, महेश गंझु सुरेश ठाकुर सहित दर्जनों लोग पहुंचे और आग को बुझाने का प्रयास किया, बगल के जलमिनार से पाईप जोडकर पानी की व्यवस्था की, लेकिन आग की तेज लपटों और तेज हवा के चलते सफलता नही मिली। और देखते ही देखते सारा सरसों जलकर राख हो गया। इस संबंध में पूछे जाने पर मजदूर किसान फुलचंद गंझू ने बताया कि उन्होंने एक एकड़ भुमि पर सरसो का उत्पादन किया था। पैदावार भी अच्छी हुई थी। इस सरसों से लगभग उन्नीस क्विंटल दाना निकलता। मौजूदा सरसों के बाजार भाव के हिसाब से लगभग 80,000 रुपये का नुकसान हुआ है।

### अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध चला छापामारी अभियान

# भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब, महुआ के साथ निर्माण में प्रयोग होने वाले बर्तन जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**





**चतरा।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के कारोबार एवं शराब कारोबारियों के विरुद्ध लगातार छापामारी अभियान चलाई जा रही है। इसी क्रम में उत्पाद अधीक्षक के पर्यवेक्षण में जोरी, मयूरहंड एवं इटखोरी थाना क्षेत्रों में शराब के अवैध कारोबार के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के दौरान जोरी थाना अंतर्गत कटैया से बड़ी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया गया रॉयल जेनरल विस्की का 375 एमएल का 48 बोतल, इंपीरियल ब्लू विस्की का 750 एमएल का 36 बोतल, मैकडॉवेल नंबर 1 विस्की का 375 एमएल का 72 बोतल, एसी ब्लैक विस्की का 180 एमएल का 48 बोतल, रॉयल स्टेग विस्की का 375 एमएल का 48 बोतल और किंगफिशर बीयर का 650 एमएल का 12 बोतल बरामद हुआ। साथ हीं इटखोरी एवं मयूरहंड थाना क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर छापामारी में 160 लीटर अवैध महुआ चुलाई शराब भी जब्त किया गया तथा करीब 2800 किलोग्राम से अधिक चुलाई योग्य जावा महुआ को विनष्ट किया गया। बरामद अवैध पदार्थ का कुल बाजार मूल्य 2 लाख रुपए से अधिक है और संलिप्त आरोपीयों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अभियोग दर्ज किया जा रहा है। उत्पाद अधीक्षक ने आगे बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने से लेकर अब तक जिले में लगातार अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान जारी रहेगा।

#### 720 लीटर देसी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**चतरा।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर वशिष्ठ नगर जोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत 720 लीटर देशी शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में रामफल भारती ओर चन्द्रदेव भारती शामिल है। पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय रोहित रजवार ने वशिष्ठ नगर जोरी थाना में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय को गुप्त सूचना मिली थी कि वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के दंतार और लेढो गांव में कुछ शराब कारीबारियों के द्वारा अपने-अपने घरों में देशी महुआ शराब वृहद पैमाने पर बना रहे हैं। सूचना के आलोक में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने छापेमारी के क्रम में लेढो गांव के उमेश यादव के घर से करीब 480 लीटर विदेशी महुआ शराब एवं दंतार गांव के चंद्रदेव भारती के घर से 140 लीटर देसी महुआ शराब और रामफल भारती के घर से 100 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया है। इस तरह से पुलिस ने कुल 720 लीटर देसी महुआ शराब के साथ शराब बनाने वाले सामान को भी बरामद किया है।

# बरवाडीह में विद्यार्थी परिषद ने चलाया युवा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरवाडीह।** आगामी लोकसभा चुनाव मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सभी दलों द्वारा अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा मेदिनीनगर साहित्य समाज चौक में युवा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थी परिषद बरवाडीह नगर इकाई के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सागर कुमार वर्मा के नेतृत्व में काफी संख्या में विद्यार्थी परिषद सदस्यों ने भाग लिया। सभी सदस्य युवा मतदाता जागरूकता अभियान को सफल बनाने के लिए रविवार सुबह मतदाता जागरूकता अभियान के विभिन्न नारों के साथ बरवाडीह रेलवे स्टेशन से ट्रेन द्वारा रवाना हुई। वही युवा मतदाता सम्मेलन का कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल उपस्थित रहे। जिन्होंने देशहित के लिए देश की रक्षा सुरक्षा के लिए युवाओं को अधिक से अधिक मतदान करने का किया आह्वान, वही शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। वहीं युवा मतदाता सम्मेलन में बरवाडीह से पूर्ण कालीन सदस्य अतुल कुमार सिंह, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सागर कुमार वर्मा, नगर मंत्री रुपेश यादव, नगर सह मंत्री रंजित राम, विषिश्टा गुप्ता, बेबी कुमारी, नेहा कुमारी, सरिता कुमारी, रेखा कुमारी, सलोनी बेक, शुशीला कुमारी, रेखा कुमारी, चंदा कुमारी, कविता कुमारी, राघनी कुमारी, समेत कई युवा छात्र शामिल हुई।

# स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत महिलाओं ने निकाली रैली



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिले अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। आज बरियातू प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में सखी मंडल की दीदियों, आंगनबाड़ी सेविकाये, सहिया द्वारा स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता रैली, मतदाता शपथ कार्यक्रम के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही अधिक से अधिक संख्या में 25 मई को अपने घरों से निकलकर वोट करने की अपील की गई।

## अचानक तेज आंधी-तूफान से कई घरों की छतें उड़ीं, लाखों का नुकसान



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** बीते रात अचानक मौसम का मिजाज बदलते ही तेज गर्जन के साथ आंधी तूफान से कई घरों का एलवेस्टर, मचानों में रखे पुआल व पेड़ पौधे गिर गए। प्रखंड के शिबला, बारियातू, गोनिया, टोंटी, अमरवाडीह, डाढ़ा, फूलसु, साल्वे सहित बालूभांग पंचयात के पचफेड़ी ग्राम निवासी रामेश्वर गंझु का घर में लगे एलवेस्टर उड़कर क्षातिग्रहत हो गया। जिससे चालीस हजार से भी अधिक का आर्थिक नुकसान हुआ। प्रखंड वासियों ने बताया कि शनिवार रात्रि लगभग 11 बाजे के आसपास तेज रफ्तार के साथ आंधी तूफान आया और लगभग एक घंटे तक आंधी तूफान चलते रहा। जिससे दर्जनों किसान का मचान मे रखे पुआल हवा से उड़ गया। कई बड़े-बड़े पेड पौधे टूटे गए साथ ही अंधी तूफान इतना भयावह था कि आंधी-तूफान का रफ़्तार के कहर से लोग घर में ही दुबके रहे।

### गिद्धौर प्रीमियर लीग का दूसरा सेमीफाइनल संपन्न

# सिंदुआरी फाइटर और पैंथर इलेवन के बीच खेला जाएगा फाइनल मैच

#### जीपीएल का दूसरा सेमीफाइनल सिंदुआरी फाइटर बनाम सुपरकिंग नयाखाप के बीच खेला गया




**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित जवाहरलाल मैदान में चल रहे गिद्धौर प्रीमियर लीग के दूसरे सेमीफाइन का मुकाबला रविवार को सिंदुआरी फाइटर बनाम सुपरकिंग नयाखाप के बीच खेला गया। जिसमे सिंदुआरी फाइटर ने सुपर किंग नयाखाप को हरा कर फाइनल में जगह बना लिया। इस प्रकार सोमवार सिंदुआरी फाइटर व पैंथर इलेवन के बीच फाइनल मुलाबला खेला जायेगा। दूसरे सेमीफाइन में सिंदुआरी फाइटर ने टास जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया। वहीं पहले बल्लेबाजी करते हुए सुपरकिंग नयाखाप ने निर्धारित 12 ओवर में सभी विकेट खो कर मात्र 98 रन ही बना पाया। जवाबी पारी खेलने उतरी सिंदुआरी फाइटर ने 9 ओवर में तीन विकेट खो कर 100 रन बना कर जीत का लक्ष्य प्राप्त कर लिया। सिंदुआरी फाइटर की ओर से जितेंद्र यादव ने 50 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं सुपरकिंग नयाखाप की ओर से गेंदबाजी करते हुए जगदेव कुमार ने दो विकेट चटकाए। दूसरे सेमीफाइन मैच में मैंन ऑफ दी मैच खगदेव यादव को दिया गया।बताया गया की फाइनल मुकाबला सोमवार को दो बजे से खेला जाएगा।

## रामनवमी महापर्व को लेकर विभिन्न अखाड़ों के सदस्यों के साथ ग्रामीणों ने की बैठक



**गिद्धौर(चतरा)।** रामनवमी महापर्व को लेकर गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित ठाकुरबाडी परिसर में रविवार को विभिन्न अखाड़ों के सदस्यों के साथ ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता वयोवृद्ध समाजसेवी काशीराम दांगी व संचालन मनोज कुमार कुशवाहा ने किया। बैठक में गिद्धौर रामनवमी महासमिति का गठन सर्वसम्मति से कर लिया गया। गठित समिति में कपिल कुमार को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। कमेटी गठन के पश्चात उपस्थित ग्रामीणों ने अध्यक्ष सहित अन्य सदस्य को भगवा गमछा देकर स्वागत किया। नव चयनित अध्यक्ष ने कहा कि इस बार की रामनवमी पूरे उत्साह व भव्य तरीके से मनाया जाएगा। रामनवमी मेला स्थल से मुख्य चौक तक लाइट की व्यवस्था की जाएगी। जबकि दो किलोमीटर तक भगवा ध्वज व पताका से सजाया जाएगा। बैठक में विकास कुमार, कमलेश कुमार, बबलू कुमार साव, मनोज कुमार वर्मा, मुकुटधारी दांगी, बंसी दांगी, जितेंद्र कुमार जीतू, प्रयाग महतो, तीरथ शर्मा, शंकर साव सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

# आंधी-तूफान ने मचाई तबाही, 50 घरों की छतें उड़ीं, फसल हुई बर्बाद

#### मौसम ने किसानों की कमर ही तोड़ दी है, हर फसल को असमय बारिश ने नुकसान पहुंचाया है

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** जिले में बीती रात आंधी-तूफान ने जमकर तांड़व मचाया। तूफान से कई घरों के छप्पर उड़ गए। हवा का असर इतना था कि खपरैल तक को उड़ा ले गया। पूरी रात भर तेज हवा, बारिश और बिजली की गरज चमक ने लोगों को सहमा दिया था। घरों के खपरैल उड़े तो लोग घर से बाहर आ गए। डर में कोई रात में नहीं सो सका। कई ग्रामीणों ने रातभर रतजगा किया। आंधी-तूफान का ज्यादा असर ग्रामीण क्षेत्र में देखने को मिला। कुंदा, प्रतापपुर, सिमरिया, पत्थलगड़ा, गिद्धौर, इटखोरी व मयूरहंड आदि प्रखंड इससे प्रभावित हुए हैं। कई जगहों पर पेड़ गिर गए और बिजली आपूर्ति ठप हो गई। कई जगह बिजली के खंभे टूट गए हैं। बेमौसम बारिश आधी-तूफान से सब्जी की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। इस साल मौसम ने किसानों की कमर ही तोड़ दी है। हर फसल को असमय बारिश ने नुकसान पहुंचाया है। ग्रामीणों ने बताया कि मौसम तो शाम से ही खराब होना शुरू हो गया था। मौसम रात करीब 10:30 बजे ज्यादा बिगड़ा और अचानक तेज हवाएं चलने लगी। धूल और अंधड़ के साथ बारिश होने लगी। धीरे-धीरे तेज हवा तूफान के रूप में बदल गई। जो भी चीज खुले में मिली उसे उड़ा ले गई। कई मकानों के छप्पर उड़ा ले गई। लोग रात में डरकर घर से बाहर निकल गए। जिले के सदर चतरा, पत्थलगड़ा, गिद्धौर, इटखोरी व मयूरहंड प्रखंड इससे अधिक प्रभावित हुए हैं। 50 से अधिक घरों को नुकसान पहुंचा है। वहीं बिजली आपूर्ति शनिवार रात से ही बाधित है जिस पर सुधार कार्य चल रहा है। कई लोगों के घरों में पेड़ गिरे हैं, जिसे हटाया गया। रात को तबाही का मंजर याद कर ग्रामीण सिहर उठते हैं।

#### तेज आंधी ने कुंदा व प्रतापपुर में मचाई तबाही, कई घरों की उड़ीं छतें



**कुंदा/प्रतापपुर(चतरा)।** कुंदा व प्रतापपुर थाना क्षेत्र में बीती रात लगभग 11 बजे आंधी तूफान ने जमकर तांडव मचाया। तेज हवा के साथ चल रही आंधी से कई घरों में लगा कोरकेट उड़ गया। हवा का असर इतना तेज था की मचानों पर रखे किसानों के पुवाल हवा में तैरते हुए कुछ दूर तक बिखर गए। लगभग आधे घंटे चली तेज हवा, बारिश और बिजली की चमक ने लोगों को सहमा दिया। कुसुम्भा गांव निवासी विजय यादव ने बताया की मेरा घर के छत में लगा कोरकेट पूरी तरह नष्ट हो गया, जिससे लगभग बिस हजार रुपए का नुकसान हुआ है। वही बिजय यादव ने अंचलाअधिकारी से क्षतिपूर्ति को लेकर मुआवजे की मांग की है।

## हजारीबाग लोकसभा सीट पर भी वामदलों ने जताया दावा



**चंदवा।** अखिल भारतीय किसान सभा की एक बैठक रविवार को पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित लोगों ने कोडरमा सीट वामपंथी दल के लिए छोड़े जाने पर हर्ष व्यक्त किया। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा नेता प्रमोद साहू ने महागठबंधन के शीर्ष नेतृत्व को कोडरमा लोकसभा सीट वामपंथी दल को देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने आगे कहा कि हजारीबाग लोकसभा सीट भी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की परंपरागत सीट रही है। हजारीबाग से कामरेड भुवनेश्वर प्रसाद मेहता सांसद रह चुके हैं। हजारीबाग क्षेत्र में वामपंथ की पकड़ मजबूत है। उन्होंने महागठबंधन में शामिल दलों के शीर्ष नेतृत्व से बड़ा दिल दिखाते हुए हजारीबाग लोकसभा सीट भाकपा को देने की मांग की है।बैठक में कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में वामपंथी उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव प्रचार में शामिल होने और 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती किसान सभा कार्यालय में मनाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में मो अलाउद्दीन (पप्पू),अनिल साहु,संजय कुमार,तेजु उंराव,निर्मल भगत,प्रकाश गंझू,धनेश्वर तुरी,मछिन्द्र लोहार,बाबूलाल गंझु,बलिंद्र उंराव आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### राजसभा सांसद प्रदीप वर्मा, हुआ स्वागत

**कुडू/लोहरदगा।** नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा शनिवार की शाम पलामू से रांची लौटने के क्रम में कुछ देर के लिए कुडू मेन रोड स्थित प्रेम प्रकाश वर्मा के आवास पर रुके। उनके साथ भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप कुमार स्वर्णकार भी मौजूद थे। कुडू पहुंचने पर प्रेम वर्मा सहित कई स्थानीय लोगों ने राजसभा सांसद का काफी गर्म जोशी के साथ बुके माला पहनाकर स्वागत किया। कुडू में करीब 20 मिनट रुके राजसभा सांसद चाय नाश्ता के दौरान कुडू के संबंध में जानकारी प्राप्त की फिर रांची रवाना हो गए। मौके पर दीपक साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बेहरा टोली नदी के समीप शराब के नशे में धूत युवकों ने जमकर मचाया उत्पात

**गुमला।** पालकोट रोड स्थित बेहरा टोली नदी के समीप शराब के नशे में धूत होकर दो युवकों ने जमकर उत्पात मचाया। अपाचे बाइक से शनिवार की रात लगभग 8 बजे दोनों युवकों ने बेहरा टोली नदी के पास पहुंचकर हल्ला गुल्ला और जमकर उत्पात मचाया। सड़क के बीच में ही बाइक लगाकर सो गए। लोगों ने दोनों को उठाकर किनारे किया। तब महिलाओं को गंदी-गंदी गालियां दी। किसी ने घटना की जानकारी गुमला थाना को दी। जिसके बाद गुमला थाना के एसआई दबंग पांडे घटना स्थल पहुंचकर दोनों युवक को सदर अस्पताल पहुंचाया। युवकों की पहचान सुपाली निवासी सहिंद्र साहु के रूप में हुई जो झारखंड पुलिस में पुलिस लाइन जमशेदपुर में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत है। वह होली की छुट्टी में घर आया हुआ है। वहीं दूसरे युवक की पहचान नागफेनी निवासी डब्लू सिंह के रूप में हुई। वहीं सदर अस्पताल में भी दोनों युवकों ने उपस्थित कर्मियों से दुर्व्यवहार किया। वहीं झारखंड के सीएम को फोन कर कर्मियों को बर्खास्त करवाने की धमकी देने लगे। जानकारी पर मजदूर नेता जुम्मन खान सदर अस्पताल पहुंचे। उनके साथ भी दोनों युवकों ने गाली गलौज व गलत व्यवहार किया।

### बड़ाइक मोहल्ला में चाय दुकान में जमकर हुई मारपीट, दो घायल अस्पताल में भर्ती

**गुमला।** शहर के बड़ाइक मोहल्ला में शनिवार की देर शाम दो युवकों को मोहल्ला वालों ने जमकर पीटा। मारपीट की घटना में शास्त्री नगर निवासी आर्यन सिंह और करम टोली निवासी शिवम सोनी घायल हो गए। इसके बाद दोनों घायलों को सदर अस्पताल लाया। जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार कुछ लड़के लाइब्रेरी में पढ़ाई करने के बाद चाय पीने बड़ाइक मोहल्ला होम्यो पाठक होम के बगल में चाय दुकान पहुंचे। जहां कुछ महिला व युवकों ने कम साउंड में बाजा बजाने व अड्डा बाजी करने को लेकर मना किया।

# लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटा प्रशासन, मतदान केंद्रों का निरीक्षण




**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला प्रशासन के गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस प्रशासन के गुमला जिला पुलिस प्रशासन के गुमला जिला पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह ने आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण संपन्न करने के उद्देश्य से अपने-अपने कार्यों क्षेत्रों के कार्यों को काफी मुस्तैदी पूर्ण अंजाम देने में लगे हुए हैं। विशेष कर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा और प्रवेश द्वार के रूप में इस्तेमाल किए जाने वाले, झारखंड के बॉर्डर क्षेत्रों सहित और उग्रवाद के मांद कहे जाने वाले संवेदनशील क्षेत्र, रायडीह, चैनपुर, कुरुगढ़, डूमरी, घाघरा, बिशुनपुर, नेतरहाट, जोरी, जमटी अन्य अनेक आदि। क्षेत्रों में पड़ने वाले स्कूल, पंचायत भवन आदि में पड़ने वाले बूथों पर गुमला उपयुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह द्वारा लगातार समय-समय पर पहुंचकर स्वयं औचक निरीक्षण करने पहुंच जाते हैं। गुमला जिला पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह मोटरसाइकिल पर सवार होकर भी उक्त क्षेत्रों का दौरा किया जा रहा हैं। और थानों का भी औचक निरीक्षण कर संबंधित पुलिस पदाधिकारीयों और पुलिस कर्मियों से उक्त संवेदनशील क्षेत्रों के अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों, जेल से न्यायालय के बल पर छुटे अपराध कर्मियों, फरारी काट रहे अपराधियों, वारंटियों सहित उग्रवाद के गढ़ों में होने वाले उग्रवादियों की संवेदनशील गतिविधियों पर गिद्ध और बाज वाली दृष्टि रखते हुए। 24 घंटे ऐलट चौकस रहते हुए उक्त क्षेत्रों के प्रत्येक गतिविधियों की जानकारी जुटायी जा रही है ताकि आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 पर किसी प्रकार की व्यवधान उत्पन्न ना हो।

# हाथियों का आतंक, सूचना देने पर भी नहीं पहुंचते वन विभाग के अधिकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रह है। हाथियों के डर से लोग भय के साए में जीने को विवश हैं। ये है कि जंगली हाथियों ने एक ही किसान एडवर्ड मिंज पिता स्व दोमानिक मिंज उम्र 65 परिवार के घर को कुछ दिनों पहले उनका घर तोड़ दिया है। वहीं इस मामले में वन विभाग की ओर से अभी तक पीड़ित परिवार को कोई सहायता भी नहीं मिला है। जिसके चलते गरीब किसान परिवार के समक्ष मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है। अगला मामला चैनपुर प्रखंड के बरटोली गांव से जुड़ा है। जहां जंगली हाथियों ने एक किसानों के घरों को रात में क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही घर में रखे धान को भी चट कर गए। इसके अलावा घर में रखे सामान को भी बर्बाद कर दिया। पीड़ित परिवार ने बताया कि आज मिला कर हाथियों ने दो बार घर को तोड़ दिया किंतु अब तक उन्हें कोई मुआवजा नहीं मिला है। बार बार टूटे हुए घर को बनाते बनाते हमारी स्थिति अत्यंत दयनीय हो गयी है। इस कारण घर का मरम्मत कराने में हमलोग अब बिल्कुल असमर्थ हो गए हैं। वहीं वन विभाग को सूचना करने पर भी वन विभाग मौके पर नहीं पहुंच पाई जिस कारण ग्रामीणों में काफी रोष है। वहीं चैनपुर प्रखंड के बारटोली गांव चारों ओर से घने जंगलों से घिरा हुआ है। ऐसे में यहां जंगली जानवरों का खतरा लगातार बना रहता है। पर इतनी परेशानियों के बावजूद शासन प्रशासन के द्वारा पीड़ित परिवार को किसी भी तरह का कोई मदद नहीं मिलना घोर लापरवाही को दर्शाता है। बता दें कि झारखंड में आए दिन जंगली हाथी इंसानों पर हमला करते रहते हैं। कई बार तो हाथी इंसानों की जान तक ले लेते हैं।

## ईस्टर मना, यीशु के त्याग का किया याद, कब्र पर जलाई मोमबती



**चैनपुर।** पूरे चैनपुर अनुमंडल में मसीह समाज द्वारा ईस्टर संडे पर्व मनाया गया। इस दौरान मसीह समाज के लोगों ने चर्च में प्रार्थना की। वहीं अपने पूर्वजों के याद में उनके कब्र पर मोमबती जलायी। ऐसी मान्यता है कि गुड फ्राइडे के तीसरे दिन ही प्रभू ईसा मसीह दोबारा जीवत हो गये थे। उनके दोबोरा जीवित होने के याद करते हुये ईसाई सम्प्रदाय के लोगों ने ईस्टर संडे मनाया। इस दौरान चैनपुर के चर्चा में प्रार्थना का आयोजन किया गया। वहीं मसीह समाज के कुछ लोगों द्वारा अपने पूर्वजों के कब्र पर जाकर मोमबती जला करके उन्हें याद किया गया। विश्वासियों का मानना है कि इस दिन ईसा मसीह का पुनर्जन्म हुआ था और वह एक बार फिर अपने शिष्यों के साथ रहने लगे थे। ईसा मसीह तीन दिन बाद वापस जिंदा हो गए थे।

इसलिए ईस्टर का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। ईस्टर की तैयारियां पिछले कई दिनों से चल रही थीं। लोगों के चेहरे पर खुशी का भाव दिख रहा था। लोग अपने पूरे परिवार के साथ चर्च में प्रार्थना के लिए आये थे। इसके साथ ही उन्होंने कब्रिस्तान में विशेष प्रार्थना में भी हिस्सा लिया। इस दौरान फादर राजेंद्र तिर्की फादर इनोसेंट कुजूर फादर हेनरी कुल्लू सहित सभी फादर एवं धर्म बहने तथा हजारों की संख्या में क्रिश्चियन विश्वासी उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर एसएसटी व एफएसटी टीम गठित

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल संचालन के क्रम में निर्वाचनों की शुद्धता बनाये रखने के लिए निर्वाचन प्रचार-प्रसार के रुप में नगदी, शराब आदि के वितरण, असामाजिक तत्वों के आवाजाही पर रोक लगाने के उद्देश्य से आयोग के दिशा-निर्देश के आलोक में एसएसटी एफएसटी का गठन किया गया है। निवार्ची पदाधिकारी की हस्तपुस्तिका 2023 के अध्याय 18.11.4 में इन उड़नदस्ता दल स्टेटिक दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी द्वारा जब्ती किये गये नगदी एवं बहुमूल्य सामग्रियों की अवमुक्ति संबंधी विस्तृत निदेश दिया गया है। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान निर्वाचन अवधि में नगदी राशि एवं बहुमूल्य सामग्रियों की जब्ती एवं उसकी विमुक्ति हेतु जिला स्तर पर जिला ग्रीवेंस समिति का गठन गया है। जिसमे दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद् सह-उप विकास आयुक्त, लोहरदगा, मोबाइल नम्बर : 9431118155, अंशु कुमार यादव, राज्यकर सहायक आयुक्त-सह-नोडल पदाधिकारी, व्यय लेखा कोषांग, अभियुक्ति : संयोजक, मोबाईल नम्बर : 9934708967, सुनील कुमार, कोषागार पदाधिकारी, लोहरदगा, मोबाइल नम्बर : 8521099689 शामिल हैं। गठित समिति आयोग द्वारा निर्गत निदेशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए पुलिस अथवा एसएसटी या एफएसटी द्वारा की गई जब्ती के प्रत्येक मामले की जाँच करेगी। समिति यह पाती है कि मानक प्रचालन प्रक्रिया के अनुसार जब्ती के संबंध में कोई प्राथमिकी शिकायत दर्ज नहीं की गई है, या जब्ती का संबंध किसी अभ्यर्थी / राजनीतिक दल/किसी निर्वाचन प्रचार अभियान आदि से नहीं है। यह समिति ऐसे व्यक्तियों जिनसे नकद जब्त किया गया था, के संबंध में स्पिकिंग आदेश पारित करते हुए ऐसी नकद राशि को विमुक्त करने के लिए शीघ्र कार्रवाई करेगी। समिति जब्ती की सभी मामलों की जांच करेगी एवं इस पर निर्णय लेगी। यदि विमुक्ति की राशि 10 लाख रुपये से अधिक है तो आयकर के नोडल अधिकारी को सूचित किया जायेगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा। उक्त आदेश जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा जारी किया गया है।

## स्वच्छ रहें और साफ-सफाई पर ध्यान दें : वेदांत शंकर



**सेन्हा/लोहरदगा।** सेन्हा थाना परिसर में प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने ग्रामीण चौकीदारों के साथ बैठक कर रविवार को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। चौकीदारों को निर्देश देते हुए कहा की गांव में असमाजिक तत्वों पर नजर रखें तथा जो समाज से दूर रहता है। और जिसका गति विधि ठीक नही है। वैसे लोगों को चिंहित कर ध्यान में रखें साथ ही कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लागू है। गांव में कोई भी बैठक या सामूहिक कार्यक्रम आयोजित होता है। तो उसकी सूचना रखें और प्रखंड प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन को त्वरित खबर दें। सभी को वारंट तामिला करने और गवाह को न्यायालय भेजने का भी आवश्यक निर्देश दिया गया। वहीं प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर की देखरेख में थाना परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। लगाए गए फूल व फलदार पौधो में सिंचाई की गई।मौके पर प्रशिक्षु एसपी वेदांत शंकर, पुअनि मनोज कुमार, शिवशंकर मार्डी, अविनाश राम के अलावे सुजीत उरांव, विफई उरांव, दुर्गा महली, प्रतिमा देवी, परमेश्वर लोहरा, सत्यनारायण कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## केंद्रीय महावीर मण्डल के अध्यक्ष बने विपुल तमेड़ा व महासचिव अंकित वर्मा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** केंद्रीय महावीर मण्डल सत्र 2023-24 के अध्यक्ष रोहित कुमार के अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें संरक्षकों द्वारा आगामी सत्र 2024-25 में रामनवमी महोत्सव को धुमधाम पूर्वक उल्लासपूर्ण माहौल में शांतिपूर्वक कैसे सम्पन्न हो चर्चा की गयी। ततपश्चात पिछले सत्र का आय व्यय ब्यौरा कोषाध्यक्ष हिमांशु केशरी के द्वारा रखा गया। जिसे ध्वनिमत से पारित की गयी। ज्ञातव्य हो कि पिछले दो वर्ष से भव्यता के साथ रामनवमी महोत्सव रोहित कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई उसके बावजूद सालो भर धार्मिक कार्यक्रम करते हुए भी राशि बचत की गयी। जिसे नयी समिति को सौंप दिया जायेगा। रोहित कुमार द्वारा अध्यक्षीय भाषण पश्चात सर्वसम्मति से पुराने समिति को भंग कर दिया गया एवं उपस्थित सभी अखाड़ा प्रमुख, प्रतिनिधि तथा संरक्षकों की सहमति से सत्र 2024-25, हेतु बरवा टोली निवासी विपुल तामेंड़ा को अध्यक्ष व ढोरहा टोली निवासी अंकित वर्मा को महासचिव की जिम्मेवारी दी गयी। अध्यक्ष विपुल तामेंड़ा ने सनातन समाज



की चलते आ रही परम्परा को सभी सनातनियों के सहयोग से आगे बढ़ाने की बात कही एवं रामनवमी समेत सभी धार्मिक कार्यों भव्यतापूर्ण तरीके से मनाने हेतु अपनी प्रतिबद्धता जताया। दो दिनों के अंदर कमिटी विस्तार कर पूरा करने की बात कही। धन्यवाद ज्ञापन पूर्व महासचिव जागेश्वर साहू द्वारा किया गया। बैठक में संरक्षक मण्डली में ओम प्रकाश सिंह, चंद्रशेखर अग्रवाल, परमेश्वर साहू, राजेश महतो, श्रीचंद प्रजापति, मोहन दुबे, अजय पंकज डबलू राय, रितेश कुमार, कंवलजीत सिंह, अशोक घोष, मनोज साहू, अशोक साहू, संजय नायक के अलावे विभिन्न अखाड़ा के सैकड़ो प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

## भाजपा प्रत्याशी ने कैरो में चलाया जनसंपर्क कहा- सबका साथ, सबका विकास

**कैरो / लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने कैरो क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। खंडा गांव में जनसंवाद और जनसंपर्क अभियान में क्षेत्र के ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उनकी समस्याओं को सुना और सुलझाने के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही। मौके पर समीर उरांव ने क्षेत्र के लोगों से कहा की मैं बेटा और भाई बनकर सेवा और विकास के कार्य में तत्पर रहूंगा। आपके अगाध प्रेम, स्नेह और आशिर्वाद ने ही नया मुकाम दिलाया है। अब इसे बरकरार रखने की जिम्मेवारी आप सभी की है। भाजपा ने लोहरदगा लोकसभा से मुझ पर विश्वास जताया है। देश की सर्वोच्च पंचायत लोकसभा में आपकी आवाज बनकर गुजूंगा। इस मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष लखन उरांव, हीरा सिंह, बजरंग उरांव, राजेंद्र महतो, दीपक साहू, राममोहन रविदास, विनोद रविदास, कैलाश महतो, सुरेंद्र साहू, धनेश्वर साहू, शिवनारायण सिंह, देवनारायण साहू, मदन उरांव, संदीप साहू,बना उरांव, लखन उरांव, सुभाष उरांव, विकास साहू, जयू सिंह सहित अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद रहें।



### प्यार में धोखा मिलने पर युवक ने खाया कीटनाशक सदर अस्पताल में भर्ती

**गुमला।** गुमला सदर थाना स्थित उर्मि ग्राम निवासी 22 वर्षीय युवक बाली गोप अपनी प्रेमिका के प्यार में अंधा होकर बेपनाह मोहब्बत कर बैठा। उसके मोहब्बत के जाल में फंसकर शनिवार के रात्रि कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या का किया प्रयास। परन्तु कीटनाशक पदार्थ खाने के बाद उसे एहसास हुआ कि वह कीटनाशक पदार्थ खाकर गलत कदम उठा लिया है। जो गलत है फिर क्या था, उसने अपने परिजनों को बताया कि वह एक लड़की से बेपनाह मोहब्बत कर बैठा है। उक्त प्रेमिका है कि वह दूसरे लड़के के संपर्क में भी हैं। दिन भर उस लड़के के साथ मोबाइल में गुटर गू करती रहती है। और जब मैं सच्चाई जानने के लिए , उससे उसका मोबाइल मांगने लगा तो, वह आनाकानी करने लगी। बाद में उक्त मोबाइल देने से साफ इनकार कर गई। उसका तेवर ऐसा बदला की प्रेमिका ने दिया। प्यार किसी की निजी जायदाद नहीं, जिस पर कोई अपना अधिकार जमा? वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए उसने मुझसे बात भी करना एकाएक बंद कर दी। तब मुझे एहसास हुआ की मेरी प्रेमिका ने मुझे प्यार में धोखा दे दी हैं। फलस्वरूप मैं एकाएक विचलित हो गया और अपने नाजुक दिल टूटने पर कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया हूं। उक्त प्रेम कहानी सुनाने के बाद उसके परिजनों ने आनन-फानन में उसे इलाज के लियें सदर अस्पताल गुमला में भर्ती करवाया हैं जहां उसका इलाज चल रहा है।

## महिलाओं को सशक्त बनाने का हो रहा प्रयास : आरती

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की कार्य समिति बैठक जिला अध्यक्ष कलावती देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, सामेला भगत, बबीता वर्मा रेनू तिर्की और भारती सिन्हा शामिल थी। मौके पर आरती सिंह ने कहा कि महिला महा जनसंपर्क अभियान में भाजपा महिला विशेष जिम्मेवारी है। भाजपा की सरकार मोदी जी के नेतृत्व में लगातार महिलाओं को सशक्त करने के लिए कई ऐसे कदम उठाए हैं। जिसका सीधा-सीधा लाभ हम सभी माता एवं बहनों को मिला है। बबीता वर्मा ने कहा कि हम सभी बहनें मिलकर भारतीय जनता पार्टी की द्वारा निर्धारित 400 लक्ष्यों को पूरा करने में मातृशक्ति का बड़ी भूमिका होगी । मौके पर पूनम देवी आशा देवी, ईशा कुमारी, ममता देवी, जयश्री उरांव, सरिता देवी, संगीता देवी, सरस्वती देवी, बिंदिया देवी, सुमन देवी ,पूजा देवी ,पुन्नू देवी, प्रमिला उरांव, मनीता उरांव जयंती देवी, जानकी देवी, आशा देवी, खुशबू देवी ,बुद्धन देवी,दुर्गावती देवी, राखी पांडेय, मानती देवी, आरती रजक अन्य उपस्थित थे।

## विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला का द्वितीय दिवस आयोजित की गई। आचार्य कार्यशाला का द्वितीय दिवस पांच सत्रों में संपादित हुआ। आचार्य कार्यशाला के द्वितीय दिवस का प्रथम सत्र गीत, योग सह वंदना के साथ प्रारंभ हुआ। द्वितीय सत्र मे स्थाई भौतिक सामग्री एवं पंजी सत्यापन, तृतीय सत्र में शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक विकास पर चर्चा, चतुर्थ सत्र मे समय-सारणी पर चर्चा और पंचम सत्र मे पाठ्यक्रम क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि शैक्षणिक विकास, सह शैक्षणिक विकास के द्वारा ही संभव है। छात्र-छात्राओं के लिए वर्ष में दो बार आवश्यक रूप से करियर काउंसलिंग का आयोजन किया जाना चाहिए। कायर्क्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह, प्रीति कुमारी गुप्ता, रेणु कुमारी, रश्मि साहु, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, चेतना प्रिया, स्नेहा शर्मा, अर्चना कुमारी, सनोज कुमार साहु, रितेश कुमार पाठक, आरती भगत सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## कंडरा चेक पोस्ट पर पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा/लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा में निर्मित अस्थायी चेक पोस्ट के समीप स्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा चुनाव आयोग के निर्देश पर दण्डाधिकारी की मौजूदगी में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आर्दश अचार संहिता लागू होने पर लगातार वाहनों की जांच किया जा रही है। उसी क्रम में रविवार को जांच के दौरान एस आई अविनाश कुमार राम के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान राजनीति पार्टी पोस्टर, झंडा, अवैध हथियार, गंजा, ब्राउन शुगर, चरस, शराब या अन्य नशा पदार्थ तथा पैसा का जांच किया गया। वाहन जांच के दौरान वाहन में रखें बैग थैला सहित अन्य चीजों की तलाशी लिया गया। सन्देहास्पद व्यक्तियों पर चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस द्वारा पैनी नजर रख जा रहा है।जिससे अपराध पर अंकुश लग रहे। वाहन जांच में बालू की अवैध परिवहन में और बॉक्साइड ट्रक में भी ओभर लोड कर परिवहन करने में कमी आई है।मौके पर एस आई अविनाश कुमार राम दल बल के साथ मौजूद थे।

## छात्र लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करें सफलता कदम चूमेंगी : अवनीश

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा/लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र स्थित जिला के जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में वार्षिक परीक्षाफल वितरण सह अभिभावक शिक्षक काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम आयोजन से पूर्व छात्राओं द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत कर तथा प्रचार्य एवं तिथियों के द्वारा दिप प्रज्वलन कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। छात्र छात्राओं को प्रचार्य अवनीश चन्द्र झा ने सम्बोधित करते हुए कहा की मेहनत करें सकारात्मक फल मिलेगा। कोई भी कार्य में सफलता प्राप्त करने के लिये परिश्रम के साथ मेहनत करना आवश्यक होता है। आप सभी लोग




लक्ष्य लेकर पढ़ाई और कार्य करें सफलता आपकी कदम चूमेगी इसमें संदेह नही है। वहीं अभिभावकों से अनुरोध करते हुए निवेदन किया कि बच्चे बच्चियों का भविष्य निर्माण में शिक्षकों का सहयोग करें। जिसे नवोदय विद्यायल में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं का भविष्य संवर सकेगा साथ ही कहा कि जब बजी आप बच्चों से मिलन्द विद्यालय आते हैं। तो शिक्षक शिक्षिकाओं से भी मुलाकात कर बच्चे की पढ़ाई व रहन सहन के बारे में जानकारी लें। वहीं अभिभावक शिक्षक काउंसलिंग में जिला के सभी सातो प्रखंड से सत्र 2024 - 25 के लिये महिला व पुरुष सदस्य का चुनाव किया गया। तथा कार्यक्रम के पश्चात षष्ठ, सप्तम,अष्टम,नवम और ग्यारहवीं कक्षा में कक्षावार प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर धनंजय कुमार, रमेश उपाध्याय, कुमुदनी प्रसाद, अरुण नागलोत, सूरज पाण्डेय, आरती विश्वकर्मा, सुनील कुमार, सिमा जायसवाल सहित अभिभावक व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## लोहरदगा में एक किलो अवैध गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर स्थानीय पुलिस लगातार अवैध मादक पदार्थ के कार्यबारियों के खिलाफ अभियान चला रही है। इसके तहत रविवार दोपहर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां के निर्देश पर सदर थाना क्षेत्र के कृषि बाजार स्थित व्यावसायिक प्रतिष्ठान में छापामारी की गई। सदर थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर की अगुवाई में की गई छापामारी में लगभग एक किग्रा अवैध गांजा एवं गांजा भरा सिगरेट 54 पीस जप्त किया गया। मौके पर प्रतिष्ठान संचालक वनवासी कल्याण केंद्र के समीप से भुनेश्वर साहू का 21 वर्षीय पुत्र सौरभ साहू को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। अवैध नशा कारोबार करने के आरोप में गिरफ्तार सौरभ साहू ने पुलिस के समक्ष मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है। सदर थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर ने इस संदर्भ में पत्रकारों को बताया कि, आरोपी के विरुद्ध सदर थाना कांड संख्या 69/ 2024 दर्ज कर उसे नामजद आरोपी बनाया गया है। गिरफ्तार आरोपी को देर शाम जेल भेज दिया गया है। उल्लेखनीय हो कि पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में लगातार मादक पदार्थ के कार्यबारियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। चंद दिनों पूर्व देसी अवैध महुआ शराब भारी मात्रा में जब्त कर उसे नष्ट किया गया।

## एक नजर

### गुड़ाझोर सबर बस्ती में पानी को लेकर सबर परिवारों की बढ़ी चिंता

**घाटशिला।** बाघुड़ीया पंचायत के गुड़ाझोर सबर बस्ती में पीने के पानी को लेकर सबर परिवारों की चिंता बढ़ गई है। गुड़ाझोर सबर बस्ती में दो नल और एक सोलर जलमीनार लगा हुआ है लेकिन विगत कई वर्षो से खराब पड़ा हुए हैं। केशरपुर रोड किनारे सीआरपीएफ के द्वारा एक पानी की टंकी दी गई है पर बिजली नहीं रहने से वह भी बेकार हो गया है। सबरो को पीने की पानी के लिए लगभग 500 मीटर की दुरी तय करनी पड़ती है। सबरों को दुसरे सबर बस्ती से पानी लाने जाना पड़ता है इस संबंध में होलो सबर ने बताया कि विगत कई वर्ष से सोलर जलमीनार बंद पड़ा हुआ है। इसकी जानकारी पंचायत प्रतिनिधि से लेकर विभागीय पदाधिकारी को दी गई थी लेकिन ना तो पंचायत प्रतिनिधि और ना ही जनप्रतिनिधियों ने कोई सुधी अब तक ली है। साथ ही विभाग भी मौन धारण किया हुआ है। उन्होंने कहा कि गर्मी ने दस्तक दे दी है। पानी नहीं तो कुछ भी नहीं है। अब हम लोग करे तो क्या करे। क्योंकि गर्मी में पानी के लिए और जुझना पड़ेगा।

### सारंडा जंगल में लगी आग को बुझाने में नाकाम हैं वनकर्मी

**नोवामुंडी।** सारंडा वन प्रमंडल के अधीन गुवा वन क्षेत्र रेंज में वन विभाग के कर्मचारी छोटे वाहन होने के बावजूद वाहन विहीन है। बिना वाहन के वनकर्मी सारंडा जंगल में लगने वाली आग को बुझाने तथा जंगल के खिलाफ जारी अन्य गतिविधियों को रोकने के लिए तुरंत घटनास्थल पर नहीं पहुंच पाते हैं। उल्लेखनीय है कि सारंडा जंगल की रक्षा, जंगल में लगने वाली आग को रोकने समेत वन व पर्यावरण से संबंधित अन्य गतिविधियों को चलाने की बड़ी जिम्मेदारी अन्य रेंज की तरह गुवा वन क्षेत्र के रेंजर रामनंदन राम व अन्य वनकर्मियों पर है। इस रेंज में एक भी नया वाहन नहीं है। वैसे रेंजर रामनंदन राम गुवा रेंज के अलावे लगभग चार अलग रेंज के भी प्रभार में हैं। इस कारण वे सारंडा के गुवा रेंज में ज्यादा समय नहीं दे पाते हैं। गर्मी के मौसम में सारंडा के विभिन्न क्षेत्रों में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। सूचना मिलने के बाद भी वनकर्मी समय पर आग लगने वाले क्षेत्रों में आग बुझाने नहीं पहुंच पा रहे हैं। वजह है इनके पास पर्याप्त वाहन का नहीं होना। वनकर्मियों को विभाग से मोटरसाइकिल अथवा साइकिल भी नहीं मिला है कि वे उसके माध्यम से अविलम्ब घटनास्थल पर पहुंचें। गुवा रेंज भगवान भरोसे चल रहा है। इस रेंज क्षेत्र के जंगलों में अनेक विकास योजनाएं वन विभाग द्वारा चलाई जा रही है। इसमें भी भारी अनियमितता के साथ-साथ सारंडा के बेरोजगारों को रोजगार नहीं देकर मशीन व बाहरी ठेकेदार व मजदूर से कार्य कराने का मामला सामने आ रहा है।

### युवक ने नाबालिग से किया दुष्कर्म का प्रयास पुलिस ने किया गिरफ्तार

**धनबाद।** निरसा प्रखंड के एमपीएल ओपी क्षेत्र के सिरपुरिया गांव में एक युवक पर अपने ही गांव की एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोप लगा है। पुलिस ने आरोपी युवक को रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। युवक का नाम मुकेश बाउरी (27) बताया जा रहा है। घटना शनिवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे की है। जब नाबालिग लड़की अपने गांव के तालाब में घर का बर्तन धो रही थी। तभी लड़की को अकेला देखकर आरोपी उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा और दुष्कर्म करने का प्रयास किया। नाबालिग लड़की के चिल्लाने पर जब उसकी मां मौके पर पहुंची, तो आरोपी मुकेश बाउरी वहां से भाग निकला। इसके बाद पीड़िता की मां ने घटना की शिकायत एमपीएल ओपी में की। इस संबंध में निरसा एसडीपीओ रजत माणिक बाखला ने अपने मैथन स्थित कार्यालय में जानकारी देते हुए बताया कि घटना की शिकायत पर ओपी प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर आरोपी मुकेश बाउरी को गिरफ्तार कर लिया है।

# केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की झामुमो दोनों भ्रष्टाचार में डूबी हुई हैं : लालचंद महतो

## पूर्व ऊर्जा मंत्री महतो ने लोकसभा चुनाव लड़ने पर नहीं लिया है अंतिम निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
झारखंड के पूर्व ऊर्जा मंत्री लाल चंद महतो द्वारा गठित कथित तीसरे मोर्चे द्वारा आज गिरिडीह लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के कई प्रखंडों से हिंद मजदूर किसान यूनियन के प्रतिनिधि तथा कार्यकर्ताओ का सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें गिरिडीह, डुमरी, गोमियां,बेरमो, टुंडी, बाघमारा आदि विधान सभा क्षेत्रों से हिंद मजदूर किसान यूनियन के प्रमुख कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। हालांकि मौके पर अपेक्षाकृत कम भीड़ देखकर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व ऊर्जा मंत्री श्री महतो ने मौके पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने अभी आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने का अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया है। चुनाव लड़ने के लिए अत्यधिक राशि की आवश्यकता होती है,उसका प्रबंध किया जाना है। रविवार को इसरी बाजार स्टेशन रोड स्थित तेरहपंथी कोठी में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता मणि गोप व संचालन हिमकियू के डुमरी अनुमंडल अध्यक्ष गंगाधर महतो ने किया। कार्यक्रम का आयोजन बहुजन सदान मोर्चा और हिन्द मजदूर किसान यूनियन के सहयोग से किया गया था।

इस दौरान कार्यकताओं के बीच विचार मंथन और चुनाव में विजय पर विचार विमर्श किया गया।उपस्थित वक्ताओं ने झारखंड के तीसरे मोर्चे का प्रतिनिधित्व करने वाले श्री महतो को बधाई दी।वहीं श्री महतो ने कहा कि आज तक जितने लोग लोकसभा का चुनाव जीत कर संसद में गए वे क्षेत्र में कहीं भी सक्रिय नजर नहीं आये और ना ही किसी तरह का कोई विकास ही नजर आया।कहा कि उन्हें यदि जनता का आशीर्वाद मिला तो गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के बेरोजगार शोषित पीड़ित वंचित युवाओं को हक और अधिकार को दिलाने का काम करेंगे।

इस दौरान केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के नीतियों पर जमकर हमला बोला।कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार को किसी भी हालत में खत्म करना है,अन्यथा देश में भ्रष्टाचार,गरीबी और बेरोजगारी यूं ही बढ़ती रहेगी।कहा कि इस सरकार ने कई सरकारी उपक्रमों को बेचने और देश के युवाओं को बेरोजगारी के दलदल में धकेलने का काम किया है।साथ ही उन्होंने वर्तमान झामुमो सरकार की भी तीखी आलोचना की।कहा कि आजकल कोई भी नेता सरकारी कार्यालयों में व्याप्त घूसखोरी और भ्रष्टाचार के विरुद्ध मुंह नहीं खोलना चाहते।

## तिसरी में धनेश्वर साव के घर से 2 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा बरामद

### पुलिस ने धंधेबाज धनेश्वर साव और उसके पुत्र रविंद्र कुमार को किया गिरफ्तार

**2 लाख 31 हजार 530 रुपये नकद बरामद**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
**गिरिडीह।** तिसरी प्रखंड अंतर्गत कलवा नदी के समीप धनेश्वर साव के घर से तिसरी पुलिस द्वारा रविवार को 2 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है। साथ ही 2 लाख 31 हजार 530 रुपए नगद राशि भी बरामद हुई है। मौके से पुलिस ने धंधेबाज धनेश्वर साव और उसके पुत्र रविन्द्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। तिसरी थाना प्रभारी संजय नायक ने प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी दी। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा को मिले गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की गई है। एसपी द्वारा खोरीमहुआ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के आदेश पर उनके नेतृत्व में तिसरी पुलिस सदलबल व मजिस्ट्रेट के साथ तिसरी थाना अन्तर्गत कलवा नदी के समीप धनेश्वर साव के घर पहुंचीं।

जहाँ नोटिस के बाद घर की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान 2 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। वहीं पुलिस को घर से दो लाख इकतीस हजार पाँच सौ तीस रुपये नगद भी मिले हैं। धंधेबाज धनेश्वर साव और उसके पुत्र रविन्द्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। इन दोनों के विरुद्ध कांड संख्या 18/2024 दर्ज कर दोनों को न्यायायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार पिता-पुत्र ने बताया कि वे लोग काफी समय से इस धंधे में लगे हुए हैं। इस धंधे में इन दोनों व्यक्तियों ने बिहार के मंटू नामक व्यक्ति की संलिप्तता होने की भी बात बताई है। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी के अलावा एएसआई सुदर्शन बिन, आरक्षी अनिल यादव और निरंजन राय शामिल थे।

## बैडमिंटन खिलाड़ी हत्याकांड का खुलासा, दो गिरफ्तार




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जमशेदपुर के अंतरराष्ट्रीय पारा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रशांत कुमार सिन्हा की हत्या के आरोप में पुलिस ने काजल सुमन और उसके आशिक रौनक कुमार को रविवार को जेल भेज दिया। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने रविवार को बताया कि काजल ने ही रौनक के साथ मिलकर प्रशांत की हत्या की और फिर शव को बोरे में भरकर हजारीबाग के छड़वा डैम से नीचे फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी रौनक के पास से प्रशांत की कलाई घड़ी और घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की है।

एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि प्रशांत की मां ने बिरसानगर थाने में काजल के खिलाफ अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने टेक्निकल टीम की सहायता से काजल और उसके साथी रौनक को हजारीबाग पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया। एसएसपी ने बताया कि काजल ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि प्रशांत के साथ वर्ष 2019 से उसकी दोस्ती थी।

## धनवार के बरजो में पंखे से झूलती हुई मिली विवाहिता




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
धनवार थाना क्षेत्र अंतर्गत बरजो गांव में एक 22 वर्षीय विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का मामला सामने आया है। महिला का शव पंखा के रड पर झूलता हुआ पाया गया है। मृतका गंगापुर गांव की शीला देवी बताई जा रही है। जबकि घटना शनिवार की रात की है। मिली जानकारी के अनुसार शीला देवी, रंजीत विश्वकर्मा उर्फ कारू विश्वकर्मा की पत्नी थी। पति हैदराबाद में अपना रोजी-रोटी का काम करके अपना और अपने घर का भरण पोषण किया करता था।

इनकी दो वर्ष की एक पुत्री भी है जो अपनी मां के साथ एक रूम में सोने के लिए गई थी रात 12:00 बजे बच्चों की रोने की आवाज सुनकर अगल-बगल के लोग आवाज देने लगे। किसी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं आने पर ग्रामीणों को इसकी सूचना दी गई।

स्थानीय पंचायत समिति सदस्य लालजीत कुमार पाण्डेय और बरजो पंचायत के पूर्व मुखिया सबदर अली घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने इसकी सूचना धनवार थाने को दी। धनवार पुलिस अशोक मंडल के नेतृत्व में दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर वीडियोग्राफी करते हुए घर का दरवाजा तोड़कर रस्सी के सहारे झूल रही शीला देवी को बाहर निकाल कर धनवार थाना ले गई। इधर लड़की के मायके वाले के तरफ से किसी तरह का कोई आवेदन धनवार थाना को नहीं दिया गया है।

## गिरिडीह पुलिस ने नवादा गांव डकैती कांड का किया खुलासा







**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
जिले के ताराटांड़ थाना क्षेत्र के नवादा गांव में बीते 19 मार्च को कुछ अज्ञात अपराधियों द्वारा साबिता देवी पति हेमलाल मंडल के घर में घुसकर उनके एवं उनके परिवार को एक रूम में बंधक बनाकर पाँच लाख रुपये नगद और पाँच भरी सोने का जेवरात की डकैती कर लिया गया था।जिसके बाद पीड़िता साबिता देवी पति हेमलाल मंडल के द्वारा ताराटांड़ थाना में अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध आवेदन दिया गया था। जिसकें बाद घटना की गंभीरता को देखते हुए गिरिडीह एसपी के निर्देश पर कांड के उद्वेदन हेतु एक छापामारी टीम का गठन किया गया।

गिरिडीह एसपी के दिशा-निर्देश में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर के नेतृत्व में गठित छापामारी दल के द्वारा मानवीय सूचना के आधार पर उक्त कांड में संलिप्त कुल चार अपराधकर्मियों को अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार करते हुए उनके पास से डकैती के एक लाख तीन हजार पाँच सौ (1,03,500/-) रुपये, डकैती के रुपये से खरीदी गई एक अपाची मोटरसाईकिल को बरामद किया गया। एवं डकैती में प्रयुक्त की गई एक पल्सर मोटरसाईकिल को भी जप्त किया गया। आगे मामले की जानकारी देते हुए बताया गया कि कांड के अनुसंधान में यह बात भी प्रकाश में आई कि गिरफ्तार अभियुक्त में से एक अभियुक्त इस कांड का मास्टरमाइंड मिथलेश मण्डल है।

## जेई की जांच में सड़क मरम्मत कार्य में मिली गड़बड़ी, सुधार का दिया निर्देश





**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
**बिरनी।** भरकट्टा मुख्य सड़क से बरायां तक सड़क मरम्मती में अनिमितता की जांच शनिवार को जेई देवनारायण महतो द्वारा किया गया। इस दौरान बन रहे पुलिया में पुराने पत्थर को लगा देख जेइ भड़क गए । ज्ञात हो कि सड़क मार्ग में पूर्व से पुलिया बना हुआ था जिसे तोड़ कर नया पुलिया बनाया जाना था परन्तु संवेदक द्वारा पुराने पुलिया में लगाए पत्थर को ही इस पुलिया में प्रयोग किया जा रहा था। जिसे देख जेइ महतो ने कहा सरकार स्टीमेट में नया पुलिया बनाने के लिए पैसा दे रही है तो फिर पुराने पुलिया में लगे पत्थर इसमें लगाने का क्या मतलब है। उन्होंने संवेदक को फटकार लगाते हुए कहा इसे तोड़कर ने सिरे से नया पत्थर लगा कर पुलिया निर्माण किया जाएगा अन्यथा इसका बिल नहीं दिया जाएगा।

इसके अलावा जेई महतो ने कहा पत्थर जुड़ाई के बाद सीमेंट डाल कर पानी अवश्य डालें तभी पत्थर के बीच में स्पेस भरेगा। मौके पर उपस्थित केशोडीह मुखिया केके वर्मा एवं मनकडीहा मुखिया निरंजन वर्मा ने जेइ से शिकायत किया कि संवेदक स्टीमेट को ताक पर रखकर काम कर रहा है। संवेदक ने होली के पहले पीसीसी की ढलाई किया जिसमें मात्रा से कम सीमेंट का प्रयोग किया एवं ढलाई के बाद एक से दो दिन पानी दिया है।

अब यह सड़क कितनी मजबूत रहेगी इसका अंदाजा आप खुद लगा सकते हैं। उन्होंने कहा संवेदक लापरवाही पर लापरवाही करते जा रहा है काम में सुधार नहीं हुआ तो उच्च अधिकारी से शिकायत किया जाएगा। केशोडीह मुखिया केके वर्मा ने बताया कि जेइ के निर्देश के बाद भी पुलिया में लगाए गए पुराने पत्थर को हटाए बगैर संवेदक दुबारा काम शुरू कर दिया।

### डीएवी में उमंग -3 सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**किरीबुरु।** बोलानी टाउनशिप क्षेत्र स्थिति डीएवी पब्लिक स्कूल मे शनिवार की रात वार्षिक दिवस कार्यक्रम के तहत उमंग -3 सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे बोलानी के मुख्य महाप्रबंधक सह चैयरमेन जयदेव चट्टोपाध्याय उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप मे डा0 के.सी.सतपति (क्षेत्रीय निदेशक, डीएवी संस्थान ओडिशा), संजय कुमार देव, उत्कर्ष गौरव, उमेश प्रसाद, संजीव कुमार, रोशन राजा (डिप्टी कमांडेंट सीआईएसएफ) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर स्कूली छात्रों द्वारा डीएवी गीत के साथ अतिथियों के सत्कार में स्वागत गीत की प्रस्तुति की गई।

## न्यूज बॉक्स

### तूफान ने कई घर समेत बकरा शेड को किया क्षतिग्रस्त



**बिरनी।** में बीती आधी रात्रि को तूफान ने इस तरह तबाही मचाई की कई घर के दीवार, अल्बेस्टर समेत पेड़ को क्षतिग्रस्त कर दिया। बिरनी प्रखंड के गुड़ीटाँड के गांव निवासी कुर्बान अंसारी, जमाल अन्सारी के दोनों का घर आये तूफान ने क्षतिग्रस्त कर दिया। दोनों ने बताया कि रात्रि को अचानक तूफान ने इस तरह का क्षति पहुचाया है। कभी भरपाई नहीं किया जा सकता है। इन्होंने ने बताया कि छत में लगा अल्बेस्टर उड़ा दिया। साथ ही साथ कलीम अन्सारी का बकरा शेड का नुकसान पहुंचा है। सुबह जब देखा तो सब इधर उधर बिखरे हुए थे। इस घटना की सूचना ग्रामीणों को दिया गया। तब जाकर सैफुल अहमद पहुँचकर जायका लिए।

### झारखंड स्टेट योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 7 को, 5 से लेकर 60 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागी होंगे शामिल



**जमशेदपुर।** वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन (डब्ल्यूएफएफ) ऑफ योगासना स्पोर्टस इंडिया के झारखंड चैप्टर द्वारा आगामी 7 अप्रैल को बिष्टुपुर मिलानी हॉल में एक दिवसीय ह्णझारखंड स्टेट योगसना स्पोर्ट्स चैंपियनशिपह्ण का आयोजन किया जाएगा। इसके लिये संस्था द्वारा लगातार बैठकें कर इसकी तैयारी की समीक्षा की जा रही है। इसमें भाग लेने के लिये राज्यभर के स्कूल-कॉलेज व विभिन्न संस्थाओं से संपर्क साधा जा रहा है। संस्था को लोगों से बेहतर रिस्पांस भी मिल रहा है। इस संबंध में वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन (डब्ल्यूएफएफ) ऑफ योगासना स्पोर्टस इंडिया के अध्यक्ष सह सरकार योगा एकेडमी के संस्थापक योगगुरु अंशु सरकार ने बताया कि दिनभर चलनेवाले उक्त प्रतियोगिता में कई इवेंट आयोजित किये जाएंगे। सभी प्रतियोगिताएं अलग-अलग आयु वर्ग की श्रेणी (कुल 12) में होंगे। सभी प्रतिभागियों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना जरुरी है। श्री सरकार ने बताया कि प्रतियोगिता में सब जूनियर (सभी मे बॉयज एंड गर्ल्स) ग्रुप ए (5 से 9 वर्ष) और बी (10 से 14 वर्ष), जूनियर ग्रुप (15 से 18 वर्ष), सीनियर (सभी मे पुरुष व महिला) ग्रुप ए (19 से 22 वर्ष), बी (23 से 26 वर्ष) और सी (27 से 30 वर्ष), सुपर सीनियर ग्रुप (31 से 40 वर्ष पुरुष व महिला), मास्टर्स (सभी मे पुरुष व महिला) ग्रुप ए (41 से 50 वर्ष), बी (51 से 60 वर्ष) और सी (60 वर्ष से अधिक), मॉम्स कैटेगरी (सिर्फ महिला-ओपन ग्रुप) तथा स्टार कैटेगरी (सिर्फ दिव्यांग-ओपन ग्रुप) शामिल है। अंशु सरकार ने बताया कि चूंकि प्रतियोगिता में राज्य के अलग-अलग जिलों से प्रतिभागी शामिल होंगे, इसलिये इसका शुभारंभ पूर्वान्ह 8 बजे होगा तथा शाम 6 बजे से पुरस्कार वितरण समारोह शुरू होगा। उन्होंने बताया कि उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि डब्ल्यूएफएफ के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम भादुरिया उपस्थित होंगे। अन्य अतिथियों में जैपआईटी (झारखंड सरकार) के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर राज कुमार गुप्ता तथा टाटा स्टील के उपाध्यक्ष (शेयर्ड सर्विस) प्रोबाल घोष शामिल होंगे। वहीं पुरस्कार वितरण समारोह में जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल मुख्य अतिथि होंगे, जबकि अन्य अतिथियों में समय कंस्ट्रक्शन ग्रुप के निदेशक राजेश सिंह तथा संस्था डबल्यूएफएफ की रीतु रावत आदि शिरकत करेंगी।

### ईसाई समुदाय के लोगों ने मनाया ईस्टर पर्व



**नोवामुंडी।** गुवा में ईसाई समुदाय के लोगों ने गुड फ्राईडे के बाद मनाया जाने वाला पहला संडे को ईस्टर संडे के रूप में हर्षोउल्लास के साथ मनाया। गुड फ्राइडे के दिन यीशु मसीह के बलिदान को याद किया जाता है। लोग दुखी होते हैं। वहीं ईस्टर संडे पर उनकी खुशी दोगुनी होती है, क्योंकि ईसाई धर्म के लोगों का मानना है कि गुड फ्राइडे के तीसरे दिन यानी गुड फ्राइडे के बाद आने वाले रविवार को यीशु मसीह दोबारा जीवित हुए थे। यीशु मसीह के जीवित होने की खुशी में ईसाई समुदाय के लोग ईस्टर संडे मनाया। प्रभु यीशु मसीह प्रेम और शांति के मसीहा थे। दुनिया को प्रेम और करुणा का संदेश देने वाले प्रभु यीशु को उस समय के धार्मिक कट्टरपंथी ने रोम के शासक से शिकायत करके उन्हें सूली पर लटका दिया था। इसी वजह से ईसाई धर्म के लोग गुड फ्राइडे के दिन प्रभु यीशु के बलिदान को याद करते हैं। लेकिन कहा जाता है कि प्रभु यीशु इस घटना के तीन दिन बाद यानी ईस्टर संडे के दिन पुनः जीवित हो उठे थे। ईस्टर संडे को बदलाव का भी दिन माना जाता है। कहा जाता है कि इस दिन यीशु मसीह के जीवित होने के बाद उनको यातनाएं देने वाले और सूली पर चढ़ाने वाले लोगों को भी बहुत पश्चाताप हुआ था। ईस्टर संडे के दिन ईसाई समुदाय के लोग अहले सुबह कब्रिस्तान में जाकर अपने पूर्वजों के कब्र पर मोमबत्तियां जलाये और प्रभु यीशु व पूर्वजों को याद किये। प्रभु यीशु के जीवित होने की खुशी में एक-दूसरे को बधाइयां दी। इस मौके पर पादरी सुशील कुमार बागे, पंचम जार्ज सोय, मनोज बकला, जुनून बारला, दाऊद पूर्ति, जार्ज तिर्की, जेम्स सहित अन्य मौजूद थे।

### कुख्यात प्रिंस खान की एंट्री ने बढ़ाया कोयलांचल का सियासी तापमान

**धनबाद।** गैंग्स ऑफ वासेपुर का गैंगस्टर प्रिंस खान के वायरल ऑडियो क्लिप ने धनबाद पुलिस के कान खड़े कर दिए है। अब धनबाद पुलिस मोस्टवांटेड क्रिमिनल प्रिंस खान की गिरफ्तारी को लेकर इंटरपोल का सहारा लेगी। इसको लेकर रविवार को धनबाद एसएसपी हरदीप पी जनार्दन के नेतृत्व में धनबाद पुलिस के आलाधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई। वहीं दूसरी ओर मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष और सरयू राय के करीबी कृष्णा अग्रवाल ने कुख्यात प्रिंस खान से धमकी दिलवाने का आरोप लगाते हुए बाघमारा विधायक सह भाजपा से धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के खिलाफ बरवाअड्डा थाने में मामला दर्ज कराया है। धनबाद की राजनीति में कुख्यात अपराधी प्रिंस खान की एंट्री ने न सिर्फ धनबाद लोकसभा चुनाव का राजनीतिक माहौल गर्म कर दिया है, बल्कि पुलिस के लिए भी यह मामला सिरदर्द बनता जा रहा है। मोस्टवांटेड क्रिमिनल प्रिंस खान के द्वारा विधायक सरयू राय और उनके करीबी कृष्णा अग्रवाल के खिलाफ धमकी भरा ऑडियो क्लिप वायरल किये जाने के बाद एसएसपी कार्यालय में एसएसपी के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई।

**ज्यादातर लोग बाहर की दुनिया में इतने लीन हैं कि वे अपने अंदर की दुनिया से बेखबर रहते हैं: अज्ञात**

# आप, कांग्रेस और भ्रष्टाचार की राजनीति

आम आदमी पार्टी ने उस कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया है, जिसके भ्रष्टाचार के विरोध से ही उसकी शुरूआत हुई थी । दिल्ली लोकसभा की सात सीटों में से तीन सीटों पर जहां कांग्रेस चुनाव लड़ रही है, वहीं आम आदमी पार्टी चार सीटों पर मैदान में है। पिछले दो आम चुनावों में आम आदमी पार्टी की स्थिति तीसरे नंबर की पार्टी जैसी रह गई थी। केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद दोनों पार्टियों को सहानुभूति लहर की उम्मीद थी कि लोग सड़कों पर उतरेंगे और सहानुभूति की वजह से इस बार भारतीय जनता पार्टी के किले में सेंध लग सकती है। शराब घोटाले में केजरीवाल के पहले उनके दो स्तंभों पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह गिरफ्तार हो चुके हैं। उनकी जमानत की याचिकाएं खारिज हो चुकी हैं। दिल्ली शराब नीति घोटाले में दिल्ली से तीसरी बड़ी गिरफ्तारी केजरीवाल की हुई है। इसी केस में भारत राष्ट्र समिति की नेता और पार्टी अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता भी गिरफ्तार हैं। केजरीवाल को गिरफ्तार करने से पहले ईडी ने नौ बार समन देकर उन्हें बुलाया। लेकिन हर बार वे ईडी के सामने जाने से बचते रहे। केजरीवाल का राजनीतिक अनुभव भले ही कम हो, लेकिन उनकी प्रचार शैली से पुराने से पुराने नेताओं पर भारी हैं। गिरफ्तारी के बावजूद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा ना देकर भी केजरीवाल राजनीति कर रहे हैं। ईडी की हिरासत से ही वे दिल्ली के लिए दो आदेश जारी कर चुके हैं। पहले में जहां उन्होंने दिल्ली की सीवर व्यवस्था दुरूस्त करने का आदेश दिया है, वहीं उनका दूसरा आदेश स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त रखना है। दिल्ली में विपक्षी भूमिका निभा रही भारतीय जनता पार्टी इस पर हंगामा कर रही है कि ऐसा कैसे संभव है ? केजरीवाल समर्थकों के तर्क है कि संविधान में कहीं नहीं लिखा है कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति को अपने पद से इस्तीफा दे ही देना होगा। इस तर्क के सहारे केजरीवाल मुख्यमंत्री के पद पर जमे हुए हैं।हिरासत से आदेश देना और उसका आम आदमी पार्टी द्वारा भरपूर प्रचार किया जाना दरअसल केजरीवाल के प्रति सहानुभूति हासिल करने की प्रक्रिया का ही विस्तार है। भारतीय समाज भावुक होता है। इस भावुकता का फायदा हर राजनीतिक दल उठाते रहे हैं। इसी अंदाज में केजरीवाल परिवार भी आगे बढ़ रहा है। केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के भावुकताभरे बयान भी इसका ही उदाहरण हैं। दरअसल इन कदमों से आम आदमी पार्टी दिल्ली के लोगों को यह संदेश देने की कोशिश कर रही है कि जेल में रहते हुए भी आम आदमी पार्टी प्रमुख सिर्फ दिल्ली के ही बारे में सोच रहे हैं। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी की कोशिश इस बहाने सहानुभूति हासिल करना है।इस बीच दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के एक बयान से दिल्ली सरकार की बर्खास्तगी को लेकर अटकलें तेज हो गईं। उपराज्यपाल ने यह कह दिया कि जेल से दिल्ली की सरकार नहीं चलने दी जाएगी। आप इस ताक में है कि केंद्र सरकार दिल्ली सरकार को बर्खास्त कर दे। इससे केजरीवाल के पक्ष में जोरदार लहर उठ खड़ी होगी और मौजूदा आम चुनावों में आम आदमी पार्टी इसका फायदा उठा सकेगी। कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो मानते हैं कि भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से उभरे केजरीवाल भी भ्रष्ट हो गए हैं। केजरीवाल के प्रति सहानुभूति रखने वाले में उस वर्ग के लोग ज्यादा हैं, जिन्हें दिल्ली सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का फायदा मिल रहा है। दिल्ली में पांचवें दौर में 25 मई को चुनाव होना है। अगर केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर सहानुभूति लहर बढ़ी तो दिल्ली का चुनावी इतिहास बदल सकता है। वैसे अब तक जैसी सहानुभूति है, उससे इतिहास बदलने की उम्मीद फिलहाल बेमानी है। अदालत का फैसला आने से पूर्व कुछ भी कहना हड़बड़ी होगी पर केंद्रीय एजेंसियों के तर्कों और साक्ष्य से संतुष्टि के बाद ही कोर्ट के आदेश से सभी जेल के अंदर हैं यह भी सही है।

शीतला अष्टमी पर विशेष

# स्वच्छता का संदेश देती शीतला माता


रमेश सर्राफ धमोरा

**हमारे** देश में विविध पर्व-त्योहारों को मनाने के पीछे वैज्ञानिक सोच व तत्व-दर्शन निहित है। होली के एक सप्ताह बाद मनाये जाने वाले शीतलाष्टमी त्योहार पर शीतला माता का पूजन कर व्रत रखा जाता है। मान्यता है कि माता के पूजन से चेचक, खसरा जैसे संक्रामक रोगों का मुक्ति मिलती है। चूंकि ऋतु-परिवर्तन के दौरान इस समय संक्रामक रोगों के प्रकोप की काफी आशंका रहती है। इसलिए इन रोगों से बचाव के लिए श्रद्धालु शीतलाष्टमी के दिन माता का विधिपूर्वक पूजन करते हैं जिससे शरीर स्वस्थ बना रहे। शीतला माता स्वच्छता की अधिष्ठात्री देवी हैं और इसी संदर्भ में शीतला माता की पूजा से हमें स्वच्छता की प्रेरणा मिलती है। इनका सैदव से ही बहुत अधिक माहात्म्य रहा है। शीतला-मंदिरों में प्रायः माता शीतला को गर्दभ पर ही आसीन दिखाया गया है। शीतला माता के संग ज्वरासुर- ज्वर का दैत्य, ओलै चंडी बीबी - हैजे की देवी, चौंसठ रोग, घेंटुकर्ण- त्वचा-रोग के देवता एवं रक्तवती - रक्त संक्रमण की देवी होते हैं। इनके कलश में दाल के दानों के रूप में विषाणु या शीतल स्वास्थ्य वर्धक एवं रोगाणु नाशक जल होता है। शीतला माता देवी है जो गधे पर सवार होती हैं और नीम के पत्तों की माला का श्रृंगार करती हैं। इस दिन घर में बासी पुआ, पूड़ी, दाल भात और मिठाई का भोग लगाया जाता हैं। शीतला माता को भोग लगाने के बाद घर के सदस्य खुद इसका सेवन करते हैं। सामान्य तौर पर शीतला माता का पूजन चैत्र कृष्ण पक्ष की अष्टमी को किया जाता है। भगवती शीतला की पूजा का विधान भी विशिष्ट है। शीतलाष्टमी के एक दिन पूर्व उन्हें भोग लगाने के लिए बासी खाना यानी बसौड़ा तैयार किया जाता है। अष्टमी के दिन बासी पदार्थ ही देवी को नैवेद्य के रूप में अर्पित करते हैं और भक्तों के बीच प्रसाद के रूप में इसे वितरित करते हैं। उत्तर भारत में शीतलाष्टमी का त्योहार बसौड़ा नाम से भी प्रचलित है। मान्यता है कि इस दिन के बाद से बासी खाना नहीं खाना चाहिए। यह ऋतु का अंतिम दिन होता है जब बासी खाना खा सकते हैं। इस व्रत में रसोई की दीवार पर हाथ की पांच अंगुली घी से लगाई जाती है। इस पर रोली और चावल लगाकर देवी माता के गीत गाये जाते हैं। इसके साथ, शीतला स्तोत्र तथा कहानी सुनी जाती है। रात में जोत जलाई जाती है। एक थाली में बासी भोजन रखकर परिवार के सारे सदस्यों का हाथ लगवाकर शीतला माता के मंदिर में चढ़ाते हैं। इनकी उपासना से स्वच्छता और पर्यावरण को सुरक्षित रखने की प्रेरणा मिलती है। शीतला माता की महत्ता के विषय में स्कंद पुराण में विस्तृत वर्णन मिलता है। इसमें उल्लेख है कि शीतला देवी का वाहन गर्दभ है। ये हाथों में कलश, सूप, मार्जन (झाड़ू) और नीम के पत्ते धारण किये हैं। इनका प्रतीकात्मक महत्व है। आशय यह है कि चेचक का रोगी व्यग्रता में वस्त्र उतार देता है। सूप से रोगी को हवा की जाती है। झाड़ू से चेचक के फोड़े फट जाते हैं। नीम की पत्तियां फोड़ों को सड़ने नहीं देतीं। रोगी को ठंडा जल अच्छा लगता है, अतः कलश का महत्व है। गर्दभ की लीद के लेपन से चेचक के दाग मिट जाते हैं। स्कंद पुराण में शीतला माता की अर्चना का स्तोत्र है शीतलाष्टक। माना जाता है कि इस स्तोत्र की रचना भगवान शंकर ने की थी। यह स्तोत्र शीतला देवी की महिमा का गान कर उनकी उपासना के लिए भक्तों को प्रेरित करता है। अर्थात गर्दभ पर विराजमान दिगम्बरा, हाथ में झाड़ू तथा कलश धारण करने वाली, सूप से अलंकृत मस्तकवाली भगवती शीतला की मैं वंदना करता हूं। शीतला माता के इस वंदना मंत्र से स्पष्ट है कि ये स्वच्छता की अधिष्ठात्री देवी हैं। हाथ में मार्जनी (झाड़ू) होने का अर्थ है कि हम लोगों को भी सफाई के प्रति जागरूक होना चाहिए। कलश से तात्पर्य है कि स्वच्छता रहने पर ही स्वास्थ्य रूपी समृद्धि आती है। मान्यता के अनुसार, इस व्रत को रखने से शीतला देवी प्रसन्न होती हैं और व्रती के कुल में चेचक, खसरा, दाह, ज्वर, पीतज्वर, दुर्गंधयुक्त फोड़े और नेत्रों के रोग आदि दूर हो जाते हैं। माता के रोगी के लिए यह व्रत बहुत मददगार है। आमतौर पर, शीतला रोग के आक्रमण के समय रोगी दाह (जलन) से निरंतर पीड़ित रहता है। उसे शीतलता की बहुत जरूरत होती है। गर्दभ पिंडी (गधे की लीद) की गंध से फोड़ों का दर्द कम हो जाता है। नीम के पत्तों से फोड़े सड़ते नहीं है और जलघट भी उसके पास रखना अनिवार्य है। इससे शीतलता मिलती है। लोक किंवदंतियों के अनुसार बसौड़ा की पूजा माता शीतला को प्रसन्न करने के लिए की जाती है। कहते हैं कि एक बार किसी गांव में गांववासी शीतला माता की पूजा-अर्चना कर रहे थे तो मां को गांववासियों ने गरिष्ठ भोजन प्रसाद स्वरूप चढ़ा दिया। शीतलता की प्रतिमूर्ति मां भवानी का गर्म भोजन से मुंह जल गया तो वे नाराज हो गईं और उन्होंने कोपदृष्टि से संपूर्ण गांव में आग लगा दी। बस केवल एक बुढिया का घर सुरक्षित बचा हुआ था। गांव वालों ने जाकर उस बुढिया से घर न जलने के बारे में पूछा तो बुढिया ने मां शीतला को गरिष्ठ भोजन खिलाने वाली बात कही और कहा कि उन्होंने रात को ही भोजन बनाकर मां को भोग में ठंडा-बासी भोजन खिलाया। जिससे मां ने प्रसन्न होकर बुढिया का घर जलने से बचा लिया। बुढिया की बात सुनकर गांव वालों ने शीतलामाता से क्षमा मांगी और रंगपंचमी के बाद आने वाली सप्तमी के दिन उन्हें बासी भोजन खिलाकर मां का बसौड़ा पूजन किया। संसार में दो प्रकार के प्राणी होते है। पहला सौर शक्ति प्रधान और दूसरा चान्द्र शक्ति प्रधान। सौर शक्ति के बारे में कहा जाता है कि सौर शक्ति जीव बहुत चंचल, चुलबुले, तत्काल बिगड़ उठने वाले और असहनशील होते हैं जबकि चान्द्र शक्ति प्रधान व्यक्ति इसके विपरीत होते है। चान्द्र शक्ति प्रधान जीवों में प्रमुख गधा ही माता शीतला का वाहन हो सकता है। यहां गधा संकेत देता है कि चामुण्डा के आक्रमण के समय रोग का अधिक प्रहार सहन करते हुए रोगी को कभी अधीर नहीं होना चाहिए। इसके अतिरिक्त शीतला रोग में गर्दभी का दूध, गधा लोटने के स्थान की मिट्टी और गधों के संपर्क का वातावरण उपयुक्त समझा जाता है। कहते हैं कि कुम्हार को चामुण्डा का भय नहीं होता है। वहीं ऊंट वाले को कभी पेट का रोग नहीं होता। चामुण्डा शववाहना के अनुसार चामुण्डा का वाहन शव होता है। इसका तात्पर्य यह है कि चामुण्डा से आक्रान्त रोगी को शव की भांति निश्चेष्ट होकर उचित समय की प्रतीक्षा करनी चाहिए।


**शीतला माता स्वच्छता की अधिष्ठात्री देवी हैं और इसी संदर्भ में शीतला माता की पूजा से हमें स्वच्छता की प्रेरणा मिलती है। इनका सैदव से ही बहुत अधिक माहात्म्य रहा है। शीतला-मंदिरों में प्रायः माता शीतला को गर्दभ पर ही आसीन दिखाया गया है। शीतला माता के संग ज्वरासुर- ज्वर का दैत्य, ओलै चंडी बीबी - हैजे की देवी, चौंसठ रोग, घेंटुकर्ण- त्वचा-रोग के देवता एवं रक्तवती - रक्त संक्रमण की देवी होते हैं।**

## काव्य कोना

### परशुराम - एक अलग रूप

दुविधा और असमंजस
क्या कहूँ , ना कहूँ, कैसे कहूँ
पितृभक्त, मातृहन्ता या मातृभक्त
आज्ञाकारी, प्रतिशोधी या अहंकारी
क्रोध की प्रतिमूर्ति
शिव भक्त , शिव प्रदत्त परशुधारी
कोने में हृदय के बसा था
माँ की ममता की याद भी कहीं।
वायुमार्ग से विचरण
ख्याति मुनि, ऋषि, ज्ञानी की
परशु का धनी
कभी-कभी लगता
लहू पिपास प्यासी रही
दुदंभी भयभीत करने को काफी थी
आसान था हर काम
सागर से ले ली जमीन जग बसाने को।
शांत हो गया ,
पहुँचा था हुँकारते
जनक की दरबार में
प्रतिरोध करने
शिव धनुष के भंग होने पर
छवि पहली बार मिली राम की
सौम्य और मयार्दा में लिपटे
शायद एक बार लगा
क्षमाशील भी है।
पितृभक्त, मातृहन्ता या मातृभक्त
आज्ञाकारी, प्रतिशोधी या अहंकारी
क्या कहूँ , ना कहूँ , कैसे कहूँ
दुविधा और असमंजस।

■ नाग मणि

## आपकी बात

### 2050 कचरे का उत्पादन दोगुना हो जायेगा


राकेश दुबे

**आज** समकालीन बहस में अपशिष्ट उत्पादन और उसका सही तरीके से निपटान जैसे गंभीर मुद्दे पर हम सब का ध्यान केंद्रित रहता है। आधुनिक अर्थव्यवस्था में अनचाहे उत्पाद के तौर पर लगातार बढ़ता कचरा विश्व स्तर पर दोनों कारकों पारिस्थितिकी तंत्र और लोगों के स्वास्थ्य के समक्ष गंभीर चुनौती खड़ी करता है। ताजे आंकड़े भी इसकी भयावता को प्रदर्शित करते हैं। भारत के ही दो शहरों की कहानी कहती हैः एक वैश्विक स्तर पर पहचान हासिल कर रहा है, जबकि दूसरा अपने कचरे के ढेर के नीचे दबा संघर्ष कर रहा है। बड़े शहरों में हजारों टन कचरा प्रतिदिन निकलता है, जो पहले से ही उफन रहीं लैंडफिल में पहुंचता है अथवा रिहायशी इलाकों की गलियों और नालों में भरता जाता है। निम्न मध्य वर्गीय इलाकों में हालात और भी बदतर हैं, जहां साफ-सफाई और कचरा प्रबंधन सेवाएं प्रायः एक ख्वाब ही हैं। विश्व बैंक का अनुमान है कि वर्ष 2050 तक वैश्विक स्तर पर 3.4 अरब टन तक अपशिष्ट पैदा होगा। यह मौजूदा वार्षिक स्तर 2.01 अरब टन से बहुत ज्यादा है। लगातार उभरते शहरीकरण, जनसंख्या वृद्धि और उपभोक्तावादी जीवनशैली जैसे कारक बेतहाशा कूड़ा उत्पादन के मुख्य कारण हैं। यह बड़े खतरे की निशानी है। विश्व बैंक के अनुमान की तरह ही 'वेस्ट वाइज सिटीज' के तहत यूएन हैबिटैट ने भी इस दिशा में प्रकाश डाला है कि नगर निकायों से निकलने वाला ठोस कचरा वर्ष 2050 तक लगभग दोगुना हो जायेगा। इसमें यह भी कहा गया है कि लगभग 3 अरब लोग अपशिष्ट निबटान की व्यवस्थित सुविधाओं से वंचित हैं। इलेक्ट्रिक और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से निकलने वाला कचरा वैश्विक स्तर पर बड़ी समस्या बन रहा है, क्योंकि इसमें बहुत ही खतरनाक यौगिक होते हैं। कूड़े का उचित तरीके से प्रबंधन नहीं होने के कारण वायु और जल के साथ-साथ जमीन भी प्रदूषित होती है। कचरा इसलिए भी बड़ी समस्या बनता जा रहा है कि इसके उठान के बुनियादी ढांचे का व्यापक तौर पर अभाव है, क्योंकि आज भी निबटान की पारंपरिक विधियां अपनाई जाती हैं।

(भोपाल)

मूर्ख दिवस पर विशेष

# मूर्ख दिवस का है दिलचस्प इतिहास


योगेश कु. गोयल

'मूर्ख दिवस' मनाने की परम्परा कब, कैसे और कहां प्रचलित हुई, इस बारे में दावे के साथ तो कुछ नहीं कहा जा सकता पर माना यही जाता है कि इस परम्परा की शुरूआत फ्रांस में 16वीं सदी के उत्तरार्द्ध में हुई थी। माना जाता है कि एक अप्रैल 1564 को फ्रांस के राजा ने मनोरंजक बातों के जरिये एक-दूसरे के बीच मैत्री और प्रेम भाव की स्थापना के लिए एक सभा का आयोजन कराया था। उसके बाद निर्णय लिया गया कि अब से हर वर्ष इसी दिन ऐसी ही सभा का आयोजन होगा, जिसमें सर्वाधिक मूर्खतापूर्ण हरकतें करने वाले व्यक्ति को 'मास्टर ऑफ फूल' की उपाधि से सम्मानित किया जायेगा। इस सभा में शिरकत करने वाले व्यक्ति अनोखी और विचित्र वेशभूषाएं धारण करके अपनी अजीबो गरीब हरकतों से उपस्थित जनसमूह का मनोरंजन किया करते थे और सर्वाधिक मूर्खतापूर्ण हरकत करने वाले व्यक्ति को 'मूर्खों का अध्यक्ष' चुना जाता था, जिसे 'बिशप ऑफ फूल्स' की उपाधि से नवाजा जाता था। इस सभा के बाद 'गधा सम्मेलन' का भी आयोजन होता था, जो करीब एक सप्ताह चलता था। सम्मेलन में लोग अपने चेहरे पर गधे के मुंह की आकृति के मुखौटे लगाकर गधे की आवाज निकालते थे। इस दिन वहां कर्मचारी, अधिकारी सभी एक-दूसरे का मजाक उड़ाने को स्वतंत्र होते थे। यह भी मान्यता है कि 1564 में फ्रांस के सम्राट चार्ल्स के आदेश पर लागू हुए ग्रेगेरियन कैलेंडर के अनुसार नये साल की शुरूआत 1 जनवरी से की जाने लगी जबकि उससे पूर्व चूंकि वर्ष में सिर्फ 9 ही महीने होते थे, अतः नया साल 1 अप्रैल से ही शुरू होता था लेकिन ग्रेगेरियन कैलेंडर लागू किये जाने के बाद भी जो लोग 1 अप्रैल को ही नव वर्ष के रूप में मनाते रहे, दूसरे लोगों ने उनका मजाक उड़ाना शुरू कर दिया और इस तरह 1 अप्रैल को 'मूर्ख दिवस' के रूप में मनाये जाने की परम्परा शुरू हो गई। कुछ पश्चिमी राष्ट्रों में वे लोग, जो जूलियन कैलेंडर के अनुसार नये साल की शुरूआत 25 मार्च से मानते हैं, वे वसंत के आगमन के साथ ही नये साल के आने की खुशियां मनाते हैं और एक सप्ताह तक चले इन मनोरंजक कार्यक्रमों का समापन वे 1 अप्रैल को ही करते हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

**सम्मेलन में लोग अपने चेहरे पर गधे के मुंह की आकृति के मुखौटे लगाकर गधे की आवाज निकालते थे। इस दिन वहां कर्मचारी, अधिकारी सभी एक-दूसरे का मजाक उड़ाने को स्वतंत्र होते थे।**

## फेसबुक वॉल से




## X- से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# राजनीति में बदल रहे नैतिकता के मायने


सुरेश हिन्दुस्तानी

**भारतीय** राजनीति में ऐसे कई उदाहरण दिये जा सकते हैं, जो आज भी नैतिकता के आदर्श हैं। लेकिन आज की राजनीति को देखकर ऐसा लगने लगा है कि नैतिकता की राजनीति दूसरा तो अवश्य करें, पर जब स्वयं को नैतिकता की कसौटी पर परखने की बारी आये तब नैतिकता के मायने बदल दिये जाते हैं। भारतीय राजनीति में राजनेताओं पर आरोप लगने पर कई लोगों ने अपने पद को त्याग दिया था, जबकि दिल्ली के शराब घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने भारतीय राजनीति को अलग राह पर ले जाने का उदाहरण पेश किया है। इस उदाहरण को आदर्श वादिता के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किये गये हैं। यह एक मुख्यमंत्री पद पर रहने वाले व्यक्ति के लिए शोभनीय नहीं हैं। केजरीवाल स्वयं कहते थे कि वे राजनीति में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए आये हैं, लेकिन अब जब उन पर ही सवाल उठ रहे हैं, तब उनसे भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति की आशा करना बेमानी ही कही जायेगी। दिल्ली में शराब घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जिस प्रकार से प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है, उस पर विपक्ष की ओर से सत्ता पक्ष पर कई प्रकार के सवाल उठाये जा रहे हैं। सवाल उठाना विपक्ष की राजनीतिक मजबूरी हो सकती है, लेकिन इन सवालों की परिधि में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से जो आरोप लगाये जा रहे हैं, उस पर विपक्ष कुछ भी बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। इससे इस बात को भी बल मिलता है कि दाल में कुछ काला अवश्य है। प्रवर्तन निदेशालय ने यह साफ तौर पर संकेत दिया है कि केजरीवाल शराब घोटाले का मुख्य आरोपी है। अब यह जांच के बाद ही पता चलेगा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर लगाये जा रहे आरोप किस हद तक सही हैं या फिर केजरीवाल अपने आपको निर्दोष साबित कर पाते हैं या नहीं। अगर प्रवर्तन निदेशालय की ओर से लगाये गये आरोपी प्रमाणित होते हैं तो यह स्पष्ट कहा जा सकता है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक संवैधानिक पद के प्रभाव का दुरुपयोग किया है। हम यह भली-भांति जानते हैं कि अरविंद केजरीवाल अण्णा हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन की उपज हैं। उस समय अरविंद केजरीवाल ने अपने आपको ऐसा प्रचारित किया कि एक वे ही भारतीय राजनीति के उच्चतम आदर्श हैं। लेकिन उनके आचरण पर स्वयं अण्णा हजारे ने सवाल उठाये थे, हालांकि अण्णा हजारे के सवालों को केजरीवाल ने दरकिनार कर दिया। इसका तात्पर्य यही है कि अन्ना हजारे राजनीति में जिस प्रकार का पारदर्शी व्यवहार चाहते थे, वैसा दिखाई नहीं दे रहा था। अब अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर भी समाजसेवी अण्णा हजारे की ओर से साफ सुथरी टिप्पणी आई है, जिसमें अण्णा हजारे ने शराब पर नीति बनाने से रोका था। अण्णा हजारे ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को उनके कर्मों का परिणाम बताया। आज दिल्ली का शराब घोटाला यही चरितार्थ करते हुए लग रहा है कि शराब किसी भी संस्था या व्यक्ति को बर्बाद कर देती है।


बोधि वृक्ष

# बोधगया : बुद्ध की ज्ञान प्राप्ति का स्थल

इस पोषण के साथ वह इस पेड़ के नीचे ध्यान करते रहे और राक्षस मारा के हमलों को देखते रहे; जिसने ध्यानमग्न सिद्धार्थ गौतम का ध्यान भटकाने के लिए अपनी दोनों राक्षसी सेनाओं और पुत्रियों को भेजा था। अंततः, उसी रात, बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ। उस क्षण बुद्ध से इस चमत्कारी उपलब्धि का साक्ष्य देने के लिए कहा गया; और इसलिए बुद्ध ने पृथ्वी देवी को साक्षी मानकर अपने दाहिने हाथ की उंगलियों से पृथ्वी को छुआ। बौद्ध परंपराएँ इस कारण से कुछ भिन्न हैं, लेकिन यह क्षण और वह स्थान जहाँ यह घटित हुआ, बोधगया में बोधि वृक्ष के नीचे, सभी बौद्ध परंपराओं के लिए महत्वपूर्ण है।



**बोधि वृक्ष :** ऐसा प्रतीत होता है कि जिस स्थान पर बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था, बोधगया बुद्ध की मृत्यु के तुरंत बाद और भिक्षुओं और ननों (संस्कृत, संघ ) और सामान्य लोगों के बौद्ध समुदाय के गठन के बाद बौद्धों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान बन गया है ।हालाँकि, बोधगया की सबसे पुरानी संरचनाओं के बारे में बहुत कम जानकारी है, और सदियों के जोड़ और बदलाव से यह कल्पना करना मुश्किल हो जाता है कि यह स्थल अतीत में किसी विशेष क्षण में कैसे दिखाई देता था।

(क्रमशः)

## टेक वर्ल्ड

### फेसबुक और इंस्टाग्राम पर नहीं इस्तेमाल कर सकेंगे 'शहीद' शब्द

ये नया फैसला उन चिंताओं के बीच आया है जिसमें शहीद का संबंध मेटा के नियम शब्द की व्याख्याओं पर विचार करने में विफल है। इसके परिणामस्वरूप हिंसा सामग्री को हटाया गया है। ओवरसाइट बोर्ड के सह-अध्यक्ष हेले थॉर्निंग-शिमट का कहना है कि मेटा का लक्ष्य सेंसरशिप के जरिये सुरक्षा में इजाफा करना है। ये भी कहा जाता है कि ऐसे उपाय सुरक्षा परिणामों में सुधार किये बिना अनजाने में पूरे समुदायों को हाशिये पर डालते है। उन्होंने कहा कि मेटा इस धारणा के बीच काम करती है कि सेंसरशिप सुरक्षा में सुधार कर सकती है। ऐसी जानकारी सामने आई है कि सेंसरशिप पूरी आबादी को हाशिये पर रखती है। वहीं सुरक्षा में सुधार नहीं हो रहा है।



बता दें कि अब मेटा शहीद शब्द वाले पोस्ट को हटा देता है। इन पोस्ट को खतरनाक माना जाता है। इसमें हमास जैसे चरमपंथी संगठनों के सदस्य भी शामिल है। मामले पर आंतरिक सहमति तक पहुंचने में विफल रहने के बाद मेटा ने निरीक्षण बोर्ड से निर्देश भी मांगे है।

(समाप्त)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### 150 करोड़ रुपये नकद, सोना और नशीले पदार्थ जब्त

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में 1 मार्च से अब तक राज्य और केंद्रीय एजेंसियों ने बेहिसाब नकदी, तस्करी का सोना, अवैध शराब की खेप और प्रतिबंधित नशीले पदार्थों की चुनाव पूर्व जब्ती की है, जो लगभग 150 करोड़ रुपये मूल्य की है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय से उपलब्ध डेटा से यह पता चला। सीईओ कार्यालय के सूत्रों ने कहा कि अब तक जब्त की गई कुल बेहिसाब नकदी लगभग 8 करोड़ रुपये है, जबकि वितरण के समय या उसके बाद अतिरिक्त 24 करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं। एक सूत्र ने कहा, 'तस्करी की गई कीमती धातुओं, मुख्य रूप से सोना की रिकॉर्ड मात्रा भी बरामद की गई है, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 28 करोड़ रुपये है।' इसी अवधि में केंद्रीय एजेंसियों ने 12,70 लाख लीटर अवैध शराब भी बरामद की, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 34 करोड़ रुपये है। सूत्रों ने कहा, 'समीक्षा अवधि के दौरान विभिन्न राज्य और केंद्रीय एजेंसियों द्वारा मादक पदार्थों और बिना प्रमाणित दस्तावेजों के महंगे उपहारों सहित 44 करोड़ रुपये से अधिक की अन्य वस्तुएं भी जब्त की गई हैं।' सूत्रों ने कहा कि ऐसी वस्तुओं की अधिकतम बरामदगी चुनाव आयोग द्वारा 'वित्तीय रूप से संवेदनशील' घोषित छह लोकसभा क्षेत्रों से की गई।

### नगालैंड की एकमात्र लोकसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबले के आसार

**कोहिमा।** साल 2019 में हुए चुनाव के उलट नगालैंड की एकमात्र लोकसभा सीट पर सत्तारूढ़ नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी), कांग्रेस और एक निर्दलीय उम्मीदवार के बीच त्रिकोणीय मुकाबले की संभावना है। 2019 के लोकसभा चुनाव में चार पार्टियों - एनडीपीपी, कांग्रेस, एनपीपी और एक निर्दलीय ने चुनाव लड़ा, जिसमें एनडीपीपी के उम्मीदवार तोखेहो येपथोमी ने कांग्रेस के उम्मीदवार के.एल. चिशी को हराकर सीट जीती थी।16,344 वोटों के अंतर से येपथोमी ने 2018 के उपचुनाव में भी जीत हासिल की थी। इसके बाद मौजूदा सदस्य नेफ्यू रियो ने लोकसभा से इस्तीफा दे दिया था और राज्य के मुख्यमंत्री का पद संभाला था। इस बार, एनडीपीपी ने चुम्बेन मुरी को नामांकित किया। कांग्रेस के उम्मीदवार एस. सुपोंगमेरेन जमीर हैं और हेइथुंग तुंगो लोथा निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। संसदीय चुनाव में पहली बार उतरे मुरी, जो राज्य के पूर्व मंत्री भी हैं, एनडीपीपी के नेतृत्व वाले पीपुल्स डेमोक्रेटिक अलायंस (पीडीए) के संयुक्त उम्मीदवार हैं। चिकित्सक से राजनेता बने मुरी हाल तक मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार थे। राज्य कांग्रेस इकाई के अध्यक्ष और पूर्व विधायक जमीर पहली बार संसदीय चुनाव लड़ रहे हैं। निर्दलीय उम्मीदवार लोथा एक सामाजिक कार्यकर्ता, राजनीतिज्ञ और उद्यमी हैं। उन्होंने नेशनल पीपुल्स पार्टी के टिकट पर 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन असफल रहे। नगालैंड की एकमात्र लोकसभा सीट पर 7 चरण के चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा और 4 जून को मतगणना होगी।

# आचार संहिता की वजह से नहीं हुआ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का प्रसारण



**एजेंसी। नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर देशभर में चुनाव आयोग की तरफ से आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लागू कर दी गई है। जिसकी वजह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का रविवार को प्रसारण नहीं हुआ। दरअसल, पिछले 'मन की बात' कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने इस बात का जिक्र भी किया था। बता दें कि 'मन की बात' प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देश की उपलब्धियों को समर्पित एक मासिक रेडियो कार्यक्रम है।

यह कार्यक्रम हर महीने के अंतिम रविवार को सुबह 11 बजे प्रसारित किया जाता है। ऐसे में आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) जो चुनाव के समय राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के लिए दिशा-निर्देश है, जिसका पालन सभी को करना होता है। अब जबकि देश में आम चुनाव का पहला चरण 19 अप्रैल से शुरू होगा। यह लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होकर 1 जून तक सात चरणों में आयोजित किया जाएगा। ऐसे में आदर्श आचार संहिता के लागू होने की वजह से इस कार्यक्रम के प्रसारण पर विराम लगाया गया है।

इसको लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले ही कहा था कि 'मन की बात' चुनाव के बाद फिर से शुरू होगी। पीएम मोदी ने कहा था, "यह लोगों का, लोगों के लिए और लोगों द्वारा कार्यक्रम है।" आखिरी प्रसारण में पीएम मोदी ने कहा था, "यह कार्यक्रम की बड़ी सफलता है कि इसके 110 एपिसोड के दौरान इसे सरकार की छाया से भी दूर रखा गया है।" उन्होंने कहा, जब हम अगली बार मिलेंगे तो यह मन की बात का 111 वां एपिसोड होगा। आदर्श आचार संहिता के लागू होते ही, प्रधानमंत्री मोदी का यह 'मन की बात' कार्यक्रम 2019 के आम चुनावों से पहले भी स्थगित कर दिया गया था।

# पूर्वी विदर्भ की पांच लोकसभा सीटों पर होगा त्रिकोणीय मुकाबला



**एजेंसी। मुंबई।** पूर्वी विदर्भ की पांच लोकसभा सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला होगा, जहां 19 अप्रैल को मतदान होना है। राज्य निर्वाचन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, 97 प्रतियोगी मैदान में हैं, लेकिन इन पांच निर्वाचन क्षेत्रों में कांग्रेस, भाजपा, शिवसेना और बसपा सहित मान्यता प्राप्त दलों के उम्मीदवारों के बीच मुकाबले की उम्मीद है। रामटेक निर्वाचन क्षेत्र में मान्यता प्राप्त दलों के तीन उम्मीदवारों में राजू परवे (शिवसेना), श्यामकुमार बर्वे (कांग्रेस) और संदीप मेश्राम (बसपा) शामिल हैं, हालांकि गैर-मान्यता प्राप्त दलों से 13 और 12 निर्दलीय हैं। रामटेक में कांग्रेस ने रश्मि बर्वे को उम्मीदवार बनाया था, लेकिन उनका जाति प्रमाणपत्र अवैध घोषित कर दिया गया था।

# कर्नाटक में कांग्रेस ने 6 मंत्रियों के बच्चों को मैदान में उतारा



**एजेंसी। बेंगलुरु।** कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में राज्य के छह कैबिनेट मंत्रियों के बच्चों और रिश्तेदारों को मैदान में उतारा है। उपमुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार ने इस कदम का बचाव करते हुए कहा कि देश का पूरा राजनीतिक परिदृश्य बदल गया है, सभी दलों में मंत्रियों और नेताओं के परिवार के सदस्यों या बच्चों को चुनाव में उतारा जा रहा है।

कर्नाटक के कृषि विपणन मंत्री शिवानंद पाटिल की बेटी संयुक्ता पाटिल बागलकोट लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चार बार के सांसद और वरिष्ठ भाजपा नेता पी.सी. गद्दीगौडर के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं। कर्नाटक की महिला एवं बाल कल्याण मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर के बेटे मृणाल हेब्बालकर वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार के खिलाफ बेलगावी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। सुनील बोस, कर्नाटक के समाज कल्याण मंत्री एच.सी.महादेवप्पा के बेटे हैं।

वह चामराजनगर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार एस. बलराज के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं, जो पूर्व विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के करीबी सहयोगी हैं। कर्नाटक के लोक निर्माण विभाग मंत्री सतीश जारकीहोली की बेटी प्रियंका जारकीहोली चिक्कोडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के वरिष्ठ नेता अन्नासाहेब जोले के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं। परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी की बेटी सौम्या रेड्डी बेंगलुरु दक्षिण लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के तेजस्वी सूर्या के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं।

# हमहूं आप लोगन के तरह बनारस क भाजपा कार्यकर्ता हईं : नरेंद्र मोदी

## प्रधानमंत्री ने वाराणसी में भाजपा की टिफिन बैठक में भोजपुरी में किया संवाद

**बोले- भाजपा के चार सौ सीट दियावे क जिम्मेदारी आपै लोगन पर हौ**

**एजेंसी। वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार शाम अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के 660 मतदान केन्द्रों पर आयोजित टिफिन बैठक में पांचों विधानसभा के भाजपा कार्यकताओं से लाइव वर्चुअल संवाद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पांचों विधानसभा के चुनिंदा कार्यकताओं से चुनावी तैयारियों और केन्द्र सरकार के योजनाओं से आए लोगों के जीवन में बदलाव की जानकारी लेने के साथ कार्यकताओं का जमकर उत्साहवर्धन किया। प्रधानमंत्री ने कार्यकताओं से कहा कि आप विकसित भारत के रथ का सारथी बनकर कार्य करेंगे। आप जितनी मेहनत करेंगे, मैं उससे ज्यादा मेहनत से कार्य करने का भरोसा दिलाता हूं। प्रधानमंत्री ने महिला कार्यकताओं से कहा कि काशी की महिलाओं के बीच जाएं और उन्हें सरकार के जन कल्याणकारी कार्योम को बताएं। काशी आने वाले पर्यटकों से सम्पर्क करें और उन्हें सरकार के कार्यों की जानकारी दें। पर्यटक जब काशी से गांव और शहर लौटेंगे तो वहां भाजपा के कार्यों को वहां के लोगों को बताएंगे।

कार्यकताओं को 400 पार सीटें जीतने का मंत्र देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि



ग्रास रूट पर पार्टी संगठन बहुत अच्छा कार्य कर रही है। उन्होंने हर-हर महादेव का उद्घोष कर भोजपुरी भाषा में अपने सम्बोधन की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि पहले मैं कहता था कि मां गंगा ने मुझे बुलाया है। अब कहता हूं कि मां गंगा ने मुझे गोद लिया है। कार्यकताओं में जोश भरते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमहूं आप लोगन के तरह बनारस क कार्यकर्ता हईं।

जब हम बनारस आयल रहिली त इहें बात कहिली दस साल पहिले आप लोग हमके सांसद बनउला। दस साल में बनारस हमके बनारसी बना देहलस। इहो बार हमके सांसद बनावें क और भाजपा के चार सौ सीट दियावे क जिम्मेदारी आपै लोगन पर हौ। यही लिए हम आज आपन टिफिन लेके आप लोगों के बीच आइल हईं। बताते चले कि टिफिन बैठक में जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारियों के साथ बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता शामिल हुए।

# मराठा समाज को एकजुट करने की तैयारी, मराठाओं की होगी बड़ी सभा

### बीड जिले के नारायणगढ़ में होने वाली सभा में बड़ी संख्या में इकट्ठा होंगे मराठा

**मनोज जारांगे का राजनीति में जाने से इनकार, सभा की तैयारी करने का निर्देश**

**एजेंसी। मुंबई।** मराठा समाज की ओर से जून महीने में बीड़ जिले के नारायण गढ़ में 900 एकड़ जमीन पर मराठाओं की बड़ी सभा किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस सभा में बड़ी संख्या में मराठाओं के इकट्ठा होने की संभावना है। इस सभा की तैयारी का निर्देश मराठा नेता मनोज जारांगे ने मराठा समाज को दिया है। मनोज जारांगे ने कहा कि उनका राजनीति में कोई इरादा नहीं है, लेकिन मराठा समाज को यह ध्यान देना चाहिए कि उनका भला कौन कर सकता है। उन्होंने बीड़ जिले में जून महीने में होने वाली सभा की तैयारी का निर्देश दिया है। सभा स्थल से हर 100 मीटर की दूरी पर रोशनी का इंतजाम, हर 100 मीटर पर पानी की टंकी और 100 मीटर पर फूड स्टॉल का इंतजाम किया जाएगा। इतना ही नहीं, हर सौ मीटर पर एक अस्पताल होगा। सभा स्थल पर 500 बिस्तरों वाला अस्थायी आईसीयू अस्पताल होगा, ताकि मराठा भाइयों को सभा स्थल पर स्वास्थ्य सेवा मिल सके। सभा में आने वाले मराठाओं के वाहनों की पार्किंग की भी व्यवस्था की जाएगी। सभा की तैयारियों को लेकर जालना जिले में मनोज जारांगे ने शनिवार को मराठा नेताओं के साथ बैठक की। बैठक में मनोज जारांगे ने मराठा समाज की ओर से लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार उतारने के निर्णय को वापस लेने का ऐलान किया।

# दिल्ली में अहिंसा रन 2.0 में हजारों लोगों ने लिया हिस्सा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रविवार को अहिंसा दौड़ का आयोजन हुआ। प्रसिद्ध अभिनेता मिलिंद सोमन और अभिनेत्री मंदिरा बेदी ने इस दौड़ को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान हजारों की संख्या में लोगों ने दौड़ लगाई। इस दौरान मिलिंद सोमन और मंदिरा बेदी ने लोगों को फिट रहने का संदेश देते हुए मोदी सरकार के फिट इंडिया मुहिम की तारीफ की। मिलिंद सोमन और मंदिरा बेदी ने झंडी दिखाकर अहिंसा दौड़ को रवाना किया। खुद मिलिंद सोमन ने दौड़ में हिस्सा लिया। अहिंसा रन दौड़ में चार श्रेणी है।

# उद्धव ठाकरे ने चुनावी बांड मुद्दे को ले भाजपा की आलोचना की



**एजेंसी। नयी दिल्ली।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने चुनावी बांड मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए उसे भ्रष्ट जनता पार्टी बताया और कहा कि उसका असली चेहरा लोगों के सामने आ गया है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा के मोदी का परिवार अभियान को लेकर भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह परिवार का मतलब नहीं समझते क्योंकि उसके लिए परिवार की जिम्मेदारी लेनी पड़ती है। ठाकरे ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, जब कोविड-19 महामारी के दौरान मैं मुख्यमंत्री था तो मैंने संकल्प लिया था कि मेरा परिवार, मेरी जिम्मेदारी है।

आपके परिवार में केवल आप और आपकी कुर्सी है। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने दावा किया कि भाजपा के पास अब कोई असली मुद्दा नहीं है क्योंकि चुनावी बॉण्ड की जानकारियां सामने आने से उसका नकाब उतर गया है। वह विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस) की लोकतंत्र बचाओ रैली में भाग लेने दिल्ली आए हैं। उन्होंने कहा, यह सामने आ चुका है कि भाजपा सबसे भ्रष्ट पार्टी है। वह भ्रष्ट जनता पार्टी है। उनका असली चेहरा जनता के सामने आ गया है। ठाकरे ने उन लोगों का अपनी पार्टी में स्वागत करने के लिए भी भाजपा पर प्रहार किया जिनके खिलाफ उसने पहले गंभीर आरोप लगाए थे।

# अपना दल कमेरावादी ने उत्तर प्रदेश में की एआईएमआईएम के साथ नए गठबंधन की घोषणा



**एजेंसी। लखनऊ।** अपना दल (कमेरावादी) और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) उत्तर प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए एक नया गठबंधन बनायेंगे। गठबंधन की घोषणा से तीन दिल पहले अपना दल (के) की नेता पल्लवी पटेल ने हैदराबाद में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी से मुलाकात की थी। पल्लवी पटेल और असदुद्दीन ओवैसी की रविवार को यहां संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में गठबंधन की आधिकारिक घोषणा की गई। गठबंधन एक नया नारा - 'पीडीएम' (पिछड़ा, दलित और मुसलमान) लेकर आया है, जिसे समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक) की तर्ज पर गढ़ा गया है। अपना दल (के) ने 23 मार्च को उत्तर प्रदेश की तीन लोकसभा सीटों - फूलपुर, मिर्जापुर और कौशांबी - से अपने उम्मीदवार वापस ले लिए थे। कृष्णा पटेल के नेतृत्व वाली पार्टी ने एक बयान में कहा कि उसने अगली सूचना तक लोकसभा चुनाव के लिए घोषित उम्मीदवारों की सूची रद्द कर दी है। इससे पहले, पार्टी ने कहा था कि वह उत्तर प्रदेश में 'इंडिया' ब्लॉक के हिस्से के रूप में तीन सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। अपना दल (के) ने 2022 का उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव समाजवादी पार्टी (एसपी) के साथ गठबंधन में लड़ा था, जिसमें पटेल एसपी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे थे।

# भाजपा को 200 सीट का आंकड़ा पार करने की चुनौती देती हूं : ममता



**एजेंसी। कृष्णानगर।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतने के लक्ष्य का मखौल उड़ाया तथा उसे 200 सीट का आंकड़ा पार करने की चुनौती दी। ममता ने यह भी कहा कि वह नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को इस राज्य में लागू होने नहीं देंगी। उन्होंने लोगों को आगाह किया कि सीएए के लिए आवेदन करने वाला व्यक्ति विदेशी बन जाएगा। उन्होंने लोगों से इसके लिए आवेदन न करने का अनुरोध किया।तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ने कहा, भाजपा कह रही है 400 पार, मैं उन्हें पहले 200 सीट का आंकड़ा पार करने की चुनौती देती हूं।

# एनसीबी ने तमिल फिल्म निमार्ता अमीर को तलब किया

**चेन्नइ।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने द्रमुक के पूर्व पदाधिकारी जाफर सादिक से जुड़े दो हजार करोड़ रुपये के अंतर्राष्ट्रीय ड्रग्स तस्करी मामले में पूछताछ के लिए तमिल फिल्म निमार्ता अमीर को तलब किया है। अमीर ने सादिक द्वारा निर्मित एक फिल्म का निर्देशन किया है जो अभी रिलीज नहीं हुई है। उन्हें 2 अप्रैल को एनसीबी के नई दिल्ली स्थित कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

# सीबीआई का स्थापना दिवस आज

**सीजेआई देंगे 20वां डीपी कोहली स्मृति व्याख्यान**

**एजेंसी। नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) सोमवार (1 अप्रैल) को अपने स्थापना दिवस के अवसर पर ह्य20वें डीपी कोहली स्मृति व्याख्यानह्ण का आयोजन कर रही है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई), न्यायमूर्ति डॉ डीवाई चंद्रचूड़, भारत मंडपम, नई दिल्ली में डीपी कोहली स्मृति व्याख्यान देंगे। इस वर्ष व्याख्यान का विषय ह्यबेहतर आपराधिक न्याय के लिए तकनीकी अंगीकरणह्ण है। मुख्य न्यायाधीश, इस अवसर पर सीबीआई अधिकारियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक (पीपीएम) एवं सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक (पीएम) भी प्रदान करेंगे।

केंद्रीय जांच ब्यूरो की स्थापना भारत सरकार के, 1 अप्रैल, 1963 के प्रस्ताव द्वारा की गई थी, जिसका उद्देश्य न केवल घूसखोरी एवं भ्रष्टाचार के मामलों की जांच करना था, बल्कि सहायक खुफिया जानकारी एकत्र करने के अलावा केंद्रीय वित्तीय कानूनों के उल्लंघन व गंभीर अपराधों की भी जांच करना था। पिछले छह दशकों से अधिक समय में सीबीआई देश की एक प्रमुख जांच एवं अभियोजन एजेंसी के रूप में उभरी है। भारत में इंटरपोल के लिए राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो के रूप में सीबीआई, कानून प्रवर्तन के मामलों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग का समन्वय भी करती है। सीबीआई अपने संस्थापक निदेशक को अपना सम्मान एवं श्रद्धांजलि अर्पित करती है तथा वर्ष 2000 से ह्यडीपी कोहली स्मृति व्याख्यानह्ण का आयोजन कर रही है। स्वर्गीय धर्मनाथ प्रसाद कोहली का जन्म 1907 में उत्तर प्रदेश में हुआ था। वर्ष 1931 में पुलिस सेवा से जुड़ने के पश्चात उन्होंने उत्तर प्रदेश, तत्कालीन मध्य भारत एवं भारत सरकार में सेवा दी। उन्होंने सार्वजनिक सेवाओं में भ्रष्टाचार के बढ़ते शिकंजे को रोकने व नियंत्रित करने के लिए 1955 में दिल्ली विशेष पुलिस प्रतिष्ठान (डीएसपीई) का नेतृत्व किया। 1 अप्रैल, 1963 को केंद्रीय जांच ब्यूरो की स्थापना पर, वह इसके संस्थापक निदेशक बने एवं 1963 से 1968 तक इसके निदेशक बने रहे।

व्याख्यान श्रृंखला में विभिन्न क्षेत्रों के बहुप्रतिष्ठित वक्ताओं एवं विद्वतजनों ने पूर्व में व्याख्यान दिए हैं। इन व्याख्यानों का उद्देश्य संवाद को बढ़ावा देना, ज्ञान साझा करना व कानून प्रवर्तन, आपराधिक न्याय प्रणाली एवं आपराधिक जांच के क्षेत्र में चुनौतियों तथा समाधानों की समझ को आगे बढ़ाना है। डीपी कोहली स्मृति व्याख्यान, सीबीआई को एक प्रमुख जांच व अभियोजन एजेंसी के रूप में स्थापित करने में डीपी कोहली के विजन एवं विरासत को श्रद्धांजलि देने के रूप में कार्य करता है। साथ ही, अपनी कार्रवाई में ईमानदारी, उत्तरदायित्व व उत्कृष्टता को बनाए रखने के लिए एजेंसी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

## आज का राशिफल


**मेष :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा, तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं।


**वृष :** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा।


**मिथुन :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।


**कर्क :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।


**सिंह :** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।


**कन्या :** क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती है। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेंगी।


**तुला :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा।


**वृश्चिक :** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती हैं।


**धनु :** कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाए। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है।


**मकर :** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।


**कुंभ :** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा।


**मीन :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

# बोपन्ना-इबडेन की जोड़ी ने जीता मियामी ओपन का खिताब

## रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर वापसी की

**मियामी :** भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने सबसे उम्रदराज एटीपी मास्टर्स 1000 चैंपियन बनने के अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए ऑस्ट्रेलिया के जोड़ीदार मैथ्यू इबडेन के साथ यहां मियामी ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीता। इस साल अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 44 साल बोपन्ना और इबडेन की जोड़ी ने शुरूआती सेट में पिछड़ने के बाद शनिवार को हार्ड रॉक स्टेडियम में क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी पर 6-7(3), 6-3, 10-6 से रोमांचक जीत हासिल की। इस जीत के साथ बोपन्ना ने पिछले साल बनाए अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। उन्होंने बीते साल 43 बरस की उम्र में इंडियन वेल्स खिताब जीता था। उन्होंने इसके साथ ही युगल रैंकिंग में शीर्ष स्थान भी हासिल किया। बोपन्ना ने जीत के बाद कहा, ह्ययह आश्चर्यजनक है। हम इन बड़े आयोजनों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, हम इसी के लिए खेलते हैं।' इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना पहला युगल ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले बोपन्ना ने कहा, ह्यमैं मास्टर्स 1000 और ग्रैंड स्लैम में अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। उस रिकॉर्ड को बरकरार रखना और बाकी सभी को कड़ी टक्कर देना अच्छा है।' यह बोपन्ना का 14वां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल था। इस अनुभवी भारतीय खिलाड़ी का यह 63वां एटीपी टूर स्तर का फाइनल और 26वां युगल खिताब था। बोपन्ना ने इस दौरान एक और उपलब्धि हासिल की। वह लिएंडर पेस के बाद सभी 9 एटीपी मास्टर्स स्पधाओं के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय बन गए हैं।




# गुजरात ने हैदराबाद को सात विकेट हराया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2024 के 12वां मैच में गुजरात टाइटंस ने 7 विकेट से जीत दर्ज की। गुजरात ने टॉस हारने के बाद मोहित शर्मा के 25 रन देकर 3 विकेट की बदौलत हैदराबाद को 162 रन पर रोक दिया। हैदराबाद ने अब्दुल समद और अभिषेक शर्मा की 29-29 रनों की पारियों सहित टीम प्रयास को किया लेकिन कोई भी खिलाड़ी तेज और बड़ी पारी नहीं खेल सका। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात की शुरूआत अच्छी रही और साथ ही उन्होंने विकेट्स और गति को बनाए रखा जिससे टीम 19.1 ओवर में 168 रन बनाकर 7 विकेट पर जीत गई।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टीम की शुरूआत अच्छी रही और टीम ने 3 विकेट गंवाकर 63 रन बना लिए हैं। गुजरात ने अच्छी शुरूआत की और पहले विकेट के लिए रिद्धिमान साहा और शुभमन गिल ने 36 रन की साझेदारी की। साहा ने 13 गेंदों पर एक चौके और 2 छक्कों की मदद से 25 रन बनाए और 4.1 ओवर में शाहबाज अहमद की गेंद पर कमिंस के हाथों कैच आउट हो गए। गिल ने 28 गेंदों पर 36 रन बनाए और मार्कराम की गेंद पर अब्दुल समद के हाथों कैच आउट हो गए। इसके बाद तीसरे विकेट के नुकसान से पहले सुदर्शन और डेविड मिलर के बीच 64 रन की एक और महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। हालांकि इस दौरान सुदर्शन एक रन से अर्धशतक से चूक गए और 16.1 ओवर में कमिंस की गेंद पर अभिषेक के हाथों कैच आउट हो गए। डेविड मिलर (44) और विजय शंकर (14) नाबाद वापस लौटे।




**▶▶ नरेंद्र मोदी स्टेडियम में बल्लेबाजी**

करने उतरी हैदराबाद के लिए मयंक अग्रवाल और ट्रैविस हेड की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरूआत के तहत पहले विकेट लिए 34 रन जोड़े। उमरजई ने पांचवें ओवर में मयंक को 16 रन पर आउटकर हैदराबाद को पहला झटका दिया। उसके बाद सातवें ओवर में नूर अहमद ने ट्रैविस को 19 रन पर बोल्ड कर दिया। इसके बाद जो भी बल्लेबाज पिच आये उन्होंने तेजी से के साथ रन बटोरे। अभिषेक शर्मा ने 20 गेदों में दो चौके और दो छक्कों के साथ 29 रनों की पारी खेली।

एडन मारक्रम ने 17 रन बनाए। हाइनरिक क्लासन 13 गेंदों में 24 रन और शाहबाज अहमद 20 गेंद में 22 रन बनाकर आउट हुए। अब्दुल समद 14 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 29 रनों की पारी खेली। समद आखिरी गेंद पर रनआउट हुये। कप्तान पैट कमिंस दो रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 162 रन का स्कोर खड़ा किया। गुजरात जायंट्स की ओर से मोहित शर्मा ने तीन विकेट लिये। अजमतउल्लाह उमरजई, उमेश यादव,राशिद खान और नूर अहमद ने एक-एक विकेट लिया।

**▶▶ पिच रिपोर्ट**

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच ने अब तक आईपीएल में 28 मैचों की मेजबानी की है और उन मैचों को जीतने में पहले और दूसरे स्थान पर बल्लेबाजी करने वाली टीम के रिकॉर्ड समान हैं। हालांकि टॉस जीतने वाली टीम और मैच जीतने का अनुपात अलग-अलग है क्योंकि उन्होंने केवल 13 बार जीत हासिल की है जबकि टॉस हारने वाली टीम ने 15 बार जीत हासिल की है। पिच आम तौर पर बल्लेबाजी के अनुकूल होती है और पहली पारी में औसत स्कोर 172 रन होता है। चूंकि यह एक दिन का खेल है और मैच के नतीजे में पहले या दूसरे स्थान पर बल्लेबाजी करने में शायद ही कोई अंतर होता है इसलिए टीमें कोशिश करने और फायदा उठाने के लिए पहले बल्लेबाजी करना चाहेंगी।

**▶▶ मौसम**

मैच के दौरान तापमान 36 डिग्री सेल्सियस से रहेगा जो शामको गिर पर 34 डिग्री तक पहुंचेगा। मैच के दौरान बारिश की कोई संभावना नहीं है।

## डिवाइन इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे से बाहर

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड की क्रिकेटर सोफी डिवाइन सोमवार को सेलो बेसिन रिजर्व में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पहले वनडे मैच में शामिल नहीं होंगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट की रिपोर्ट के अनुसार, डिवाइन इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टी20 में हुए क्वाड स्ट्रेन से चयन हेतु उपलब्ध होने के लिए पर्याप्त रूप से उबर नहीं पाई हैं। गुरुवार को सेडॉन पार्क में दूसरे वनडे के लिए उपलब्ध रहने के लक्ष्य के साथ वह पुनर्वास कार्यक्रम जारी रखेंगी और अगले दो दिनों तक उनकी निगरानी की जाएगी। इसमें कहा गया, डिवाइन की अनुपस्थिति में मेली केर पहले वनडे के लिए टीम की कप्तानी करेंगी। लेह कास्पेरेक कवर के रूप में वेलिंगटन में टीम के साथ बनी हुई हैं।



## अभिनव बिंद्रा ने पेरिस ओलंपिक से पहले राष्ट्रीय शूटिंग टीम को प्रेरित किया

**नई दिल्ली।** भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और निशानेबाजी के दिग्गज अभिनव बिंद्रा ने यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में राष्ट्रीय शूटिंग टीम के साथ एक प्रेरक सत्र में सवालों के जवाब दिए और अपने ओलंपिक अनुभव साझा किए, जैसे ही टीम ने जुलाई में पेरिस 2024 खेलों से पहले तैयारी के महत्वपूर्ण अंतिम तीन महीनों में प्रवेश किया। सत्र का आयोजन नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) द्वारा यूरोप में उपकरण परीक्षण के लिए निशानेबाजों के पहले बैच के प्रस्थान से पहले किया गया था। ऐसे तीन बैच अप्रैल में लगातार रवाना होंगे, इसके अलावा तीन सदस्यीय महिला एयर पिस्टल टीम और शॉटगन टीम क्रमशः रियो और दोहा में अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर में प्रतिस्पर्धा करेंगी। बाद में अप्रैल में, राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के लिए चार राष्ट्रीय ओलंपिक चयन परीक्षणों में से पहला भी उसी स्थान पर निर्धारित किया गया है।


## खबरें व्यापार जगत की

### वित्तीय वर्ष 24 में स्मॉल कैप शेयरों में 63 प्रतिशत की हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024 भारतीय शेयर बाजार के लिए फायदेमंद साबित हुआ। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि लार्ज कैप ने 33 प्रतिशत का रिटर्न दिया, मिडकैप में 56 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और स्मॉल कैप ने प्रभावशाली 63 प्रतिशत के साथ शानदार प्रदर्शन किया। वित्त वर्ष 2024 में अर्थव्यवस्था में विकास से बाजार को बल मिला। वर्ष के दौरान तिमाही दर तिमाही आधार पर जीडीपी का पूवानुमान 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया गया। उन्होंने कहा कि निफ्टी 50 इंडेक्स के लिए सालाना 23-24 फीसदी ईपीएस पूवार्नुमान के साथ कॉर्पोरेट आय वृद्धि में तेजी आई। प्रत्यक्ष निवेश के साथ-साथ म्यूच्यूअल फंड के माध्यम से निवेश द्वारा समर्थित खुदरा प्रवाह मजबूत बना रहा। घरेलू निवेशकों के ट्रेडिंग खातों की संख्या 16.7 करोड़ तक पहुंच गई, जो बाजार में बढ़ती भागीदारी को रेखांकित करती है। उन्होंने कहा कि इसके आलावा, मंदी का सामना कर रहे अन्य उभरते बाजारों की तुलना में भारत के बेहतर प्रदर्शन से उत्साहित एफआईआई ने शुद्ध खरीदारी गतिविधि में सुधार दिखाया। हालांकि, 20 मार्च तक भारी बिकवाली दबाव के साथ, साल का अंत मंदी से हुआ। फिर भी, हाल के कारोबारी सत्रों में बाजार में कुछ राहत मिली है। लीवरेज्ड बिकवाली का दबाव कम हो गया है और खरीद गतिविधि में सुधार हुआ है, भले ही कम मात्रा में हो। उन्होंने कहा, अप्रैल के आने वाले पहले सप्ताह में, अमेरिका और भारत में पीएमआई, फैक्ट्री ऑर्डर और अमेरिका में बेरोजगारी जैसे महत्वपूर्ण डेटा जारी होने की उम्मीद है। इसके आलावा, नीतिगत दरों में विशेष रूप से आरबीआई से संकेतों पर निवेशकों की नजर रहेगी। उन्होंने कहा, हालांकि वर्तमान में एफएमसीजी और आईटी जैसे कुछ सेक्टर को कम मांग के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, हम सामान्य मानसून और फेड की दर में कटौती के बाद अमेरिकी मांग में वृद्धि के कारण बदलाव की उम्मीद करते हैं। हालांकि, फोकस लार्ज कैप पर है, मिड-कैप के प्रीमियम वैल्यूएशन में छोटी से मध्यम अवधि में दिक्कत आ सकती है।

### गूगल दक्षिण कोरिया में चुनाव से पहले राजनीतिक विज्ञापन बंद करेगा

**सोल।** गूगल ने दक्षिण कोरिया में अगले महीने होने वाले आम चुनाव से पहले अपनी सेवाओं पर राजनीति से संबंधित सभी विज्ञापनों को निलंबित करने का फैसला किया है। सूत्रों के मुताबिक, गूगल ने हाल ही में एक नोटिस पोस्ट कर कहा है कि वह दक्षिण कोरिया के चुनाव के दौरान राजनीतिक विज्ञापनों का समर्थन नहीं करेगा। यह निर्णय यूट्यूब, गूगल सर्च और गूगल प्ले स्टोर सहित सभी गूगल सेवाओं पर समान रूप से लागू होगा। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, ऐसा प्रतीत होता है कि यह निर्णय मतदाताओं को राजनीतिक विज्ञापनों में संभावित रूप से पक्षपातपूर्ण सामग्री के संपर्क में आने से रोकने के लिए किया गया है। गूगल अपने होमपेज पर यूजर्स को मतदान के तरीकों और मतदाता पंजीकरण साधनों के बारे में विश्वसनीय जानकारी देने के लिए लिंक प्रदान करने की भी योजना बना रहा है। कंपनी उपयोगकताओं को अधिक जानकारी के लिए विश्वसनीय स्रोतों से जोड़ने के लिए चुनाव से संबंधित यूट्यूब सर्च परिणामों से विभिन्न चुनाव-संबंधित सूचना पैनल प्रदान करने की भी योजना बना रही है। साउथ कोरिया में 10 अप्रैल को संसदीय चुनाव होंगे।




### आरबीआई की मौद्रिक समीक्षा बैठक 3 अप्रैल से

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की वित्त वर्ष 2024-25 की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की पहली तीन दिवसीय समीक्षा बैठक तीन अप्रैल को शुरू होगी। मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा पांच अप्रैल को की जाएगी। आर्थिक मामलों के विशेषज्ञों ने रविवार को बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 की मौद्रिक नीति समिति की समीक्षा बैठक में आरबीआई एक बार फिर नीतिगत दर को यथावत रख सकता हैं। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक तीन अप्रैल को शुरू होगी। इस मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा 5 अप्रैल को की जाएगी। यह वित्त वर्ष 2024-25 की पहली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक होगी। उल्लेखनीय है कि एक अप्रैल से शुरू हो रहे वित्त वर्ष 2024-25 में एमपीसी की छठ बैठकें होगी। आरबीआई ने पिछली बार फरवरी 2023 में नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट बढ़ाकर 6.50 फीसदी कर दिया था। उसके बाद से रिजर्व बैंक ने लगातार छह द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति की समीक्षा बैठक में इसे यथावत रखा है।

## कोलिंस ने रिबाकिना को अपदस्थ कर मियामी ओपन का खिताब जीता

**फ्लोरिडा।** गैरवरीय अमेरिकी डेनिएल कोलिन्स ने डब्ल्यूटीए 1000 मियामी ओपन जीतने के लिए नंबर 4 वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना को 7-5, 6-3 से अपदस्थ कर अपने करियर का सर्वोच्च स्तर का खिताब हासिल किया। दोनों खिलाड़ियों द्वारा पावर हिटिंग के 2 घंटे और 2 मिनट के जबरदस्त प्रदर्शन में, 30 वर्षीय कोलिन्स ने अपने करियर का तीसरा डब्ल्यूटीए एकल खिताब, अपना पहला डब्ल्यूटीए 1000 खिताब और 2021 से किसी स्तर पर अपना पहला खिताब अपने नाम किया। उसने अपने पिछले 21 मैचों में से 17 में जीत हासिल की और शनिवार रात की जीत के साथ, अमेरिकी अगले सप्ताह तक विश्व में 22वें नंबर पर पहुंच जाएगी। कोलिन्स 2018 में स्लोएन स्टीफंस के बाद मियामी ओपन खिताब जीतने वाली पहली अमेरिकी महिला बनीं। वह मार्टिना नवरातिलोवा, क्रिस एवर्ट, तीन बार की चैंपियन वीनस विलियम्स, आठ बार की चैंपियन सेरेना विलियम्स और स्टीफंस के बाद ताज जीतने वाली कुल मिलाकर छठी अमेरिकी महिला बन गई हैं।



## मारपीट मामले में दीपक शर्मा को मिली जमानत

**पणजी।** गोवा की एक स्थानीय अदालत ने दो महिला खिलाड़ियों पर शारीरिक हमला करने के आरोप में गिरफ्तार अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को रविवार को जमानत दे दी। पुलिस इंस्पेक्टर निखिल पालेकर ने आईएएनएस को बताया कि शर्मा को अदालत में पेश किया गया और उन्हें बिना शर्त जमानत दे दी गई है। पुलिस अधीक्षक (उत्तर) अक्षत कौशल ने शनिवार को कहा था कि खाद फुटबॉल क्लब की खिलाड़ी फुटबॉल लीग में भाग लेने के लिए गोवा आयी थी और दोनों लड़कियों ने शर्मा के खिलाफ शिकायत की थी। उन्होंने कहा, उन्होंने एक शिकायत दर्ज कराई है जिसमें कहा गया है कि आरोपी व्यक्ति ने उन पर शारीरिक हमला किया और दुर्व्यवहार किया।



## छह महीने बाद लौटेंगी मीराबाई, ओलंपिक कोटे पर नजर

**फुकेट।** तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू छह महीने चोट के कारण ब्रेक के बाद आईडब्ल्यूएफ विश्व कप के जरिए वापसी करेंगी ताकि पेरिस ओलंपिक का टिकट कटा सके। विश्व कप आखिरी क्वालीफाइंग टूर्नामेंट ही नहीं है बल्कि पेरिस खेलों के लिए अनिवार्य भी है। विश्व कप में उनकी भागीदारी ही पेरिस का टिकट कटाने के लिए काफी होगी क्योंकि पूर्व विश्व चैम्पियन महिलाओं की 49 किलो ओलंपिक क्वालीफिकेशन रैंकिंग में दूसरे स्थान पर है। ओलंपिक 2024 क्वालीफिकेशन नियमों के तहत विश्व चैम्पियनशिप 2023 और विश्व कप 2024 में भाग लेना अनिवार्य है। इन दोनों टूर्नामेंटों के अलावा भारोत्तोलक को 2022 विश्व चैम्पियनशिप, 2023 उपमहाद्वीपीय चैम्पियनशिप, 2023 ग्रां प्री वन, 2023 ग्रां प्री टू और 2024 उपमहाद्वीपीय चैम्पियनशिप में से कम से कम तीन में भाग लेना जरूरी है। चानू इन मानदंडों पर खरी उतरती है जिन्होंने 2022 विश्व चैम्पियनशिप और 2023 एशियाई चैम्पियनशिप खेली थी।

## बचपन से ही रफ्तार मुझे रोमांचित करती है : मयंक यादव



# धोनी का यह हो सकता है आखिरी आईपीएल!

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय और टी20 फ्रेंचाइजी क्रिकेट के सबसे सफल कप्तानों में से एक महेंद्र सिंह धोनी इस साल आईपीएल को अलविदा कह सकते हैं। पिछले कुछ वर्षों से उनके आईपीएल से संन्यास की योजना भी चल रही है लेकिन टीम को सफल कप्तान ना मिलने की वजह से वह टीम के साथ बने हुए हैं। पिछले साल उन्होंने टीम को पांचवां खिताब दिलाया था जबकि उससे पहले 2022 में रविंद्र जडेजा को कप्तानी सौंपी गई थी जो सही फैसला साबित नहीं हुआ था। लेकिन इस बार 2024 में सीएसके को एक बार फिर से रुतुराज गायकवाड़ के रूप में नया कप्तान मिला है जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है। ऐसे में हो सकता है कि धोनी का यह आखिरी आईपीएल हो। चाहे वह आईपीएल से संन्यास ले लें लेकिन वह टीम के साथ बने रहेंगे और उनके मार्गदर्शन में अगली पीढ़ी सीएसके के लिए काम करेगी।

**▶ आइकॉन प्लेयर छोड़ नीलामी में जाना**

2008 में आईपीएल की शुरूआत में पहली बार क्रिकेटरों पर बोली लगी। इस दौरान 5 टीमों ने अपने 5 आइकॉन खिलाड़ी (सचिन तेंदुलकर, सौरव गांगुली, राहुल द्रविड़, युवराज सिंह और वीरेंद्र सहवाग) चुने लेकिन धोनी ने नीलामी में उतरने का फैसला किया।

इस पर बात करते हुए धोनी ने एक शो में कहा था, 'मेरे पास दो-तीन टीमों का आइकॉन प्लेयर बनने का मौका था। लेकिन मैंने प्लेयर्स बिड में उतरने का फैसला किया। मुझे उम्मीद थी कि बिड में उतरने से कम से कम 1 मिलियन डॉलर मिल सकते हैं।' उनका फैसला सही साबित हुए और चेनई सुपर किंग्स ने उन पर 15 लाख डॉलर की बोली लगाई थी। क्रिकेटर के लिए खेल बहुत कुछ है, मगर सबकुछ भी नहीं और यह बात धोनी जानते हैं। धोनी ने वर्ष 2021 में सबसे ज्यादा 54 ब्रांड्स को एंडोर्स किया था और औसतन 35 से 6 करोड़ रुपए लेते हैं।

### सबसे सफल कप्तान रहे हैं

**उन्होंने सबसे ज्यादा मैचों (226) में कप्तानी की है और 100 से ज्यादा मैच जीते हैं। उनकी अगुवाई में उनकी टीम ने 133 मैच (चेनई सुपर किंग्स ने 128 और राइजिंग पुणे सुपर सुपरजाएंट्स ने 5) जीते हैं। धोनी की अगुवाई में चेन्नई सुपर किंग्स 10 बार फइनल में पहुंची और 5 बार खिताब अपने नाम किया। रोहित शर्मा की अगुवाई में मुंबई इंडियन्स ने भी पांच बार खिताब जीते हैं लेकिन वह रनर-अप केवल एक बार ही बनी।**




# पीसीबी लाल गेंद और सफेद गेंद प्रारूप के लिए अलग-अलग विदेशी कोच करेगा नियुक्त

**एजेंसी। लाहौर**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने लाल गेंद और सफेद गेंद प्रारूपों के लिए अलग-अलग विदेशी कोच नियुक्त करने का फैसला किया है और सूत्रों के अनुसार इसमें ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी और पूर्व दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज गैरी कर्स्टन को संभावित उम्मीदवारों के रूप में शामिल किया गया है। पीसीबी ने शनिवार को आधिकारिक तौर पर लाल गेंद और सफेद गेंद कोच के पदों के लिए विज्ञापन जारी किया। इच्छुक उम्मीदवार (विदेशी और स्थानीय) 15 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं और उनके पास न्यूनतम लेवल दो कोचिंग की पात्रता होने के अलावा घरेलू, अंतरराष्ट्रीय या फ्रेंचाइजी टीम को कोचिंग देने का कम से कम पांच साल का अनुभव होना चाहिए। इसमें कहा गया है कि उच्च स्तर की कोचिंग पात्रता वाले उम्मीदवारों को नियुक्तियों में प्राथमिकता दी जाएगी। पीसीबी के एक सूत्र ने बताया कि विज्ञापन में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं लेकिन बोर्ड ने कर्स्टन और गिलेस्पी के साथ बातचीत की है। बोर्ड को उनके आवेदन का इंतजार है ताकि उन्हें दीर्घकालिक आधार पर नियुक्त किया जा सके। सूत्र के अनुसार भारतीय टीम को कोचिंग दे चुके कर्स्टन सफेद गेंद प्रारूप (सीमित ओवरों की टीम) के लिए चुना गया है, जबकि गिलेस्पी को लाल गेंद (टेस्ट) टीम का मुख्य कोच बनाए जाने की उम्मीद है।

सूत्र ने कहा कि पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी सब कुछ तयशुदा तरीके से कर रहे थे और उन्होंने सभी घटनाक्रमों के बारे में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स को सूचित भी कर दिया था। सूत्र ने कहा, उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए विज्ञापन दिया है कि जो भी कोच के रूप में नियुक्त किया जाता है, उसे अपनी योग्यता दिखाने के लिए उचित अनुबंध और कार्यकाल दिया जाए ताकि उन्हें किसी भी अध्यक्ष की इच्छा और पसंद के अनुसार बदला नहीं जा सके।'




**इच्छुक उम्मीदवार 15 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं**

# भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो एक सजायाफ्ता मुजरिम, चुनाव लड़ने योग्य नहीं : सरयू राय

उपेंद्र गुप्ता

**रांची।** पूर्वी जमशेदपुर के विधायक सरयू राय ने धनबाद के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। रांची स्थित अपने आवास पर एक संवाददाता सम्मेलन में विधायक सरयू ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर 49 संगीन मामले दर्ज हैं, जिसमें से 21 मुकदमे भारतीय दंड विधान की धारा-307 एवं अन्य संज्ञेय अपराधों में, 13 मुकदमा रंगदारी और दबंगई से संबंधित भारतीय दंड विधान की धारा-384, 385 तथा 15 मुकदमा आर्म्स एक्ट और एक्सप्लोसिव एक्ट के विभिन्न धाराओं में दायर किये गये हैं। इन चार मुकदमों में अलग-अलग साढ़े चार साल की सजा मिली है,वे सजायाफ्ता मुजरिम हैं। जिसके कारण वे चुनाव लड़ने योग्य हैं ही नहीं है। विधायक ने कहा कि भाजपा आलाकमान को अपने प्रत्याशी के काली कारतूतों के बारे में सबकुछ मालूम है, फिर उन्हें धनबाद जैसे महत्वपूर्ण सीट से टिकट देना सभी को हैरान करता है ।



**▸ गैंगस्टर प्रिंस खान की धमकी को चुनौती के रूप में स्वीकार**

विधायक सरयू राय ने ढुल्लू महतो और गैंगस्टर प्रिंस खान के वायरल ऑडियों पर धमकी को चुनौती के रूप में स्वीकार करते हे कहा कि प्रिंस खान और ढुल्लू महतो की आवाज अलग-अलग है, लेकिन स्क्रीप्ट एक जैसी है, प्रिंस खान और ढुल्लू महतो दोनों एक-दूसरे के सहयोगी हैं. भाजपा को इसका जवाब देना चाहिए । इसकी भी जांच होनी चाहिए, उन्होंने कहा कि प्रिंस खान की नाराजगी स्वाभिक है उसके खिलाफ पिछले साल दिसंबर में विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में प्रिंस खान को दुबई से वासप लाने की मांग की थी।

विधायक सरयू राय ने कहा भारत सरकार और चुनाव से मांग करते हुए कहा कि धनबाद में अगर शांति पूर्ण चुनाव कराना है तो सके पहले प्रत्यार्पण संधि के तहत दुबई से प्रिंस खान को तत्काल भारत ला कर जेल के सलाखों के पीछे बंद करें।

**▸ 400 पार भूल जाएं पीएम मोदी**

विधायक सरयू राय ने पीएम नरेंद्र मोदी से अपील करते हे कहा कि वे 400 पार का नारा अब भूल जाएं, जो काम वे 400 के पार करना चाहते हैं, उसे 399 में भी कर सकते हैं, उनका इशारा धनबाद सीट से भाजपा प्रत्याशी की हार की तरफ था।

सरयू राय ने एक सवाल के जवाब में कहा कि अभी धनबाद सीट से लड़ने को लेकर की अंतिम फैसला नहीं किया है, लेकिन कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम से उनकी बातचीत जरूर हुई है, उन्होंने साफ तौर कहा है कि वे या तो किसी दमदार प्रत्याशी को ही चुनाव मैदान में उतारें जो भाजपा को कड़ी टक्कर दे सके या फिर उनका समर्थन करें। लेकिन वे कांग्रेस में शामिल नहीं होंगे। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि यदि इंडिया गंठबंधन में उनके पार्टी के शामल होने की बात है तो उस पर वे जरूर विचार करेंगे ।

## चार मुकदमों में मिल चुकी है साढ़े चार साल की सजा

विधायक सरयू राय ने कहा कि ढुल्लू महतो पर चार मुकदमें बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के महुदा थाना कांड संख्या 242/2005 में एक साल की सजा, 25 फरवरी 2016 को बाघमारा (बरोरा) थाना कांड संख्या-307/2006 में एक साल की सजा, 20 जनवरी, 2016 को बाघमारा (बरोरा) थाना कांड संख्या-133/2006 में 12.07.2018 को एक साल की सजा और कतरास थाना कांड संख्या-120/2013 में 18 माह (1.5 साल) की सजा 09 अक्टूबर, 2019 को हुआ। इन चार कांडों में ये एक सजायाफ्ता अभियुक्त है। इनकी कुल सजा को जोड़ दंगे तो यह सजा साढ़े चार साल की हो जा रही है। इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के 5 न्यायाधीशों की संवैधानिक खंडपीठ का न्याय निर्णय के अनुसार ढुल्लू महतो चुनाव लड़ने से अयोग्य है। ढुल्लु महतो की विधानसभा सदस्यता भी रद्द होनी चाहिए और इन्हें अगले 6 साल तक चुनाव लड़ने से अयोग्य करार देना चाहिए।

## खुद को ओबीसी का हितैषी बताते हैं ढुल्लू महतो

विधायक सरयू राय ने कहा कि ढुल्लू महतो के विधानसभा क्षेत्र में बीसीसीएल एरिया के पांच क्षेत्र आते हैं, जहां वे मजदूरों के लोडिंग के नाम पर 1200 रू रंगदारी वसूलते हैं। यह पैसा मजदूरों की जेब में जाने के बजाय इनके पास पहुंचता है, जिसके खिलाफ कोकिंग कोल व्यवसासियों ने आंदोलन भी किया था। सरयू राय ने कहा कि ढुल्लू महतो खुद ओवीसी कहते हैं, लेकिन सबसे ज्यादा शोषण और अत्याचार उन्होंने ओवीसी समुदाय पर किया। बीसीसीएल के एरिया 1 से 5 के बीच आज भी रंगदारी और असामाजिक तत्वों का बोलबाला पहले की तरह है, जिन्हें इनका संरक्षण प्राप्त है। इसलिए इनका यह कहना कि इनका विरोध इसलिए हो रहा है कि वे ओबीसी एवं स्थानीय है, सरासर गलत है। इनका जुल्म अबतक ओबीसी और स्थानीय के उपर और पिछड़े वर्गों के उपर ही होता रहा है। ढुल्लु महतो स्वयं को ओबीसी श्रेणी का हितैषी बताते हैं। परन्तु अपने पूरे विधायक काल में इन्होंने जितने अत्याचार किये हैं वे सभी ओबीसी वर्ग के व्यक्तियों एवं परिवारों पर किया है, जिसमें से अशोक महतो का परिवार भी शामिल है। जिसने लम्बी लड़ाई लड़कर इनके जुल्म का प्रतिकार किया। इसके अतिरिक्त अपने स्वजातीय करीब आधा दर्जन परिवारों का पानी, बिजली इन्होंने कटवा दिया। यह सभी परिवार 17 दिनों तक धनबाद के सार्वजनिक स्थल पर धरना देकर बैठे रहे तब जाकर वर्तमान वरीय पुलिस अधीक्षक ने बीसीसीएल प्रबंधन से उनके घरों का पानी, बिजली कनेक्शन जुड़वाया।

# शिबू सोरेन परिवार की कठपुतली बने हुए हैं सीएम चंपाई सोरेन : बाबूलाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को सोशल मीडिया 'एक्स' के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, चंपाई सोरेन जी, इंडी ठगबंधन की रैली लोकतंत्र बचाने की नहीं, बल्कि परिवारवाद, भ्रष्ट तंत्र और भ्रष्टाचारियों को बचाने की मुहिम है। उन्होंने कहा कि अफसोस है कि चंपाई सोरेन पारिवारिक अंदरूनी महाभारत की परिस्थितिवश सोरेन परिवार की अनुकंपा पर मजबूरी में मुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद इनके हाथों की कठपुतली बने हुए हैं।

मरांडी ने कहा कि दिल्ली में स्वांग रचने से बेहतर होता कि वे झारखंड के छात्रों की समस्या का निदान करते। जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षा में धांधली करने वाले लोगों के साथ सख्ती बरतते, उन्हें जेल भेजते। राज्य के मरणासन्न कानून व्यवस्था की समीक्षा कर उसे सुदृढ़ करते। लेकिन, वे भी हेमंत सोरेन के नक्शे कदम पर चलने की कसम खा रखे हैं। उन्होंने कहा यदि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने क्रिया-कलापों में सुधार नहीं किया और उसी राह पर चलते रहे तो वह दिन दूर नहीं, जब उन्हें भी होटवार जाना पड़ सकता है।

# मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पतालों में पूरी व्यवस्था रखें : आलोक त्रिवेदी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में गर्मी का प्रकोप दिखने लगा है। अधिकतम तापमान 33 से 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जा रहा है। हीट स्ट्रोक (लू) की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने भी एडवाइजरी जारी की है। इसके मद्देनजर राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज व जिला अस्पतालों में भी तैयारी कर ली गई है। अस्पतालों में ओआरएस और जीवन रक्षक दवाओं का प्रर्याप्त स्टॉक रखा जा रहा है। साथ ही, जिन अस्पतालों में दवाओं की कमी है, वे स्थानीय स्तर पर इसकी खरीदारी भी कर रहे हैं।

**झारखंड में गर्मी का प्रकोप दिखते ही स्वास्थ्य विभाग अलर्ट**



एनएचएम के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी ने कहा कि मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पतालों को पूरी व्यवस्था रखने का निर्देश दिया गया है। इसकी मॉनीटरिंग भी की जा रही है। लोगों को भी जागरूक रहना होगा और समस्या होने पर तत्काल अस्पताल पहुंचना होगा। राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के प्रबंधन ने आइसोलेशन वार्ड में अलग से बेड भी आरक्षित कर लिया है, जिसे आवश्यकतानुसार बढ़ाया जाएगा। फिलहाल, यहां अन्य बीमारी के मरीजों का इलाज चल रहा है। हीट स्ट्रोक के मरीज आने पर उनको वहां रखा जाएगा। सदर अस्पताल रांची में भी बेड और प्रर्याप्त दवाओं के इंतजाम कर लिये गए हैं। विभाग ने अस्पताल में सामान्य मरीजों को भी हीट स्ट्रोक के लिए जागरूक करने को कहा है। अस्पतालों को बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों का इलाज प्राथमिकता के आधार पर करने को कहा गया है।







**पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र के बूटी मोड़ इलाके में की छापेमारी**

# रांची में अवैध शराब फैक्ट्री ध्वस्त, चार गिरफ्तार

**500 लीटर से ज्यादा नकली शराब बरामद**

**बिहार सप्लाई होती थी नकली शराब**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव से पहले रांची पुलिस को कई बड़ी कामयाबी मिली है। नशे के तस्करों के लिए रविवार का दिन काला दिन साबित हुआ। वहीं, रांची पुलिस के लिए पूरा दिन सफलताओं से भरा रहा। करोड़ों का डोडा और ब्राउन शुगर बेचते अपराधियों को पकड़ने के बाद रांची पुलिस ने सदर इलाके में चल रहे एक अवैध शराब फैक्ट्री को ध्वस्त कर दिया। यहां पुलिस ने लाखों रुपये की नकली शराब जब्त की है। इसके साथ ही चार तस्करों को भी दबोचा है। रांची के सदर इलाके में बड़े पैमाने पर नकली शराब का निर्माण किया जा रहा था। नकली शराब का निर्माण करने के लिए बाकायदा एक घर को फैक्ट्री के रूप में तब्दील कर दिया गया था। मामले की जानकारी मिलने के बाद रांची



के सीनियर एसपी के निर्देश पर सदर डीएसपी और सदर थानेदार द्वारा बूटी मोड़ इलाके में छापेमारी की गई। मिनी फैक्ट्री में 500 लीटर से ज्यादा नकली शराब, कई कंपनियों के रैपर के साथ-साथ 300 से ज्यादा खाली बोतल बरामद की गई है।

मौके से पुलिस ने अवैध शराब के चार तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में आदर्श, निखिल, राज और संतोष शामिल हैं। संतोष और निखिल बिहार के रहने वाले हैं और अवैध शराब के कारोबार में पहले भी बिहार के गया जिले से गिरफ्तार होकर जेल जा चुके हैं। पुलिस के मुताबिक मिनी शराब फैक्ट्री में महंगे ब्रांड के शराब की बोतलों पर उनके रैपर लगाकर उसमें दोयम दर्जे की शराब भरी जाती थी और फिर उसे बिहार के बाजार में खपाया जाता था। बिहार में लोकसभा चुनाव को देखते हुए बड़े पैमाने पर शराब खपाने की योजना थी, लेकिन उससे पहले ही रांची पुलिस को इसकी भनक लग गई और सभी तस्कर धर दबोचे गए।

**भारत सरकार के नेम प्लेट लगा करते थे तस्करी :**

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार तस्करों के पास से एक वाहन भी बरामद किया गया है, जिसमें भारत सरकार का बोर्ड लगा हुआ है। भारत सरकार लिखे वाहन में ही शराब भरकर बिहार तक पहुंचाया जाता था। बॉर्डर पर ऐसे वाहनों की चेकिंग जारी है।

## न्यूज बॉक्स

### धरतीपुत्र हैं धनबाद और चतरा लोकसभा सीट के प्रत्याशी : राजेंद्र प्रसाद




**रांची।** धनबाद लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी ढूल्लू महतो को बदलने की मांग करने पर मूलवासी सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने अपनी कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमारी जमीन को किसी ने कब्जा कर लिया था, भाजपा ने उसे मुक्त कर असली जमीन मालिक को वापस कर दिया है। परंतु, अभी और कुछ जमीन को आगे मुक्त कराने की बात है। प्रसाद ने कहा कि धनबाद और चतरा के प्रत्याशी दोनों उसी लोकसभा क्षेत्र के निवासी और धरतीपुत्र हैं। प्रसाद ने कहा कि भाजपा ने तीन सवर्ण को झारखंड में प्रत्याशी बनाया है। ऐसे में सवर्ण समुदाय के आबादी को देखते हुए यह बहुत है। इसके बाद भी कुछ लोग सिर्फ अपनी जाति और गैर सदान के लिए टिकट मांग रहे हैं, जो कतई उचित नहीं है। चतरा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह भूमिहार जाति के सवर्ण समुदाय से आते हैं, जबकि धनबाद के प्रत्याशी ढूल्लू महतो पिछड़ी जाति से आते हैं और ये दोनों मूलवासी सदान हैं। मोर्चा अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने ढूल्लू महतो को माफिया और लुटेरा कहने पर भी कड़ी आपत्ति की। उन्होंने कहा ढूल्लू महतो इसी मिट्टी के झारखंडी पुत्र हैं। वे अपने बल, बुद्धि और मेहनत से आज पैसा कमाए हैं, तो कुछ गैर-मूलवासी सदानों के पेट में दर्द क्यों हो रहा है। उन्होंने कहा कि सिर्फ मूलवासी सदान से आने वाले लोगों को ही क्यों टारगेट किया जाता है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि ढूल्लू महतो मूलवासी सदान से आते हैं। सदानों की आबादी झारखंड में 65 प्रतिशत है। इसके बाद भी कुछ लोगों के पेट में दर्द हो रहा है। उन्होंने मूलवासी सदानों की उपेक्षा करने वाले बड़े नेता को इस बार संसद नहीं पहुंचने देने की बात भी कही। संवाददाता सम्मेलन में मीडिया प्रभारी विशाल कुमार सिंह, प्रो अरविंद राम, डॉ अमर यादव, महेंद्र ठाकुर, हरीश कुमार, डॉ बृजभूषण पाठक आदि उपस्थित थे।

### ग्रामीण एसपी ने बूथों की सुरक्षा को लेकर की बैठक, दिए कई निर्देश




**रांची।** रांची के ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने खूंटी लोकसभा के तमाड़ विधानसभा क्षेत्र दशम फॉल, बुंडू और तमाड़ थाना के बूथों की सुरक्षा को लेकर बैठक की। इस दौरान ग्रामीण एसपी ने अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान उस क्षेत्र में पड़ने वाले सभी बूथों का बारी-बारी से गूगल अर्थ मैप का उपयोग करते हुए वहां की भौगोलिक स्थिति देखी गई। भौगोलिक स्थिति को देखते हुए तय किया गया कि हर बूथ पर कितने पुलिसकर्मी, पदाधिकारी, वाहन प्रतिनियुक्त किया जाएंगे। उनके आने-जाने के लिए रूट के निर्धारण के संबंध में विशेष रूप से चर्चा की गई और कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### रांची में आलोक हत्याकांड का खुलासा, तीन गिरफ्तार



**रांची।** राजधानी की सदर थाना पुलिस ने आलोक कुमार उर्फ कान्हा हत्याकांड का खुलासा करते हुए तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में सुंदर हेंब्रम उर्फ एसटी, अमन कुमार पासवान और अनिल ओहदार शामिल हैं। इनकी निशानदेही पर हत्या करने में प्रयुक्त पत्थर, मृतक का एक मोबाइल, अपराधियों का तीन मोबाइल और एफएसएल टीम के जरिये जब्त किया गया सामान बरामद किया गया है डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने रविवार को बताया कि 28 मार्च को रांची नर्सिंग होम के पीछे से पुलिस ने आलोक कुमार उर्फ कान्हा का शव बरामद किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। अनुसंधान के दौरान तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधियों ने पूछताछ में बताया कि पूर्व में हुई मारपीट और शराब पीने के दौरान पैसे के लेन-देन के विवाद में हुई थी। पीएचईडी तालाब से मृतक का मोबाईल एवं घटनास्थल से हत्या करने में प्रयुक्त पत्थर को बरामद किया गया है।

# पृष्ठ एक के शेष

**बड़े-बड़े सत्ताधारी जेल में...**

सरकार मुफ्त राशन दे रही है। जिसको किसी ने नहीं बूझा उसका सम्मान हमने लौटाया है।

**पीएम बोले- नौजावानों के लिए नए अवसर बनाए, आगे बढ़ रहा भारत :** पीएम मोदी ने कहा कि साथियों मैंने लाल किले से कहा था कि यही सही समय है। भारत का समय आ गया है। भारत चल पड़ा है और आज भारत में तेजी से आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर बन रहा है। आज भारत इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण पर अभूतपूर्व निवेश कर रहा है। आज हर सेक्टर में नौजवानों के लिए अनगिनत नए अवसर बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की नारी शक्ति नए संकल्पों के साथ आगे आ रही है। आज भारत की साख दुनिया भर में भारत की साख नई ऊंचाई पर है।

**देश और झारखंड में...**

हमारे पूर्वजों ने भी झारखंड में लड़ी थी। हम सब एक हैं। हम झारखंड के साथ-साथ देश में भी भाजपा की विचारधारा को पनपने नहीं देंगे। साथ ही कहा कि अत्याचार के खिलाफ लड़ाई झारखंड से शुरू होगी और केंद्र की सरकार को हटा कर खत्म होगी।

**कल्पना सोरेन ने भी...**

करते हुए सुनीता केजरीवाल ने कहा, केजरीवाल एक सच्चे देश भक्त और ईमानदार व्यक्ति हैं? अपने पति की 6 गारंटियों को देश के सामने रखकर पांच साल में पूरा करने का वादा किया । कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, हमारे दो खिलाड़ियों को गिरफ्तार करके अंदर कर दिया गया। पीएम मोदी इस चुनाव में मैच फिक्सिंग करने की कोशिश कर रहे हैं। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री व राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा, देश को बांटने का काम किया जा रहा है, नफरत की राजनीति की जा रही है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, अगर आपके 400 पार हो रहे थे तो आम आदमी पार्टी के नेता से आपको घबराहट किस बात की है?'कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा, दशहरे के दिन रावण के पुतले का दहन होता है। आज जो सत्ता में हैं वे अपने आप को राम भक्त कहते हैं। एनसीपी-एससीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा, दिल्ली के सीएम, झारखंड के सीएम को गिरफ्तार किया है यह संविधान पर हमला है।

**राष्ट्रपति ने लालकृष्ण आडवाणी को...**

में कराची में जन्मे आडवाणी 1947 में विभाजन की पृष्ठभूमि में भारत चले आए। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के अपने दृष्टिकोण के साथ उन्होंने पूरे देश में दशकों तक कड़ी मेहनत की और सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य में परिवर्तन किया। एक सांसद के रूप में संवाद पर उनकी आस्था ने संसदीय परंपराओं को समृद्ध किया। गृह मंत्री तथा उप प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने सदैव राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखा, जिससे उन्हें दलगत सीमाओं से परे जा कर लोगों ने सम्मान और प्रशंसा प्रदान की। भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए उनके लंबे और अथक संघर्ष की परिणति 2024 में अयोध्या में श्रीराम मंदिर के पुनर्निर्माण के रूप में हुई। वे स्वतंत्रता के बाद के उन गिने-चुने राजनीतिक नेताओं में हैं जो राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को नया स्वरूप देने और देश को विकास-पथ पर आगे ले जाने में सफल रहे। उनकी उपलब्धियां भारत की सहज प्रतिभा और समावेशी परंपराओं को सर्वोत्तम अभिव्यक्ति प्रदान करती हैं।

**रांची उपायुक्त के बाद लातेहार...**

और पैसों की मांग करने पर ट्रांजैक्शन ना करें और तुरंत रिपोर्ट करें। उन्होंने कहा है कि जिला प्रशासन द्वारा फर्जी अकाउंट बनाकर लोगों से धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है, इस संबंध में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

**मोबाइल नंबर 7874086569 से बनाया गया है 'फेक' अकाउंट :** साइबर अपराधी मोबाइल नंबर 7874086569 से वाट्सएप पर 'फेक' अकाउंट बनाकर लोगों को मैसेज कर पैसों की मांग कर रहे हैं। साइबर अपराधियों द्वारा अलग-अलग परिस्थिति का हवाला देकर पैसों की मांग की जा रही है। रांची जिला प्रशासन द्वारा यह जानकारी दी गई है।

**झारखंड की सलीमा टेटे को...**

पुरस्कार-25 लाख का चेक- हार्दिक सिंह।

वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (महिला) के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार-25 लाख का चेक-सलीमा टेटे।

वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए हॉकी इंडिया बलजीत सिंह पुरस्कार-5 लाख का चेक-पीआर श्रीजेश।

वर्ष के डिफेंडर के लिए हॉकी इंडिया परगट सिंह पुरस्कार-5 लाख का चेक-हरमनप्रीत सिंह।

वर्ष के मिडफील्डर के लिए हॉकी इंडिया अजीत पाल सिंह पुरस्कार-5 लाख का चेक-हार्दिक सिंह।

फॉरवर्ड ऑफ द ईयर के लिए हॉकी इंडिया धनराज पिल्लई पुरस्कार-5 लाख का चेक-अभिषेक।

हॉकी इंडिया असुंता लकड़ा वर्ष के आगामी खिलाड़ी का पुरस्कार (महिला-21 वर्ष से कम)-10 लाख का चेक-दीपिका सोरेंग।

हॉकी इंडिया जुगराज सिंह वर्ष के आगामी खिलाड़ी का पुरस्कार (पुरुष-21 वर्ष से कम)-10 लाख का चेक-अरजीत सिंह हुंदल।

मेजर ध्यानचंद के नाम पर लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान उनके बेटे अशोक कुमार को मिला।





## एक नजर

### पीएम चार को जमुई में पहले चरण के चुनाव प्रचार का करेंगे शंखनाद


**पटना।** पीएम मोदी चार अप्रैल को बिहार के जमुई जिले में आयेंगे। पीएम जमुई के खैरा प्रखंड अंतर्गत नरियाना पुल के समीप खाली भूखंड पर चुनावी सभा को संबोधित कर लोकसभा चुनाव के पहले चरण में एनडीए के जीत का शंखनाद करेंगे। भाजपा के जिलाध्यक्ष कन्हैया कुमार सिंह ने कहा कि पीएम मोदी निर्धारित कार्यक्रम के तहत एनडीए उम्मीदवार अरुण कुमार भारती के समर्थन में जमुई जिले के खैरा प्रखंड अंतर्गत नरियाना पुल के समीप खाली भूखंड पर चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। चुनावी सभा के बाद वे अन्यत्र स्थान के लिए रवाना होंगे। उल्लेखनीय है कि एनडीए समर्थित लोजपा रामविलास के उम्मीदवार अरुण कुमार भारती का चुनावी मुकाबला महागठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशी अर्चना कुमारी से है। पीएम मोदी अरुण कुमार भारती के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन भी अलर्ट है।

### बीआरएस नेता कादियाम श्रीहरि और उनकी बेटी कांग्रेस में शामिल



**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के वरिष्ठ नेता और विधायक कादियाम श्रीहरि अपनी बेटी कादियाम काव्या के साथ रविवार को कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और एआईसीसी प्रभारी दीपा दासमुंशी ने उनका पार्टी में स्वागत किया। कांग्रेस नेताओं ने दो दिन पूर्व पिता-पुत्री की जोड़ी को सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। तेलंगाना के पूर्व उपमुख्यमंत्री श्रीहरि ने अपने समार्थकों के साथ बैठक के बाद यह निर्णय लिया।

### आईडीएफ ने हमास के चार वरिष्ठ नेताओं को उतारा मौत के घाट



**तेल अवीव।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा है कि उसने गाजा सिटी के अल-शिफा अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान हमास के चार वरिष्ठ नेताओं को मार डाला। वे वहां छिपे हुए थे। आईडीएफ के अनुसार मृतकों में से एक राड थाबेट, हमास की भर्ती टीम का प्रमुख था और एक अन्य महमूद खलील जकजुक गाजा शहर में हमास की रॉकेट यूनिट का डिप्टी कमांडर था। अन्य दो मृतकों की पहचान हमास के वरिष्ठ कार्यकर्ता फादी ड्विक और जकारिया नजीब के रूप में की गई है।

### इजराइली सेना ने वेस्ट बैंक में की फिलिस्तीनी किशोर की हत्या

**रामल्लाह।** फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों ने कहा कि इजराइली सेना ने वेस्ट बैंक के जेनिन शहर में एक फिलिस्तीनी किशोर की हत्या कर दी और दो अन्य को घायल कर दिया। सूत्रों ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि 13 वर्षीय मुतासिम अबू अबेद को जेनिन के दक्षिण में कबातिया शहर में गोलियों से भून दिया गया। सूत्रों ने बताया कि हमले में घायल दो लोगों में से एक की हालत गंभीर है।


## कच्चातिवु को श्रीलंका को सौंपने का इंदिरा गांधी का फैसला तमिलनाडु में बना चुनावी मुद्दा

# हम कांग्रेस पर कभी भरोसा नहीं कर सकते : मोदी

### कच्चातिवु द्वीप वर्ष 1974 तक भारत के पास था

### आरटीआई में जानकारी आने के बाद फिर गरमाया मुद्दा





**एजेंसी। चेन्नई/नई दिल्ली**

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा 1974 में कच्चातिवु द्वीप को श्रीलंका को सौंपने का निर्णय लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान तमिलनाडु में प्रमुख मुद्दा बनता जा रहा है। भाजपा इसे जोर-शोर से उठा रही है। इस मुद्दे ने ने केवल तमिलनाडु, बल्कि लोकसभा चुनाव के दौरान पूरी राजनीति को गरमा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक समाचार साझा करते हुए सोशल मीडिया पर कहा कि यह बात आंखें खोलने वाली और चौंका देने वाली हैं। नए तथ्यों से पता चलता है कि कैसे कांग्रेस ने लापरवाही करते हुए कच्चातिवु को छोड़ दिया। इससे हर भारतीय नाराज है और लोगों के मन में यह बात बैठ गई है कि हम कांग्रेस पर कभी भरोसा नहीं कर सकते! भारत की एकता, अखंडता और हितों को कमजोर करना 75 वर्षों से कांग्रेस का काम करने का तरीका रहा है। ज्ञात हो कि कच्चातिवु द्वीप वर्ष 1974 तक भारत के पास था। इसके बाद इसे श्रीलंका को दे दिया गया। एक अंग्रेजी समाचार पत्र में इससे जुड़ी कहानी को विस्तार से साझा किया गया है, जिसपर प्रधानमंत्री ने आज यह टिप्पणी की। भारत के विदेश मंत्री ने भी प्रधानमंत्री के बाद इस पर अपने विचार रखे। उनका कहना है कि यह महत्वपूर्ण है कि लोग हमारे अतीत के बारे में पूरी सच्चाई जानें। तथ्यों पर आधारित इस लेख का सरोकार प्रत्येक नागरिक से होना चाहिए। बता दें कि कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका में नेदुनथीवु और भारत में रामेश्वरम के बीच स्थित एक निर्जन द्वीप है, जहां केवल एक चर्च मौजूद है।

पारंपरिक रूप से दोनों पक्षों के मछुआरों द्वारा इसका उपयोग किया जाता रहा है। इस द्वीप को इंदिरा गांधी सरकार ने श्रीलंका को दे दिया था। एक आरटीआई में इसकी जानकारी सामने आने के बाद यह मुद्दा फिर से सुर्खियों में है। कच्चातिवु द्वीप तमिलनाडु के मछुआरों के लिए सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण है और इसे श्रीलंका को सौंपने के खिलाफ तमिलनाडु में कई आंदोलन हुए हैं। भारत-श्रीलंका समझौता भारतीय मछुआरों को कच्चातिवु के आसपास मछली पकड़ने और द्वीप पर अपने जाल सुखाने की अनुमति देता है।

इधर, तमिलनाडु के सैकड़ों मछुआरे परिवार पहले से ही श्रीलंकाई नौसेना द्वारा तमिल मछुआरों को गिरफ्तार करने और उनकी महंगी मछली पकड़ने वाली नौकाओं को जब्त करने के खिलाफ सड़कों पर हैं। वहीं, एक आरटीआई आवेदन से तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के. अन्नामलाई द्वारा प्राप्त कच्चातिवु द्वीप के हैंडओवर पर आधिकारिक दस्तावेज और रिकॉर्ड बताते हैं कि श्रीलंका ने इस द्वीप का अधिग्रहण कैसे किया।

### खरगे का पलटवार, कहा- आत्मावलोकन करें



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कच्चातिवु द्वीप के संदर्भ में दिए बयान के बाद उनसे अपनी पार्टी के कार्यों को लेकर आत्मावलोकन करने की सलाह दी है। खरगे ने कहा कि कांग्रेस के प्रति दुराग्रह छोड़ उन्हें अपने गलत कार्यों पर विचार करना चाहिए, जिसका खामियाजा देश को भुगतना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री के सोशल मीडिया के बयान के जवाब में खरगे ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि चुनावों के चलते इस तरह के आरोप हताशा दिखाते हैं।

### कांग्रेस-द्रमुक ने कच्चातिवु द्वीप मामले में मिलीभगत की : अन्नामलाई



**चेन्नई।** तमिलनाडु भाजपा के अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने रविवार को कांग्रेस और द्रमुक पर साठगांठ कर कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंपने का आरोप लगाया। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा तमिलनाडु के मछुआरों की गिरफ्तारी पर 'इंडिया' गठबंधन के विरोध पर अन्नामलाई ने 'एक्स' पर कहा कि उन्हें कच्चातिवु मुद्दे पर उनके आरटीआई आवेदन के अनुसार दस्तावेज प्राप्त हुए थे और उन्होंने पाया कि कांग्रेस पार्टी ने कितनी बेरहमी से श्रीलंका के हाथों 'भारत' के हिस्से को छिन जाने दिया था। भाजपा नेता ने कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 10 मई, 1961 को इस मुद्दे को अप्रासंगिक बताते हुए खारिज कर दिया था और कहा था कि उन्हें द्वीप पर दावा छोड़ने में कोई हिचकिचाहट नहीं है। अन्नामलाई ने कहा कि उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार, नेहरू ने तब लिखा था, मुझे इस पर अपना दावा छोड़ने में कोई हिचकिचाहट नहीं होगी। मुझे यह पसंद नहीं है कि यह अनिश्चित काल तक लंबित रहे और इसे संसद में दोबारा उठाया जाए। भाजपा नेता ने कहा कि भारत के एक अत्यधिक सम्मानित कानूनविद और तत्कालीन अटॉर्नी जनरल सी.एस. सीतलवाड ने 1960 में कहा था कि भारत का इस द्वीप पर अधिक मजबूत दावा है और दावा किया था कि ईस्ट इंडिया कंपनी ने द्वीप के जमींदारी अधिकार रामनाद (रामनाथपुरम) के राजा को दिए थे। अन्नामलाई ने यह भी कहा कि विदेश मंत्रालय (कानून और संधि) के तत्कालीन संयुक्त सचिव कृष्ण राव ने भी कहा था कि भारत के पास एक अच्छा कानूनी मामला है और उस पर काफी मजबूती से बहस की जा सकती है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन विपक्ष ने श्रीलंका (तत्कालीन सीलोन) की संसद में वहां के प्रधानमंत्री डीएस सेनानायके और स्थानीय पदाधिकारियों के इन बयानों का विरोध नहीं करने के लिए भारत सरकार को फटकार लगाई थी, जिनमें उन्होंने कच्चातिवु को श्रीलंका का हिस्सा बताया था। भाजपा नेता ने कहा कि 1973 में कोलंबो में विदेश सचिव स्तर की वार्ता के बाद जून 1974 में भारतीय विदेश सचिव केवल सिंह ने तमिलनाडु के तत्कालीन मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि को भारत के दावों को छोड़ने के निर्णय से अवगत कराया गया था। अन्नामलाई ने कहा कि रिकॉर्ड के अनुसार, करुणानिधि ने भी सहमति दी थी। भाजपा नेता ने कहा कि समझौते में एक खंड था कि तमिलनाडु के भारतीय मछुआरे कच्चातिवु का उपयोग कर सकते हैं और वे वहां अपना जाल सुखा सकते हैं।

## बिहार बोर्ड दसवीं का रिजल्ट जारी

# पूर्णिया के शिवांकर कुमार बने टॉपर

**एजेंसी। पटना**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। बीएसईबी के अध्यक्ष आनंद किशोर ने रविवार को समिति के सभागार में 10वीं का रिजल्ट जारी किया है। मैट्रिक की परीक्षा में इस बार 16 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट https:sebmatric.org एवं http://results.biharboardonline.com पर रिजल्ट देख सकते हैं। बिहार बोर्ड की मैट्रिक की परीक्षा में 16.94 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिसमें 13 लाख 79 हजार 542 परीक्षार्थी पास हुए हैं। परीक्षा में कुल 82.91 फीसदी छात्र-छात्रा सफल हुए हैं। 04 लाख 52 हजार 302 छात्र-छात्राएं फर्स्ट डिवीजन से पास हुए हैं। मैट्रिक की परीक्षा में टॉप टेन में 51 स्टूडेंट शामिल है। द्वितीय श्रेणी में कुल 5,24,965 अभ्यर्थी सफल हुए है। इसमें छात्रों की संख्या 2,52,121 और छात्राओं की संख्या 2,27,844 है। तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले 3,80,732 अभ्यर्थी हैं। इसमें छात्रों की संख्या 1,66,093 और छात्राओं की संख्या 2,14,639 है।



**मैट्रिक** की परीक्षा में पूर्णिया के रहने वाले शिवांकर कुमार फर्स्ट टॉपर बने हैं। शिवांकर ने कुल 489 मार्क्स हासिल किए हैं। समस्तीपुर के रहने वाले आदर्श कुमार सेकंड टॉपर बने हैं। आदर्श कुमार को 488 अंक हासिल हुए हैं। जमुई स्थित सिमुलतला विद्यालय के स्टूडेंट आदित्य कुमार थर्ड टॉपर बने हैं। उन्हें 486 अंक हासिल हुए हैं। थर्ड टॉपर में कुल चार स्टूडेंट शामिल हैं।

### ईडी ने केजरीवाल के फोन को अनलॉक करने के लिए एप्पल को लिखा खत

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल ईडी की रिमांड में हैं। अरविंद केजरीवाल से प्रवर्तन निदेशालय की पूछताछ जारी है। इस सबके बीच सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अरविंद केजरीवाल के यहां से जब्त किए गए उनके फोन और डिजिटल डिवाइसेज का एक्सेस ईडी हासिल नहीं कर पाई है। सूत्रों की मानें तो ईडी केजरीवाल से बार-बार इन डिवाइसेज का पासवर्ड बताने को कह रही है। लेकिन, अरविंद केजरीवाल पासवर्ड बताने से इनकार कर रहे हैं। ऐसे में सूत्रों के हवाले से खबर आ रही है कि ईडी ने केजरीवाल के आवास से बरामद 4 आईफोन को अनलॉक करने के लिए एप्पल से खत के जरिए संपर्क किया है। वहीं, एप्पल की तरफ से ईडी को जवाब दिया गया है कि वह इन फोन का पासवर्ड का पता लगे बिना नहीं खोल सकते हैं और ऐसे में इन फोन का डाटा मिलना बेहद मुश्किल होगा।

## नर्मदा मंदिर में पूजा के बाद सरसंघचालक ने साधु-संतों से किया विचार विमर्श

# संस्कारित, चरित्रवान, अनुशासित समाज निर्माण के लिए आश्रमों से बाहर निकलें संतगण : भागवत

**एजेंसी। अनूपपुर**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि मजबूत भारत के लिए अनुशासित, चरित्रवान, संस्कारित समाज निर्माण की जरूरत है। इसके लिए साधु-संतों को आश्रमों से बाहर निकल कर आगे आना होगा। छत्रपति शिवाजी की तरह सख्त अनुशासन, संस्कारित जीवन और चरित्रबल के बूते विकसित, मजबूत भारत का निर्माण होगा। डॉ. भागवत मां नर्मदा की उद्गम नगरी अमरकंटक में साधु-संतों, समाजसेवियों को संबोधित कर रहे थे। यहां रविवार को मृत्युंजय आश्रम के एकरसानंद आश्रम में संत स्वामी हरिहरानंद सरस्वती के साथ मंचासीन डॉ. भागवत ने सनातन संस्कृति, हिन्दू धर्म, मजबूत भारत के निर्माण, पर्यावरण संरक्षण पर खुल कर अपने विचार रखे। पवित्र नगरी अमरकंटक के साधु-संतों का अभिनंदन करते हुए डॉ. भागवत ने कहा कि शिवाजी महाराज से प्रेरणा लेने की जरूरत है। जिनके संस्कार और चरित्र की दुश्मन भी तारीफ करते थे। इनके जैसा चरित्रवान बनने की आवश्यकता है। संतों के प्रवचन से चरित्र एवं संस्कार के माध्यम से समाज सुधार करवाने में बहुत मदद मिलेगी। हिंदू समाज के व्यक्तियों को स्वयं को संस्कारित करने की आवश्यकता है। व्यक्ति स्वयं सुधर जाए तो समाज अपने आप विकसित हो जाएगा। देश में हिंदू जागरण का अच्छा माहौल है, लेकिन युवा पीढ़ी को शिवाजी के चरित्र निर्माण की शिक्षा लेने की जरूरत है। दूसरों को उपदेश देने से पहले अपने आचरण में सुधार की आवश्यकता है।




उन्होंने कहा कि संतों के माध्यम और उपदेश से हिन्दू संस्कृति चलती है। आश्रमों से निकलकर समाज को विकास के लिए आगे आना पड़ेगा। पर्यावरण को लेकर उन्होंने कहा कि हमें स्वयं भी पौधरोपण करना चाहिए। इससे अमरकंटक को हराभरा रखने में मदद मिलेगी।

### मध्यप्रदेश में वंदे भारत एक्सप्रेस में लगी आग, ट्रेन से नीचे उतरे यात्री

**नरसिंहपुर/जबलपुर।** मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर रेलवे स्टेशन पर जैसे ही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन रुकी, एकदम तेज चिंगारी आग में तब्दील हो गई। रेल के एक कोच में यह घटना घटी, जिसे तत्काल समय रहते काबू कर लिया गया। घटना इटारसी से जबलपुर जाते समय हुई है। फिलहाल तक घटना में जनहानि की जानकारी नहीं है। इस संबंध में अभी प्रारंभिक जानकारी मिली है। सूत्रों ने बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस के सी-5 कोच में विद्युतीय गतिरोध से (इलेक्ट्रिक शॉर्ट) के चलते यह आग भड़की थी, जिसे समय रहते तत्काल काबू में कर लिया गया। आग निकलते ही सभी यात्री ट्रेन से नीचे उतर गए थे। सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारी एवं कर्मचारी सी-5 कोच पर पहुंच गए थे और आग पर काबू पाया। अभी रेलवे की ओर से अधिकारिक बयान आना शेष है।

# खत्म हुआ भारत-अमेरिका की तीनों सेनाओं का 'टाइगर ट्राइंफ' अभ्यास

### समुद्री चरण में तीनों सेनाओं के विशेष कार्रवाई बल ने अभ्यास में लिया हिस्सा

### होली का त्योहार दोनों नौसेनाओं के कर्मियों ने 25 मार्च को एक साथ मनाया



**एजेसी। नई दिल्ली**

भारत और अमेरिका की तीनों सेनाओं के बीच द्विपक्षीय अभ्यास 'टाइगर ट्राइंफ' विशाखापट्टनम में खत्म हो गया है। अभ्यास का समापन समारोह अमेरिकी जहाज यूएसएस समरसेट पर आयोजित किया गया। दोनों देशों के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी के प्रतीक इस अभ्यास का उद्देश्य बहुराष्ट्रीय मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) संचालन शुरू करने में सर्वोत्तम प्रथाओं और मानक संचालन प्रक्रियाओं को साझा करना था। द्विपक्षीय अभ्यास 'टाइगर ट्राइंफ' का बंदरगाह चरण 18-25 मार्च को विशाखापट्टनम में हुआ, जिसमें प्री-सेल चर्चा, विषय वस्तु विशेषज्ञ विनिमय, खेल कार्यक्रम, जहाज बोर्डिंग अभ्यास और क्रॉस डेक दौरे शामिल थे। सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के हिस्से के रूप में भारत की जीवंत संस्कृति को प्रदर्शित करने वाला होली का त्योहार दोनों नौसेनाओं के कर्मियों ने 25 मार्च को एक साथ मनाया। इसके बाद 26-30 मार्च तक समुद्री चरण में काकीनाडा और विशाखापट्टनम के पास भारतीय नौसेना और अमेरिकी नौसेना के जहाजों के बीच यूएच-3एच, सीएच-53 और एमएच-60आर हेलीकॉप्टरों से जुड़े क्रॉस डेक हेलीकॉप्टर ऑपरेशन भी किए गए।

इस दौरान संयुक्त कमान और नियंत्रण केंद्र, एचएडीआर संचालन के लिए संयुक्त राहत और चिकित्सा शिविर की स्थापना के लिए काकीनाडा में सैनिकों की लैंडिंग हुई। भारतीय नौसेना की ओर से एक लैंडिंग प्लेटफॉर्म डॉक, लैंडिंग शिप टैंक (बड़े), उनके अभिन्न लैंडिंग क्राफ्ट और हेलीकॉप्टर, गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट और लंबी दूरी के समुद्री टोही विमान शामिल थे। भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व मशीनीकृत बलों सहित एक इन्फैंट्री बटालियन समूह ने किया। भारतीय वायुसेना ने एक मध्यम लिफ्ट विमान, परिवहन हेलीकॉप्टर और रैपिड एक्शन मेडिकल टीम को इस अभ्यास के लिए तैनात किया था। यूएस टास्क फोर्स में एक यूएस नेवी लैंडिंग प्लेटफॉर्म डॉक शामिल हुआ, जिसमें इसके अभिन्न लैंडिंग क्राफ्ट एयर कुशन और हेलीकॉप्टर, एक विध्वंसक, समुद्री टोही और मध्यम लिफ्ट विमान और यूएस मरीन भी थे। तीनों सेनाओं के विशेष ऑपरेशन बलों ने भी अभ्यास में भाग लिया। बंदरगाह और समुद्री चरण के दौरान विशाखापट्टनम और काकीनाडा में अमेरिकी समकक्षों के साथ संयुक्त अभियान चलाया। इस दौरान दोनों देशों की सेनाओं के बीच त्वरित और सुचारू समन्वय सक्षम बनाने के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) के बारे में भी चर्चा हुई।

### सीरिया में बम धमाका हमले में आठ लोगों की मौत, 23 घायल

**बेरूत।** सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि अलेप्पो प्रांत के अजाज में एक लोकप्रिय बाजार के बीच में एक कार में बम विस्फोट हो गया। विस्फोट में आठ लोग के मारे गए हैं और 23 अन्य घायल हैं। मरने वालों की संख्या अभी और भी बढ़ सकती है। रविवार सुबह तुर्की समर्थक बलों के कब्जे वाले उत्तरी सीरियाई शहर के एक बाजार में एक बम विस्फोट हो गया। इस विस्फोट में आठ लोगों की मौत हो गई और 23 से अधिक अन्य घायल हो गए हैं। मौके पर मौजूद एक युद्ध निगरानीकर्ता ने इसकी जानकारी दी। ब्रिटेन स्थित ऑब्जर्वेटरी, जिसके पास सीरिया के अंदर स्रोतों का एक नेटवर्क है उसने जानकारी दी कि विस्फोट स्थल पर कई एम्बुलेंस व बचाव कर्मी मौजूद थे। तुर्की सेना और उनके सीरियाई प्रतिनिधियों ने सीमा के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया है, जिसमें अजाज जैसे कई प्रमुख शहर व कस्बे शामिल हैं। साल 2011 में सरकार द्वारा शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों को दबाने के बाद सीरिया का युद्ध शुरू हुआ और यह एक घातक संघर्ष में बदल गया जिसमें जिहादियों और विदेशी सेनाओं को शामिल किया गया।

## फिल्म जगत

### चुनौतियों में फंसी कंगना की डगर नहीं है आसान, अपने ही दे रहे हैं चुनौती

**एजेंसी। शिमला**

भाजपा ने अभिनेत्री कंगना रनौत को मंडी लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है। कंगना अपनी जीत के लिए भारी मशक्कत कर रहीं हैं। लेकिन उनके विरोधी दल उनकी राह रोकने के लिए चुनौतियां खड़ी कर रहे हैं। मंडी लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के असंतुष्टों और पूर्व शाही परिवार के प्रभाव के कारण कंगना रनौत की राह मुश्किलों से भरी हो सकती है। हिमाचल बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष, तीन बार सांसद रह चुके कुल्लू के पूर्व शाही परिवार के वंशज महेश्वर सिंह ने पार्टी आलाकमान से रनौत को टिकट देने संबंधी फैसले की समीक्षा करने को कहा है। वहीं, भाजपा के जिन असंतुष्टों ने 2022 के विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था, उन्होंने रणनीति तैयार करने के लिए एक बैठक की है।

कंगना रनौत ने शुक्रवार को एक रोड शो और रैली के साथ अपना चुनाव प्रचार अभियान शुरू किया तो बीजेपी नेता महेश्वर सिंह ने पार्टी आलाकमान से रनौत को टिकट देने संबंधी फैसले की समीक्षा करने का आग्रह करते हुए कहा कि पार्टी में रनौत का 'कोई योगदान नहीं है' और दावा किया कि उन्हें (सिंह को) टिकट देने का वादा किया गया था। उन्होंने कहा, भाजपा आलाकमान से अपने फैसले की समीक्षा करने पर बातचीत चल रही है। मुझे पहले टिकट देने का वादा किया गया था। कंगना की उम्मीदवारी की घोषणा के बाद महेश्वर सिंह के बेटे हितेश्वर सिंह, भाजपा के पूर्व महासचिव राम सिंह और अन्नी के पूर्व विधायक किशोरी लाल - तीनों जिन्होंने भाजपा से टिकट नहीं मिलने के बाद 2022 का विधानसभा चुनाव निर्दलीय के रूप में लड़ा था - ने अन्य असंतुष्ट भाजपा नेताओं के साथ बैठक की।

